RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 168
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



उपयुक्त साझेदारी बना रहे हैं भारत-गुयाना
विदेश-10

# भाजपा को स्वीकार करेगी केरल की जनताः मोदी

● राज्य में सत्ताधारी माकपा और विपक्षी कांग्रेस पर साधा निशाना, युवा शक्ति को सराहा कहा- ये भारत के विकास को आगे ले जाएगी

● मध्य प्रदेश में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम पिछली कांग्रेस सरकारों पर गांवों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया

**पीएनएस/एजेंसी।** कोच्चि

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां सत्ताधारी माकपा और विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों के बीच संघर्ष से केरल को नुकसान हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में राज्य के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति भारत की विकास यात्रा को आगे ले जाने वाली ताकत है क्योंकि युवाओं ने देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों और गोवा- जहां ईसाई समुदाय की खासी आबादी है- ने भारतीय जनता पार्टी, उसके काम और उसकी सरकार को जिस तरह स्वीकार कर लिया है, केरल भी आने वाले दिनों में भाजपा को स्वीकार करेगा।

इससे पहले मध्य प्रदेश के रीवा में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की पिछली सरकारों पर आजादी के बाद गांवों के साथ सौतेला व्यवहार करने और उनका भरोसा तोड़ने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन, शिलान्यास करने के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने स्थिति को बदल दिया है और पंचायतों को भरपूर अनुदान दिया है। उन्होंने केरल में कहा, पूर्वोत्तर के राज्य हों या गोवा, जिन्होंने भी भाजपा का काम देखा है, उसकी सरकार का आचरण देखा है, चाहे वे किसी भी संप्रदाय, पंथ या संप्रदाय के हों, उन सभी ने भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार किया है। इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि जो काम पूर्वोत्तर के राज्यों ने किया है, जो गोवा करता आ रहा है, वह आने वाले दिनों में केरल भी करेगा।

पिछले महीने ईसाई बहुल नगालैंड और मेघालय सहित तीन पूर्वोत्तर राज्यों के चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन से उत्साहित होकर प्रधानमंत्री ने कुछ महीने पहले इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि पार्टी के नेतृत्व वाला गठबंधन आने वाले वर्षों में केरल में भी सरकार बनाएगा। उन्होंने त्रिपुरा में दोस्ती और केरल में प्रतिद्वंद्विता के साथ वामपंथियों और कांग्रेस की छल की राजनीति के लिए उनकी आलोचना करते हुए कहा, जैसे-जैसे धीरे-धीरे हमारे प्रतिद्वंद्वियों के झूठ का पर्दाफाश होगा, भाजपा का विस्तार होगा... मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में, जैसा कि मेघालय और नगालैंड में हुआ है और गोवा में होता रहा है, भाजपा का गठबंधन केरल में भी सरकार बनाएगा। यहां आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन युवम 2023 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिनराई विजयन सरकार के कुछ शीर्ष अधिकारियों से कथित रूप से जुड़े सोने की तस्करी के घोटाले का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य के युवा जानते हैं कि सत्ता में रहने वाले लोग उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ( शेष पेज 9 )



कोच्चि में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने के बाद उनका जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित हजारों की संख्या में लोग आईएनएस गरुड़ नौसैनिक हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक उनके रोड शो के लगभग दो किलोमीटर लंबे मार्ग के दोनों ओर कतारों में खड़े थे। केरल की पारंपरिक पोशाक कसावु मुंडु पहने मोदी ने शुरू में कुछ दूर पैदल चले और सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

## भाजपा पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर कर रहीः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने सोमवार को भाजपा पर उसके शासन वाले राज्यों में समय पर चुनाव नहीं कराकर पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर करने और स्थानीय स्वशासन निकायों के लिए आवंटित कोष में कमी करने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने दावा किया कि पंचायती राज संस्थाओं को उसके शासनकाल में सशक्त बनाया गया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस की यह प्रतिक्रिया तब आई जब प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर आजादी के बाद देश के गांवों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने 1989 में उस महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ मतदान किया था। ( शेष पेज 9 )

# सूडान से भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सूडान** में बिगड़ते हालात के बीच भारत ने अपने नागरिकों के निकालने के लिए 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू कर दिया है और 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं। फ्रांस ने इस अफ्रीकी देश से निकासी अभियान के तहत पांच भारतीयों समेत 27 अन्य देशों के नागरिकों को निकाला। सऊदी अरब ने भी रविवार को अन्य देशों के नागरिको के साथ तीन भारतीयों को निकाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को आपरेशन कावेरी शुरू किया। उन्होंने ने कहा कि भारतीय जहाज और विमान भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए तैयार हैं। जयशंकर ने अपने ट्वीट में कहा, सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए आपरेशन कावेरी शुरू हो गया है। करीब 500 भारतीय सूडान के बंदरगाह पहुंच गए हैं। कई और रास्ते में हैं। विदेश मंत्री ने कहा, हमारे जहाज और विमान उन्हें (नागरिकों) घर वापस लाने के लिए तैयार हैं। सूडान में हमारे बंधुओं को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने को प्रतिबद्ध।




सूडान में अपने देश लौटने के लिए एकत्र भारतीय समुदाय के लोग

इस बीच, नई दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को कहा कि भारत सहित 28 देशों के 388 लोगों को बाहर निकाला गया है। दूतावास ने ट्वीट किया, फ्रांस का निकासी अभियान जारी है। कल रात दो सैन्य विमानों से भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के 388 लोगों को बाहर निकाला गया है। रविवार को सऊदी अरब ने कहा कि उसने घनिष्ठ संबंध रखने वाले देशों और मित्र राष्ट्रों के 66 नागरिकों को सूडान से सुरक्षित रूप से निकाला है, जिनमें कुछ भारतीय भी शामिल हैं। ज्ञात हो कि सूडान में, वहां की सेना और एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच पिछले 10 दिनों से जारी भीषण लड़ाई में 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, भारत ने हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों को इस अफ्रीकी देश से सुरक्षित रूप से निकालने की अपनी आकस्मिक योजना के तहत जेद्दा में दो सी-130जे सैन्य परिवहन विमान उड़ान भरने के लिए तैयार रखे हैं। साथ ही, भारतीय नौसेना के एक जहाज को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बंदरगाह पर रखा गया है। शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान से 3000 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालने की आकस्मिक योजनाओं की तैयारी के लिए निर्देश दिए थे। बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ सूडान में स्थिति पर चर्चा की थी।

# लंबित मामलों में साक्षात्कार नहीं दे सकते जजः सुप्रीम कोर्ट

**स्कूल भर्ती घोटाला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के महापंजीयक से चार दिन के भीतर इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा कि क्या न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती घोटाले से संबंधित लंबित मामले में एक समाचार चैनल को साक्षात्कार दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने इस मामले को लेकर एक समाचार चैनल को दिए गए न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के कथित साक्षात्कार का कड़ा संज्ञान लिया और कहा, लंबित मामलों के बारे में साक्षात्कार देने का किसी न्यायाधीश को अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता (अभिषेक बनर्जी) ने न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय द्वारा टीवी चैनल एबीपी आनंदा को दिए गए साक्षात्कार की अनूदित प्रतिलिपि (ट्रांसक्रिप्ट) जमा की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के महापंजीयक को निर्देश दिया जाता है कि वह स्पष्ट करें कि क्या न्यायाधीश का उक्त चैनल ने साक्षात्कार लिया है। महापंजीयक को निर्देश दिया जाता है कि वह बृहस्पतिवार को या उससे पहले इस अदालत में हलफनामा दाखिल करें। हम मामले को सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसका यह आदेश कथित घोटाले की सीबीआई और ईडी द्वारा की जा रही जांच के आड़े नहीं आएगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने अदालत से कहा कि इससे मामले की जांच बाधित हो सकती है, जिसपर पीठ ने कहा कि न्यायाधीश को एकल पीठ के समक्ष लंबित मामले पर साक्षात्कार नहीं देना चाहिए। बनर्जी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय द्वारा दिए गए साक्षात्कार की अनूदित प्रतिलिपि का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव के खिलाफ बोला है। ( शेष पेज 9 )

## पटना उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी को दी राहत

**भाषा।** पटना

**पटना** उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ यहां की एक अदालत में चल रही मुकदमे की सुनवाई पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने गांधी की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाही पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया है कि चूंकि उन्हें पहले ही गुजरात की एक अदालत द्वारा इसी तरह के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है, इसलिए उनपर उसी अपराध के लिए फिर से मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के वकील एस डी संजय ने बताया, उच्च न्यायालय ने 15 मई तक मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगा दी है। उसी तारीख पर हम याचिका पर अपना जवाब दाखिल करेंगे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी के भाषण देने के कुछ दिनों बाद सुशील मोदी ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। ( शेष पेज 9 )

# पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट जाने की दी धमकी

● खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के चुनावों पर लगाई रोक, आईओए से तदर्थ समिति के गठन के लिए कहा ● दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर आरोपों की जांच कर रही समिति से रिपोर्ट मांगी




नई दिल्ली में सोमवार को जंतर-मंतर स्थित धरनास्थल पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी** पहलवानों ने सोमवार को धमकी दी कि अगर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो वे उच्चतम न्यायालय की शरण में जाएंगे जबकि खेल मंत्रालय ने महासंघ के सात मई को होने वाले चुनावों पर रोक लगा दी और भारतीय ओलंपिक संघ को चुनाव कराने के लिए तदर्थ समिति के गठन के लिए कहा। तदर्थ समिति अपने गठन के 45 दिन के भीतर चुनाव कराएगी और डब्ल्यूएफआई का कामकाज भी देखेगी जब तक कि इस खेल संस्था को नई कार्यकारी समिति नहीं मिल जाती।

दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए खेल मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति से रिपोर्ट मांगी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभी तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ सात शिकायतें मिली हैं और उन सभी की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुख्ता सबूत मिलने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। धरने पर बैठे शीर्ष पहलवानों ने कहा कि उनका डब्ल्यूएफआई चुनाव से कोई लेना देना नहीं है और वे सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की उचित जांच की मांग के लिए दबाव बनाना जारी रखेंगे। मंत्रालय का यह फैसला तब आया है जबकि तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट सहित देश के शीर्ष पहलवान रविवार को विरोध प्रदर्शन के लिए फिर से जंतर मंतर पहुंचे और सरकार से आरोपों की जांच करने वाली निगरानी समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की। ( शेष पेज 9 )

# एकजुट विपक्ष के लिए ममता और अखिलेश से मिले नीतीश

● एक सीट-एक प्रत्याशी फार्मूले पर हुई बात, तूफानी दौरे के तहत बिहार के सीएम सुबह कोलकाता तो शाम को लखनऊ पहुंचे

**दीपक कुमार झा।** कोलकाता/लखनऊ/नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनावों में अब एक साल का समय शेष रह गया है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विपक्षी दलों को एकजुट करने की अपनी मुहिम तेज कर दी। इसके तहत उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपनी समकक्ष ममता बनर्जी से कोलकाता में मुलाकात की और इसके बाद वे शाम लखनऊ पहुंचे तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से भेंट की। सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी द्वारा शुरू की गई एक सीट- एक



प्रत्याशी, फार्मूले पर नेताओं ने चर्चा की। इस फार्मूले को नीतीश फार्मूला भी कहते हैं। ममता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा 'यदि विचार, रुख और मिशन स्पष्ट रहेगा तो इसमें कोई समस्या नहीं होगी।'एक के खिलाफ एक फार्मूला नीतीश ने शुरू किया था जिससे कि जाति, समुदाय आदि पर आधारित विपक्ष के वोट में सेंध लगने से बचाया जा सके। 1997 और 1998 में इसने काम किया था और मोदी के विजयरथ को रोकने के लिए इसे फिर आजमाया जा सकता है। एक पखवाड़े में जदयू नेता का यह दूसरा प्रयास है, जब उन्होंने अपने दिल्ली दौरे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ पार्टी नेता राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वाम दलों के नेता डी राजा तथा सीताराम येचुरी से मुलाकात की थी। ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### नहीं रहे तारेक फतेह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी-कनाडाई स्तंभकार तारेक फतेह का सोमवार को 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनकी बेटी पत्रकार नताशा फतेह ने ट्वीटर पर उनके निधन की खबर साझा की। नताशा ने ट्वीट किया ' पंजाब के शेर, हिंदुस्तान के बेटे, कनाडा के प्रेमी, सच बोलने वाले, न्याय के लिए लड़ने वाले, वंचितों और शोषितों की आवाज तारेक फतेह ने क्रांति की यह मशाल उन लोगों को सौंप दी है जो उनको जानते और प्यार करते थे। फतेह एलजीबीटी के अधिकारों की वकालत करते थे तथा शरिया के विरोधी थे। उन्होंने इस्लाम के उदारवादी और प्रगतिवादी स्वरूप की पैरवी की। वे खुद को हमेशा पाकिस्तान में जन्मे भारतीय कहते थे। 1949 में पाकिस्तान में जन्म लेने वाले फतेह 1980 के दशक में कनाडा चले गए थे। वहां पर उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ता तथा टीवी एंकर के तौर पर काम किया तथा कई किताबें भी लिखीं।



# अतीक, अशरफ हत्या मामले पर सुनवाई 28 अप्रैल को

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया। वकील विशाल तिवारी के जरिए दायर याचिका में 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में हुई 183 मुठभेड़ों की जांच कराने का भी अनुरोध किया गया है।तिवारी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष मामले को सोमवार को तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया। उन्होंने पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन इसे सूचीबद्ध नहीं किया गया। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, चूंकि पांच न्यायाधीश उपलब्ध नहीं हैं तो जिन कुछ मामलों में तारीखें दी गई थीं, उन्हें सूचीबद्ध नहीं किया गया है। हम शुक्रवार (28 अप्रैल) को इसे सूचीबद्ध करने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के कुछ न्यायाधीश कोरोना वायरस से संक्रमित हैं जबकि कुछ अन्य वजहों से उपलब्ध नहीं हैं। उप्र पुलिस ने हाल में कहा था कि उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार के छह साल में मुठभेड़ों में 183 कथित अपराधियों को मार गिराया जिनमें अतीक अहमद का बेटा असद और उसका साथी भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में अतीक और अशरफ की हत्या की जांच करने के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है, उप्र के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के बयान के मुताबिक 2017 के बाद से 183 मुठभेड़ हुई हैं। ( शेष पेज 9 )

# रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौतीः योगी

● योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर से किया निकाय चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/सहारनपुर/शामली/ अमरोहा

**मां शाकंभरी** और बाला सुंदरी की भूमि सहारनपुर से सोमवार को नगर निकाय चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में अपनी सरकार की सिलसिलेवार उपलब्धियां गिनाईं और रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौती और आज यूपी में न कर्फ्यू न दंगा, आज यूपी में सब ओर चंगा जैसे नारे दिए। उन्होंने कहा, अब उपद्रव नहीं, उत्सव हमारी पहचान है, माफिया नहीं, महोत्सव हमारी पहचान है। नगर निकाय चुनाव प्रचार अभियान के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियाओं पर करारा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने ताबड़तोड़ तीन जनपदों क्रमशः सहारनपुर, शामली व अमरोहा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए डबल इंजन सरकार के सुशासन को जनता के सामने रखा। इस दौरान उन्होंने नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा बताते हुए प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था पर ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि आज यूपी में माफिया पर दो आंसू बहाने वाले भी नहीं बचे हैं। यूपी में माफिया का ढोलक बजाकर रसातल में पहुंचाने का काम किया गया है। योगी ने जनसभा के दौरान जनता से अपील की कि प्रदेश में विकास को बुलेट ट्रेन की गति देने के लिए डबल इंजन की ताकत के साथ नगर निकायों के ट्रिपल इंजन को भी जोड़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैंने मां शाकंभरी और माता बालासुंदरी के आशीर्वाद से सहारनपुर से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की है। हमने बिना भेदभाव, बिना जाति, मत-मजहब देखे, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। सहारनपुर से महापौर पद के लिए सुयोग्य चिकित्सक को हम आपके बीच लेकर आए हैं, जो यहां की सभी बीमारियों का उपचार करेंगे। माफिया के उपचार के लिए हमारी पुलिस ही काफी है। मुख्यमंत्री ने यूपी के नगरों में बीजेपी सरकार की ओर से किए गये कार्यों को एक एक कर गिनाया।




शामली में एक जनसभा में बोलते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री सोमवार को सहारनपुर के जनता रोड स्थित महाराज सिंह डिग्री कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सहारनपुर से पहली जनसभा के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बीजेपी ने नगर निकाय चुनावों में जीत के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी का ये सीमांत जनपद अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है। अपनी अद्भुत काष्ठकला के लिए जगविख्यात यहां की शिल्पकला हो, मेहनती किसान हों, दूरदर्शी और सुशिक्षित युवा हों या फिर उद्योग व्यापार के क्षेत्र में प्रगति में निरंतर योगदान करने वाले हमारे व्यापारी बंधु। सहारनपुर यूपी का महत्वपूर्ण जनपद है। पिछले छह साल में एक दर्जन से अधिक बार यहां आया हूं। यहां इसलिए भी बार-बार आता हूं कि मैंने इसकी उपेक्षा को बहुत ही करीब से देखा है। यहां बिजली नहीं मिलती थी, दंगे और कर्फ्यू होते थे। बुनियादी सुविधाओं से भी सहारनपुर को वंचित रखा गया था। लखनऊ तो दूर, दिल्ली तक जाने में भी यहां से 7 से 8 घंटे लग जाते थे। आज दिल्ली की दूरी 3 घंटे में पूरी हो रही है। इस साल के अंत तक दिल्ली, सहारनपुर, देहरादून एक्सप्रेसवे का काम पूरा कर दिया जाएगा। पहले युवाओं को डिग्री के लिए मेरठ जाना होता था। अब मां शाकंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले सरकारों को दंगा कराने से ही फुर्सत नहीं थी। ( शेष पेज 9 )

# भाजपा से टिकट कटने पर चले थप्पड़-घूंसे

## निकाय चुनाव के दावेदारों ने विधायक अजीतपाल त्यागी के कैंप कार्यालय पर किया हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव में भाजपा से टिकट के दावेदारों का टिकट फाइनल न होने पर विधायक अजीतपाल त्यागी के कैंप कार्यालय पर जमकर चांटे-घूंसे चले। टिकट न मिलने से नाराज दावेदारों ने जनरल वीके सिंह के समर्थकों का विधायकों के कहने पर टिकट काटने का आरोप लगाया।

नगर निकाय चुनाव में सोमवार को आखिरी दिन नामांकन हुआ। प्रत्याशियों की भारी भीड़ यहां रही। भाजपा से मोदीनगर, मुरादनगर नगरपालिका व निवाड़ी, फरीदनगर व पतला नगर पंचायत से प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया। उनके साथ राज्यसभा सदस्य कांता कर्दम, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल व विधायक डा. मंजू शिवाच मौजूद रहे। डीसीपी ग्रामीण रवि कुमार नामांकन केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। यदि किसी प्रत्याशी को अब चुनाव संबंधी कोई आयोजन करना है तो उसकी अनुमति के लिए 48 घंटे पहले निर्वाचन अधिकारी को पत्र देना अनिवार्य होगा। उस पर विमर्श के बाद ही आयोजन की अनुमति मिल सकेगी। निर्वाचन अधिकारी मोदीनगर ने सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिए हैं। देखने में आता है कि आयोजन से कुछ घंटे पहले ही प्रत्याशी अनुमति के लिए पत्र लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में अधिकारी अन्य कार्यों में व्यस्तता के चलते उस पर ध्यान नहीं दे पाते। इस परिस्थिति में प्रत्याशी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है। इसलिए इस बार 48 घंटे पहले ही अनुमति लेनी होगी।



गाजियाबाद में सोमवार को नगर निकाय चुनाव में टिकट कटने के बाद भाजपा विधायक अजीतपाल कार्यालय पर धक्का मुक्की करते कार्यकर्ता।

- विधायकों के कहने पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के समर्थकों की अनदेखी का आरोप

### कांग्रेस सभी वार्डों पर नहीं उतार पाई प्रत्याशी

नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने पिछले प्रदर्शन को बदलकर जीत के दावे कर रही है, लेकिन नगर निगम के सभी 100 वार्ड पर यह राष्ट्रीय पार्टी अपने प्रत्याशी भी नहीं उतार पाई है। दोपहर दो बजे तक सिर्फ 85 प्रत्याशी ही कांग्रेस को मिल पाए थे। यही हाल सपा-रालोद के गठबंधन का है। लोनी नगर पालिका से दोनों के प्रत्याशी उतरने से गठबंधन में दरार सामने आ गई।

### रबूपुरा नगर पंचायत होगी निर्विरोध निर्वाचित

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह की राजनीतिक पकड़ एक बार फिर नगर निकाय चुनावों में भी देखने को नजर आयी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसा शायद पहली बार नजर आने वाला है। जिसमें पूरी नगर पंचायत का चुनाव निर्विरोध होने जा रहा है। गौरतलब है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासदों के लिए केवल 12 नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिसके चलते सभी 12 प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। खास बात है कि यह सभी 12 प्रत्याशी भाजपा के ही कार्यकर्ता हैं। 12 प्रत्याशियों के निर्विरोध होने का मुख्य कारण जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह माने जा रहे हैं।

# उत्तराखंड स्कूल सील, छात्रों का भविष्य अधर में

- स्कूल प्रबंधन द्वारा 15.49 करोड़ बकाया नहीं चुकाने पर नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने करीब 15.49 करोड़ रुपये बकाया न चुकाने के मामले पर सेक्टर 56 स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त उत्तराखंड पब्लिक स्कूल को सील कर दिया है।

नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तराखंड पब्लिक स्कूल को 1991 में 3549 वर्गमीटर जमीन कुल जमीन की कीमत से 20 फीसदी पर आवंटित की थी। उसके बाद से स्कूल प्रबंधन ने कभी भी प्राधिकरण को राशि नहीं दी। प्राधिकरण ने 3 सितंबर 2020 में भूमि आवंटन रद्द कर दिया था। लेकिन, कोरोना वायरस महामारी के चलते प्राधिकरण ने किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की थी। प्राधिकरण के ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सेक्टर 56 के ई-1ए के भूखंड पर स्कूल का निर्माण किया गया है।

**स्कूल सील नहीं करने की करेंगे मांग:** गौतमबुद्ध नगर पेरेंट्स वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक मनोज कटारिया ने सभी अभिभावक नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर सील नहीं करने के बदले अन्य विकल्प की तलाश की मांग भी की जाएगी।

**1500 से ज्यादा पढ़ते हैं छात्र :** सीबीएसई मान्यता प्राप्त इस स्कूल में 12वीं कक्षा तक के करीब 1500 से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल व प्राधिकरण ने उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

**अभिभावकों का हंगामा :** स्कूल सीज होने पर अभिभावकों की भीड़ स्कूल गेट पर जमा हो गयी। अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को घेर लिया और इस स्टॉफ के साथ काफी धक्का-मुक्की भी की गयी।

## कंपनी परिसर में ट्रक की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

**नोएडा।** नोएडा के फेस-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर-85 में स्थित एक कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी की कंपनी परिसर के अंदर ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। फेस-2 के थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर 85 स्थित एकेजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में काम करने वाले अजय सिंह की पत्नी कविता देवी ने रविवार रात को थाने में इस घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# रचित हत्याकांड : व्यापारियों में रोष

- उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा के सेक्टर 62 स्थित रजत विहार सोसायटी के बाहर हुए रचित हत्याकांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। रचित हत्याकांड को लेकर गौतमबुद्ध नगर के सभी व्यापारियों में अब भारी रोष नजर आ रहा है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के नेतृत्व में गौतमबुद्ध नगर के सभी व्यापारियों ने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन खोड़ा स्थित लेबर चौक के पास उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के नेतृत्व में किया गया। यह धरना उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल ने कहा कि अगर व्यापारियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो गौतमबुद्ध नगर से व्यापारी पलायन को मजबूर हो जाएगा। वहीं पदाधिकारियों ने रचित के परिजनों से मुलाकात की। जबकि समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने भी परिजनों से मुलाकात कर न्याय की लड़ाई मे साथ देने की बात कही।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में युवक ने की बड़े भाई की हत्या

- हत्या का एक घंटे में खुलासा करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त ने इनाम देने की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में पत्नी से अवैध संबंधों के चलते एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई की कथित रूप से हत्या कर दी।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि सेक्टर 14-ए के पास सोमवार सुबह सेक्टर -27 में रहने वाले धर्मा धामी (45) का शव मिला और उसे पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को शक हुआ और जब उसने उसके छोटे भाई किशन धामी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके बड़े भाई का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध था। चंदर के अनुसार किशन ने अपने बड़े भाई की हत्या कर शव को सेक्टर 14 के पास फेंक दिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि एक घंटे के अंदर हत्या का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त ने इनाम देने की घोषणा की है।

# हथियारों के बल पर इलेक्ट्रानिक शोरूम से 30 लाख रुपये की लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सिहानी गेट थाना क्षेत्र स्थित घूकना मोड़ के पास इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लेकर करीब 30 लाख की नकदी लूट लिए।

घटना के समय शोरूम के दो कर्मचारी गेट बंद करके नकदी की गिनती कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने लोहे के गेट की कुंडी अंदर से हाथ डालकर खोली और कर्मचारियों से नकदी लूटकर फरार हो गए। शोरूम संचालक ने दो अज्ञात बदमाशों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पुलिस के मुताबिक घूकना मोड़ के पास सलूजा ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के राजा सलूजा का इलेक्ट्रॉनिक सामान का शोरूम है। रोजाना की तरह रात करीब 10:00 बजे शोरूम बंद कर दो कर्मचारी शोरूम के पिछले हिस्से में नकदी की गिनती कर रहे थे। शोरूम के प्रवेश द्वार पर लोहे का गेट लगा हुआ था। बाइक पर आए दो बदमाशों ने इस लोहे के गेट के निचले हिस्से की कुंडी खोल कर अंदर घुस आए।

### एनईए चुनाव : राजकुमार पैनल ने किया नामांकन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी यूनियन नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) चुनाव के लिए चौ. राजकुमार पैनल ने नामांकन किया।

जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चौ. राजकुमार, महासचिव पद के लिए थान सिंह, उपाध्यक्ष के लिए धर्मेंद्र शर्मा, वीरपाल, सचिव पदों के लिए नीरज राणा, अमित कुमार और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद्र ने नामांकन किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी अविनाश त्रिपाठी और सहायक चुनाव अधिकारी विजय रावल मौजूद रहे।

# बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही महिला से छीनी सोने की चेन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा अल्फा-जी में बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही महिला से बाइक सवार लुटेरों ने चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया गया। इसके साथ ही महिला के बच्चे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बच्चा अपने साथ हुई वारदात को बयां कर रहा है।

पीड़ित के मुताबिक पूजा अल्फा-जी ग्रेटर नोएडा में अपने परिवार के साथ रहती है। उनका बेटा अल्फा-जी के पास एक स्कूल में पढ़ता है। सोमवार की सुबह करीब 7 बजे वह अपने बच्चे को स्कूटी से स्कूल छोड़ने जा रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार केटीएम बाइक आयी और केटीएम बाइक पर सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन खींचने की कोशिश की।

इससे पहले की पूजा कुछ समझ पाती सोने की चेन टूट कर जमीन पर गिर गई। साथ ही चैन में लगा लॉकेट भी रोड पर गिर गया। इसके बाद केटीएम सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। वारदात के बारे में महिला ने चौकी इंचार्ज को शिकायत दी है।



## जीएल बजाज कॉलेज में रन फॉर अर्थ मैराथन का आयोजन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित जीएल बजाज कॉलेज में प्राकृतिक संपत्ति के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रन फार अर्थ मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन की शुरूआत ईश फाउंडेशन के संस्थापक जग्गी वासुदेव सद्गुरु ने की। इस रन फार अर्थ की शुरुआत जीएल बजाज कालेज के मुख्य गेट से की गयी। मैराथन में जीएल बजाज कॉलेज के छात्रों के साथ विभिन्न स्कूलों के छात्रों, युवाओं, सोसायटी के लोगों ने भाग लिया।

# पिता के लिए खरीदा वेंटिलेटर जरूरतमंदों के लिए किया दान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल को व्यवसायी और एक्सोनी सिस्टम्स के निदेशक वरुण चौहान ने मरीजों की सेवा के लिए एक वेंटीलेटर दान किया।

वरुण ने बताया कि पिता के लिए खरीदे वेंटिलेटर का उपयोग निधन के कारण नहीं हो सका। इस वेंटिलेटर का लाभ गरीब और जरूरतमंदों को मिले तो पिता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वेंटीलेटर गायत्री हॉस्पिटल को दिया गया। इस मौके पर डा. विदुषि शर्मा, नवीन हॉस्पिटल समूह के चिकित्सा निदेशक डा. अनिल तोमर, गायत्री हॉस्पिटल के निदेशक डा. अनिल राठी, डा. आशीष अग्रवाल, डा. अशोक गुप्ता और डा. तरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### हादसे में घायल पुनीत की हुई मौत, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के करहेड़ा में 19 अप्रैल को एसयूवी गाड़ी की टक्कर से घायल दिव्यांग पुनीत त्यागी की रविवार रात कौशांबी के यशोदा अस्पताल में मौत हो गई।

परिवार का आरोप है कि साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई नहीं की। मामा संजीव त्यागी ने बताया कि डॉक्टरों ने पुनीत की गंभीर हालत को देखते हुए तीन दिन में 22 यूनिट ब्लड चढ़ाया गया था। लेकिन स्थिति में बिल्कुल भी सुधार नहीं हो रहा था। वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे।

### जीबीयू कन्या छात्रावास में आग लगी, हताहत नहीं

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के ईकोटेक-प्रथम क्षेत्र में स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास में रविवार देर रात आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि रविवार देर रात करीब तीन बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास में आग लग गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि आग के चलते छात्रावास में धुंआ भर गया था।

# घर बैठे मिलेगी नोएडा जिला अस्पताल की जांच रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर 39 स्थित नवनिर्मित जिला अस्पताल को शासन द्वारा काफी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। नव निर्मित जिला अस्पताल में लगभग सभी ओपीडी समेत शिफ्टिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है।

इसके अलावा सेक्टर 30 स्थित जिला अस्पताल की पैथ लैब भी अब सेक्टर 39 स्थित नवनिर्मित जिला अस्पताल में शिफ्ट हो चुकी है। नवनिर्मित जिला अस्पताल में विभिन्न प्रकार की जांच के लिए आने वाले मरीजों से व्हाट्सएप नंबर मांगे जा रहे हैं। इन व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से पैथ लैब मरीजों की जांच रिपोर्ट ऑन लाइन के माध्यम से भी देगी। अगले महीने से इस लैब में इंटरनेट की सुविधा शुरू हो जाएगी। इंटरनेट की सुविधा के शुरू होने के साथ ही मरीजों को ऑन लाइन के माध्यम से भी जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। गौरतलब है कि रोजाना 300 से अधिक मरीजों की जांच सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल की लैब में की जा रही है। जिला अस्पताल की लैब में जांच कराने वाले सभी मरीजों का मोबाइल नंबर रिकॉर्ड में रखा जाता है। लैब में जांच के बाद मरीज को खुद की रिपोर्ट लेने के लिए भी अस्पताल आना पड़ता है। जांच के बाद मरीज को कई रिपोर्ट मौके पर ही दे दी जाती हैं। लेकिन, कुछ रिपोर्ट देने में काफी समय लग जाता है।

पैथोलॉजी विभाग के इंचार्ज एचएम लवानिया ने बताया कि जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में रोजाना 300 से 350 लोग जांच के लिए आते हैं। कई लोग जांच के बाद अपनी रिपोर्ट लैब से नहीं ले पाते हैं। ऐसे में हाल में जांच करान के लिए पहुंच रहे सभी मरीजों के नंबर दर्ज किए जा रहे हैं। सभी मरीजों की जांच रिपोर्ट व्हाट्सएप से भेजी जाएगी।



### कोविड मरीजों की संख्या घटी

नोएडा में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले बीते 24 घंटे के दौरान 81 नए कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। जिसमें से 65 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं।

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./204/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17155
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अनवर सादात
सेवा में,
अनवर सादात पुत्र श्री वली मोहम्मद, निवासी मकान नंबर 588/17, शिवाजी नगर, गुरूग्राम, हरियाणा-122001.
पैन नंबर AUDPS9072M
गुरूग्राम, हरियाणा-122001.
अन्य पता : अनवर सादात पुत्र श्री वली मोहम्मद, निवासी फ्लैट नंबर 315, सिलिकॉन एवेन्यू बिल्डिंग, दुबई सिलिकॉन ओएसिस, पोस्ट बॉक्स नंबर 214560, दुबई, यूएई-214560
अन्य पता : अनवर सादात पुत्र श्री वली मोहम्मद, पता : बिज एक्सचेंज, कॉमर्शियल बैंक ऑफ दुबई बिल्डिंग, एमओ 5 के सामने, शेख जायद रोड, दुबई-214560
अन्य पता : अनवर सादात पुत्र श्री वली मोहम्मद, पता : एससीसी 072, स्काई कोर्ट-डीएलएफ गार्डन सिटी, सेक्टर-86, गुरूग्राम, हरियाणा-122001. गुरूग्राम, हरियाणा-122001.
(2) शबनम सादात पत्नी श्री अनवर सादात निवासी मकान नंबर 588/17, शिवाजी नगर, गुरूग्राम, हरियाणा-122001.
अन्य पता : शबनम सादात पत्नी श्री अनवर सादात निवासी फ्लैट नंबर 315, सिलिकॉन एवेन्यू बिल्डिंग, दुबई सिलिकॉन ओएसिस, पोस्ट बॉक्स नंबर 214560, दुबई, यूएई-214560
अन्य पता : शबनम सादात पत्नी श्री अनवर सादात पता : एससीसी 072, स्काई कोर्ट-डीएलएफ गार्डन सिटी, सेक्टर-86, गुरूग्राम, हरियाणा-122001. गुरूग्राम, हरियाणा-122001.
सम्मन
जबकि, ओए/204/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 09-03-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,43,08,826/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 18-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-04-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

PUBLIC NOTICE
Be it known to all concerned that my client Rattan Lal R/o R-582, Second Floor New Rajender Nagar New Delhi-110060, E-mail :Sanjeev.khatri16@gmail.com is the owner of following properties:-**1.** Shop No.4289 XV GF, FF with roof rights. **2.** Shop No. 4293 XV, Ground Floor occupied by one tenant. **3.** Property No. 4291 to 4293 XV consisting of First Floor with roof rights. **4.** Part Property No. 4288 XV GF, FF with roof rights. **5.** Property No. 4288, 4294-4298 XV GF, FF with roof rights consisting of 3 shops occupied by tenants in inside lane. **6.** Property No. 4306 XV, GF, FF, SF with roof rights. **7.** Property No. 4304-05 XV also known as XV 5338-39, GF, FF, SF with roof rights. If anyone have any objection regarding Ownership rights of my client in the above properties then he can raise such objection within 15 days time from the date of publication.
**G.L. Goswami (ADVOCATE)**
**DELHI HIGH COURT**
Ch. No. 576, Western Wing,Tis Nazar'Court, Delhi

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./121/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 13822
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
कमलेश गुप्ता
सेवा में,
(3) नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड नि. कार्यालय एसएफ 05, नाइनेक्स सिटी मार्ट सोहना रोड, सेक्टर-49, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता - गोपी राम बिल्डिंग ग्राम सुल्तानपुर, नई दिल्ली नई दिल्ली, दिल्ली
सम्मन
जबकि, ओए/121/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19-10-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,24,17,034/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर. न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 29-05-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 28-10-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1454/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 15610
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
रूपिन्दर कौर
सेवा में,
(1) रूपिंदर कौर डी/डब्ल्यू/एस/ओ-मनीष कुमार रूपिंदर कौर पत्नी श्री मनीष कुमार निवासी मकान नंबर 4212, आई.पी. एक्सटेंशन पार्ट-II, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, जिला फरीदाबाद, हरियाणा-121001.
पैन नंबर BATPK2204C, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : मकान नंबर 1421, वार्ड नंबर 5, जवाहर कालोनी, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : सी/ओ एड्यू गुरू ग्लोबल एजूकेशनल सर्विसेज, 5 3/1, बीपी रेलवे रोड एनआईटी, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
(2) मनीष कुमार पुत्र कृष्ण लाल, मकान नंबर 4212, आई.पी. एक्सटेंशन पार्ट-II, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : एमजे होटल ऐंड पीजी सर्विसेज, 4212, आई.पी. एक्सटेंशन पार्ट-II, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : मकान नंबर 211/33, एसबीएस कालोनी, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
सम्मन
जबकि, ओए/1454/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 12-01-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 43,86,167.68/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 23-05-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 16-01-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# श्रमिकों को सौगात : ग्रुप बीमा फ्री बस पास व बच्चों को शिक्षा

## रियायती आशियाना, हॉस्टल की भी सुविधा, श्रम विभाग अधिकारियों के साथ सीएम की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मजदूरी कर अपना घर चलाने वाले लाखों मजदूरों के लिए दिल्ली सरकार ने तोहफा दिया है। उन्हें अब दिल्ली परिवहन निगम का पास मुहैया कराया जाएगा। जिससे वह भी डीटीसी बसों में महिलाओं की तरह मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा उन्हें ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस, रियायती घर और हॉस्टल की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। साथ ही श्रमिकों को टूलकिट देने और उनके लिए स्किल डिवेलपमेंट प्रोग्राम चलाने का भी निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में सोमवार को श्रम विभाग की हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान सीएम ने सरकार की तरफ से दी जा रही सुविधाएं सभी श्रमिकों तक नहीं पहुंचने पर नराजगी जताई और कहा कि अगर सभी श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं दे सकते तो फिर विभाग चलाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने श्रम विभाग को पंजीकृत सभी श्रमिकों तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने को कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

इससे पहले 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री ने समीक्षा की थी और अधिकारियों से बोर्ड को कुल आवंटित फंड का कम से कम 25 फीसद राशि पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण पर इस्तेमाल करने के लिए एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया था। सोमवार को हुई बैठक में



नई दिल्ली में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

अधिकारियों ने बोर्ड के कामकाज के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी और 25 फीसद राशि श्रमिकों के कल्याण पर खर्च किए जाने के मद्देनजर विभिन्न उपायों का विस्तृत विवरण पेश किया।

अरविंद केजरीवाल ने पंजीकृत हर निर्माण श्रमिक तक बोर्ड की पहुंच नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर्स कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड से 13 लाख निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं, लेकिन उनको सत्यापित करने और उन तक पहुंचने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर पंजीकृत 13 लाख निर्माण श्रमिकों में से विभाग किसी योजना से कुछ हजार मजदूरों को लाभ दे रहा है तो फिर इस विभाग को चलाने का कोई मतलब नहीं है। इससे कल्याणकारी योजनाओं की तुलना में विभाग की लागत अधिक होगी। यदि विभाग के पास 3-4 हजार करोड़ रुपए पड़े हैं

**● पंजीकृत 13 लाख निर्माण श्रमिकों तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए एक्शन प्लान बनाने का निर्देश**

तो उसे अपनी योजनाओं का लाभ सभी श्रमिकों तक पहुंचाना चाहिए। वह निर्माण श्रमिकों के कल्याण के साथ कोई समझौता नहीं कर सकते।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने श्रम विभाग को राजस्व विभाग के साथ मिलकर जून तक पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का सत्यापन पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि हर एक तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा महज 500 नए लाभार्थियों को पेंशन देना ही पर्याप्त नहीं है। विभाग सत्यापन करके पात्र श्रमिकों की संख्या में अच्छा खासा इजाफा कर सकता था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर 60 वर्ष से अधिक आयु के पंजीकृत श्रमिकों की संख्या का पता लगाकर रिपोर्ट पेश करें ताकि उनको पेंशन का लाभ दिया जा सके।

केरीवाल ने बोर्ड की पहलों की भी समीक्षा की। इसमें श्रमिकों को टूलकिट का वितरण, साइट पर क्रेच सुविधा प्रदान करना, कौशल विकास, श्रमिकों को सब्सिडी वाले घर और ट्रांजिट हॉस्टल प्रदान करना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए मुफ्त कोचिंग और पंजीकृत श्रमिकों के लिए ईएसआईसी कवर शामिल हैं। इस पहल के तहत राजमिस्त्री, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर और बढ़ई सहित 5 ट्रेडों के श्रमिकों को बड़े पैमाने पर टूलकिट और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगी। प्रत्येक टूलकिट में 5-6 महत्वपूर्ण उपकरण और 3 आवश्यक सुरक्षा गियर शामिल होंगे।

# श्रमिकों को केंद्र की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कोविड काल में मिली प्रताड़ना को नहीं भूले हैं मजदूर**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने श्रमिकों के लिये जो घोषणायें की हैं और ऐसा दर्शाने की कोशिश की है कि उन्हें श्रमिकों और उनके परिवारों की बहुत चिंता है। लेकिन यह श्रमिक कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में दिल्ली सरकार द्वारा दी गई प्रताड़ना और गांव भागने के लिये मजबूर किये जाने के अलावा केन्द्र सरकार की श्रमिक योजनाओं को लागू नहीं करने की गंदी राजनीति को भूले नहीं है।

वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल समाज के किसी भी वर्ग के समग्र उत्थान के लिये काम नहीं करते हैं, केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए सिर्फ घोषणायें करते हैं पर अब धीरे-धीरे अन्य वर्गों के साथ अन्य राज्यों से आकर दिल्ली में बसे श्रमिक भी केजरीवाल के दोहरे चरित्र को समझने लगे हैं। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल की घोषणायें केवल एक छलावा हैं।




बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा के लिए बस रवाना करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य भाजपा पदाधिकारी।

# भाजपा ने बुजुर्गों की तीर्थयात्रा का दूसरा जत्था किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की तर्ज पर भाजपा ने भी बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थयात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आनंद विहार से मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन की यात्रा पर लगभग दो सौ तीर्थयात्रियों जत्थे को रवाना किया। इसके पहले 13 अप्रैल को कोंडली इलाके से पार्टी ने पहला जत्थ रवाना किया था।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। भाजपा के साथ आओ साथ चलें संस्था के वॉलिंटियर यात्रियों के रहने, खाने पीने और तीर्थयात्रा के सारे इंतजाम देखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश गोयल महापौर चुनाव में होंगे पीठासीन अधिकारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल 26 अप्रैल को होने वाले दिल्ली नगर निगम के महापौर के चुनाव के पीठासीन अधिकारी होंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गोयल के नाम को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले हफ्ते गोयल के नाम की सिफारिश की और उपराज्यपाल से मंजूरी मांगी। गोयल दिल्ली नगर निगम के सबसे वरिष्ठ पार्षद हैं। केजरीवाल ने उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए गोयल का नाम भेजते हुए कहा था कि महापौर और उप महापौर के चुनाव के लिए वरिष्ठतम पार्षद को पीठासीन अधिकारी के रूप में नामित करने की परंपरा के अनुसार उनके नाम को मंजूरी दी गई थी।

### जमानत अर्जी शीघ्र सूचीबद्ध कराने को मिली छूट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कारोबारी एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी विजय नायर को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जमानत अर्जी शीघ्र सूचीबद्ध कराने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने की सोमवार को छूट दे दी। उच्च न्यायालय ने नायर की जमानत अर्जी पर 12 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का जवाब मांगा था और मामले की अगली सुनवाई 19 मई के लिए निर्धारित कर दी थी। नायर की अर्जी सोमवार को प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिसने इस चरण में उसपर विचार करने से इनकार कर दिया और मामले की आगे की सुनवाई 19 मई के लिए निर्धारित कर दी।

### स्थाई समिति के सदस्यों पर जवाब देने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थाई समिति के छह सदस्यों के फिर से चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर शहर की महापौर को एक समेकित जवाब देने की सोमवार को अनुमति दी। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने महापौर शैली ओबरॉय को अपना जवाब दाखिल करने के लिए तीन दिन का समय दिया। इससे पहले उनका प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील ने मामले में पहले से दाखिल जवाब को वापस लेने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता पार्षद कमलजीत सहरावत और शिखा रॉय की ओर से पेश वकीलों ने इस अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि यह स्थाई समिति के गठन को रोकने की कोशिश है, जो एमसीडी के उचित संचालन के लिए महत्वपूर्ण है।

### एनएसयूआई नेता की याचिका का डीयू ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी के एक विवादास्पद वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग में कथित संलिप्तता पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित किए जाने के विरूद्ध कांग्रेस की छात्र इकाई के एक नेता की याचिका का सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में विरोध किया। विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्र ने घोर अनुशासनहीनता की थी जिससे इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की छवि खराब हुई। पीएचडी शोधार्थी और एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव लोकेश चुघ की याचिका के जवाब में विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने बीबीसी वृत्तचित्र पर पाबंदी के संबंध में एक अखबार की खबर के आधार पर कार्रवाई की।

# राजधानी में महिलाओं के लिए सेफ सिटी योजना अगस्त से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगी। हाई स्पीड बैंडविड्थ मिलेगा। जिससे दिल्ली पुलिस के सेफ सिटी प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा और महिला सुरक्षा योजना को बल मिलेगा।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 798 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के सेफ सिटी प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति और कार्य प्रगति

**● केंद्र वित्तपोषित 798 करोड़ की परियोजना के लिए एलजी ने पुलिस के साथ की समीक्षा बैठक**

की समीक्षा की। उन्होंने इस अगस्त तक शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में रेलटेल के सहयोग से तीन फेज में काम होगा। जिसमें 16 पुलिस जिलों में 182 स्टेशन और 3351 जगहों पर मल्टी-प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग, इंटरनेट बैंडविड्थ मिलेगा।

# खिलाड़ियों के समर्थन में उतरीं आप-कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के मामले में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दिया है।

आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता सोमवार को जंतर मंतर पर खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। उन्होंने देश और प्रदेश के कुश्ती खिलाड़ियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस को तुरंत पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ियों का दुर्भाग्य है कि इन्हें एक एफआईआर दर्ज करवाने और न्याय की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। इस बीच कांग्रेस भी आंदोलनकारी पहलवानों के समर्थन उतर आई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी



तोड़ने को कहा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस प्रमुख नेटा डिसूजा यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन स्थल पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

सुशील गुप्ता ने कहा कि देश के जाने माने खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शौषण के गंभीर आरोप लगाए थे।

# महापौर चुनाव से पहले आप को झटका

**● द्वारका सी वार्ड से आम आदमी पार्टी की पार्षद सुनीता भाजपा में शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महापौर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को झटका लगा है। द्वारका सी वार्ड से आप पार्षद सुनीता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गई। इसके अलावा पूर्व निगम पार्षद रामनिवास ने भी कमल का दामन थाम लिया है। महापौर और उप



नई दिल्ली में सोमवार को आप पार्षद सुनीता भाजपा में शामिल हुईं।

महापौर पदों के लिए 26 अप्रैल को चुनाव होना है।

वीरेंद्र सचदेवा ने सुनीता का पार्टी में स्वागत करते हुए आरोप लगाया कि आप में आम स्वयंसेवकों के साथ बंधुआ मजदूर जैसा व्यवहार किया जा रहा है। सुनीता के आप छोड़ कर भाजपा में शामिल होने का हालांकि आगामी महापौर चुनाव पर बहुत कम असर होगा। सुनीता के अलावा आप से बवाना वार्ड के पार्षद राम निवास भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

# अस्पतालों में कोविड टेस्ट किट नहीं : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने कोविड-19 के मुद्दे पर दिल्ली को सरकार को घेरा है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कहा कि अस्पतालों में टेस्ट किट तक नहीं है और सरकार ने ज्यादातर जांच केंद्र ही बंद कर दिए हैं जिससे लोगों को जांच कराने में समस्या हो रही है। अगर जांच की सही व्यवस्था हो तो कोरोना के मरीजों की संख्या और भी अधिक होगी।

बिधूड़ी ने राजधानी में पिछले एक सप्ताह में कोरोना से 35 लोगों की मौत पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि संक्रमण दर भी इस समय देश में सबसे ज्यादा चल रही है। हर चार में से एक व्यक्ति

**● बिधूड़ी ने कहा, लोगों को जांच कराने में हो रही समस्या, व्यवस्था सही हो तो बढ़ सकती है मरीजों की संख्या**

कोरोना संक्रमित है। दिल्ली सरकार हमेशा की तरह हाथ पर हाथ रखकर बैठी है और केवल एक ही बात दोहरा रही है कि वह स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि इस समय जिन राज्यों में कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज आ रहे हैं, उनमें दिल्ली देश में दूसरे नंबर पर है। केरल, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में तो कोरोना की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। वहां मास्क अनिवार्य किया है लेकिन हैरानी की बात यह है कि दिल्ली में दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केवल एडवाइजरी ही जारी की है कि लोगों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर और अस्पतालों में मास्क पहनना चाहिए।

उन्होंने सीएम से पूछा कि सरकार बताए कि उसने कितनी टीमें भीड़भाड़ वाली जगहों पर भेजीं या कितने अस्पतालों का निरीक्षण किया ताकि पता चल सके कि लोग इस एडवाइजरी का पालन कर रहे हैं या नहीं। लोगों को कोविड-19 के बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए।

# करोल बाग में आवारा कुत्ते को भीड़ ने पीटकर मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में लोगों के एक समूह ने एक आवारा कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की है तथा इसका एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें लोगों के एक समूह को आवारा कुत्ते को लाठियों से पीटते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि मामला तब सामने आया जब एक पशु अधिकार कार्यकर्ता ने करोल बाग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी

**● वीडियो हुआ वायरल, पशु अधिकार कार्यकर्ता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई**

ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि कुत्ते ने पूर्व में इलाके में कई निवासियों पर हमला किया था तथा उन्हें काट लिया था।

मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त संजय सैन ने बताया, आईपीसी की संबंधित धाराओं और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### 54 लाख से अधिक वाहनों का पंजीकरण रद्द

**नई दिल्ली।** परिवहन विभाग ने परिचालन की अवधि को पार कर चुके 54 लाख से अधिक वाहनों का 27 मार्च तक पंजीकरण रद्द कर दिया है। इनमें ऑटोरिक्शा, कैब और दोपहिया वाहन भी शामिल हैं। विभाग के अनुसार जिन वाहनों का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें कुछ ऐसे वाहन हैं जिन्हें वर्ष 1900 और 1901 में पंजीकृत कराया गया था।

वर्ष 2018 में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में क्रमशः 10 वर्ष और 15 वर्ष पुराने डीजल एवं पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। एनजीटी के 2014 के आदेश में 15 वर्ष पुराने वाहनों को सार्वजनिक स्थानों पर खड़ा करने की मनाही की गई है।

# दरवाजा खटखटाने के बाद युवक ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की सनलाइट कॉलोनी में हिप्नोथेरेपिस्ट (सम्मोहन चिकित्सक) के घर के बाहर दो लोगों ने कथित तौर पर गोलियां चलाईं। घटना सनलाईट कॉलोनी इलाके की है, जहां एक घर में दो युवको ने खुलेआम फायरिंग की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो लोग सीढ़ी चढ़कर आते हैं। इनमें से एक युवक पहले दरवाजा खटखटाता है। जब दरवाजा नहीं खुला तो वह रिवाल्वर निकालकर

**● सनलाईट कॉलोनी में हिप्नोथेरेपिस्ट के घर पर दो युवकों ने वारदात को दिया अंजाम**

ताबड़तोड़ गोलियां चलाता है। इसके बाद दोनों वहां से चले जाते हैं।

पुलिस एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े सात बजे बजे दो लोग पहली मंजिल पर स्थित सिद्दीकी के फ्लैट के दरवाजे पर दो गोलियां चलाई गईं और इमारत के भूतल पर एक मकान की खिड़की पर तीन गोलियां चलाई गईं।

# दिल्ली सरकार, एमसीडी स्कूल में एक साथ मेगा पीटीएम

## शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय ने बताया 30 अप्रैल को कक्षा से 3 से 8 के लिए आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में 30 अप्रैल मेगा पीटीएम होगी। दिल्ली सरकार ने सभी माता-पिता और अभिभावकों से इस मेगा पीटीएम में शामिल होने का अनुरोध किया है। ताकि वह अपने बच्चों की पढ़ाई के विषय में जानने के साथ-साथ स्कूल की बेहतरी के लिए भी सुझाव दें।

शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मेगा पीटीएम में अभिभावक जरुर शामिल हों। दिल्ली सरकार के स्कूलों में पेरेंट्स की भागीदारी 97 फीसदी बढ़ी थी उसी रिपोर्ट को देखते हुए जॉइंट



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय।

मेगा पीटीएम आयोजन का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि कक्षा-3 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए होने वाली इस मेगा पीटीएम में शिक्षक माता-पिता के साथ मिशन बुनियाद से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजों को साझा करेंगे, जिसमें बच्चों को बेहतर बुनियादी शिक्षा देना मुहैया कराना मुख्य बिंदु होगा।

दिल्ली सरकार के लिए शिक्षा हमेशा प्राथमिकता में शुमार रही है। इसी के मद्देनजर शिक्षा का बजट बढ़ाया गया है। लेकिन इन सब के अलावा शिक्षा प्रणाली के महत्त्वपूर्ण हिस्से अभिभावकों को भी स्कूलों से जोड़ने का काम किया। इससे न केवल शिक्षा प्रणाली में बल्कि बच्चों की पढाई में बहुत सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। अब बदलाव की इस प्रक्रिया को एमसीडी के स्कूलों में भी शुरू करने जा रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा, केजरीवाल सरकार से पहले लोगों के मन में अवधारणा थी कि पीटीएम सिर्फ निजी स्कूलों में ही संभव है। पीटीएम उनके लिए है जिनके माता पिता पढ़े लिखे हो।

### आँगनवाड़ी वर्कर्स व सुपरवाइजर को मिलेगा प्रशिक्षण

केजरीवाल सरकार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सुरपरवाईजरों को प्रशिक्षण देगी ताकि आंगनवाडी केन्द्रों में आने वाले हर बच्चे को मिले बेहतर बुनियादी शिक्षा। महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन के क्षेत्र में आंगनबाड़ियों की भूमिका को और सशक्त बनाने को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक की। दिल्ली सरकार के लगभग 11 हजार आंगनवाडी केंद्र है जो 0-6 साल के लाखों बच्चों की अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते है।

# बुजुर्गों, दिव्यांगों को मोबाइल से मिलेगी पेंशन की जानकारी

**● समाज कल्याण विभाग जारी करेगा पेंशन ऐप : आनंद**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन योजना से जुड़े 6 लाख लोगों को अब सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। दिल्ली सरकार का समाज कल्याण विभाग ऐसा मोबाइल ऐप जारी करने जा रहा है जिसके जरिए पेंशनधारकों को घर बैठे ही पेंशन की पूरी जानकारी मिलेगी।

वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन योजना से जुड़े लोगों को समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके यह सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने समाज कल्याण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पेंशन धारकों की सहायता के लिए जिले स्तर पर कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए।

राजकुमार आनंद ने बताया कि अब पेंशनधारकों को उनके स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे ही पेंशन से जुड़ी सारी जानकारी हासिल होगी। पेंशन किस दिन आएगी और कितना समय लगेगा यह जानकारी भी मोबाइल ऐप पर मिलेगी।

### घर तक सहायता मुहैया कराएगी सरकार

बुजुर्ग पेंशन धारकों को घर तक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समाज कल्याण विभाग हर जिले में सुविधा-सह-शिकायत निवारण समिति कमेटी का गठन करेगा। जिसका काम यह सुनिश्चित करना होगा कि हर पेंशन धारक को डोरस्टेप असिस्टेंस यानी घर-घर जाकर सहायता मुहैया कराई जाए।

### 4.5 लाख बुजुर्गों को मिलती है पेंशन

वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े 4.5 लाख से अधिक बुजुर्गों को दिल्ली सरकार पेंशन देती है। जिसमें 60 से 69 वर्ष के आयु वाले व्यक्तियों को 2 हजार रुपये प्रति माह और 70 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को 2,500 रुपये प्रति माह पेंशन मिलती है।

# प्रदेश के महाविद्यालयों में शीघ्र भरे जाएंगे शिक्षकों के पद : मूलचंद शर्मा

## द्रोणाचार्य कालेज के दीक्षांत समारोह में 800 विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्री

## उच्चत्तर शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय परिसर में ओपन जिम का भी किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के परिवहन एवं उच्चत्तर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही एचपीएससी के द्वारा कॉलेज कैडर में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरवाया जाएगा, ताकि बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाया जा सके। उन्होंने ये बातें सोमवार को यहां द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने दीक्षांत समारोह में करीब 800 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इससे पहले उन्होंने महाविद्यालय परिसर में रिबन काटकर ओपन जिम का शुभारंभ किया। उन्होंने ओपन जिम के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस जिम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अपने संबोधन में मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए धरातल पर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल युक्त शिक्षा भी दी जाए, ताकि छात्र पढ़ाई के बाद नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बने। इस मौके पर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा की अगवानी की। वही कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र अंतिल ने केबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, भाजपा नेता नवीन गोयल, मीडिया एवं अनुशासन प्रभारी डा. लीलमणी गौड़ सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।



गुरुग्राम में द्रोणाचार्य कालेज के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा।

# फांसी के फंदे पर झूला युवक मौत के बाद हंगामा

**सोहना।** संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटकने से हुई 35 वर्षीय युवक की मौत को लेकर परिजनों ने शहर थाना के बाहर हंगामा किया। मृत युवक के भाई व भाभी ने मृतक की पत्नी व अन्य पर हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात शहर के अंबेडकर बाईपास चौक के निकट वार्ड-12 की नट कॉलोनी में 35 वर्षीय साहिद की संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटक जाने से मौत हो गई। मृतक साहिद मूल रूप से राजस्थान के जिला सीकर निवासी था। सोहना में अपनी पत्नी व बच्चों समेत रहता था। साहिद की ससुराल भी सोहना में ही है। मृतक के भाई आंसू ने बताया कि साहिद ने शुक्रवार को अपनी भाभी से आखिरी बार फोन पर बातें की थी। साहिद रौते हुए बात करता हुआ उसे यहा से लेकर जाने की बात कह रहा था। शनिवार को ईद थी। इसलिए सीकर से कोई नहीं आया। आसू ने बताया कि रविवार उनके पास सोहना से साहिद के द्वारा फांसी लगा लेने की बात कहते हुए फोन काट दिया था। आंसू को नूंह के नल्लहड़ अस्पताल में रविवार की रात को ही लेकर उसकी पत्नी व अन्य लोग गए थे। आसू ने बताया कि साहिद के साथ मारपीट करके मारा गया है। उसे बाद में फांसी के फंदे पर लटका दिया।



शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नूह के नल्लहड़ अस्पताल में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## ओपी धनखड़ ने पत्रकार दीपक के पिता को दी श्रद्धांजलि



गुरुग्राम में पत्रकार दीपक शर्मा के पिता के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे ओमप्रकाश धनखड़।

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा के पिताजी पंडित वासुदेव पुष्करणा के निधन पर उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। ओमप्रकाश धनखड़ ने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिव्य आत्मा को वे अपनी श्री चरणों में स्थान दें। शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा नेता हरविन्द्र कोहली, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सह-मीडिया प्रमुख नीरज यादव, मंडल अध्यक्ष नितिन सांडिल्य, श्रवण आहुजा, सुदेश वर्मा, नितिन मलिक आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के अभिभाषण को ग्रामीणों ने लाइव टेलिविजन पर देखा

**सोहना।** पंचायती राज दिवस के अवसर खंड की सभी 35 ग्राम पंचातयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव भाषण ग्रामीणों को सुनाया गया। यह कार्यक्रम खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों ने भी लाइव देखा व सुना। सोमवार को खंड की सभी 35 ग्राम पंचायत के करीब 45 गांवों में पंचायती राज दिवस के अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का टेलिविजन पर लाइव प्रकाशित भाषण सुना गया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए खंड की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों को अपने-अपने गांवों में उचित प्रबंध करने के निर्देश एक दिन पहले से कर दिए गए थे। जिसको लेकर सोमवार की हुआ प्रसारण को ग्रामीण सुबह से ही बहुत उत्साहित थे। बीडीपीओ परमेन्द्रा सिंह ने बताया कि ग्राम सचिवों को सोमवार की सुबह ही अपनी-अपनी पंचायतों में भेज दिया था। ताकि समय रहते प्रधानमंत्री का लाइव भाषण ग्रामीणों को दिखाया व सुनाया जा सके। बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली को भी प्रधानमंत्री के अभिभाषण के दौरान बिजली कट न करने के लिए कहा गया था। जिसका बिजली निगम की तरफ से पूरा सहयोग करते हुए बिजली कट लगने नहीं दिया। ग्रामीणा प्रधानमंत्री का पूरा भाषण सुना और पंचायती राज के विषय में दी गई जानकारियों को सुना व देखा।

## सफाई व्यवस्था की बेहतरी को नप खरीदेगी तीन टैक्टर व एक जेसीबी

**सोहना।** नगर परिषद सभी 21 वार्डों में सफाई व्यवस्था को पहले से बेहतर बनाएगी। जल्द ही नगर परिषद टैक्टर-ट्रॉली समेत जेसीबी खरीदेगी। जिससे कूड़े के ढेर और नालों की सफाई नियमित रूप से की जाएगी। बरसात के मौसम में शहर के अंदर होने वाली जलभराव की समस्या को जड़ से समाप्त करने से लेकर सफाई व्यवस्था को पहले से बेहतर बनाया जाएगा। शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने से लेकर कूड़ा एकत्रित वाले स्थानों पर लगने वाले गंदगी के ढेरों को तुरन्त प्रभाव से उठाने के साथ-साथ सफाई की जाएगी। नगर परिषद प्रशासन सफाई व्यवस्था और जलभराव को लेकर लग रहे सवालियां निशानों के कलंक को जल्द से जल्द मिटाना चाहता है। इसके लिए नगर परिषद जल्द ही तीन टैक्टर-ट्राली कूड़ा उठाने के लिए खरीद करेगी। इसके साथ एक जेसीबी की खरीद की जाएगी। अभी वर्तमान में परिषद के पास दो टैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन है। नगर परिषद के सीमा क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में बने बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई व्यवस्था नियमित रूप से होगी। विशेष रूप से गंदे व बरसाती नालों की सप्ताह में दो से तीन बार सफाई की जाएगी। जिससे शहर में जलभराव की समस्या को जड़ से समाप्त किया जाएगा। शहर के बाजारों से लेकर वार्डों में अस्थाई रूप से बने कूड़ा केन्द्रों से सुबह 10 बजे से पहले कूड़े के ढेरों को उठाया जाएगा। विक्की सिंह कार्यकारी अभियंता नप सोहना ने बताया कि जलभराव की सबसे ज्यादा समस्या पुराने शहर में है। पुराने शहर से दमदमा मोड़ और अंबेडकर बाईपास चौक के निकट दो ही मुख्य नाले है। जिनकी हर रोज न सही लेकिन सप्ताह में दो से तीन बार सफाई करने से समस्या का समाधान हो जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत में निजी उद्योगों का हो अहम योगदान : ओम प्रकाश धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर में फैक्ट्री का उद्घाटन करते ओमप्रकाश धनखड़।

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि स्थानीय और बाहरी उद्योगों को बिजनेस का बेहतर माहौल हरियाणा में मिल रहा है। ऐसे में जरूरी है कि ये उद्योग आत्मनिर्भर भारत में अपना अहम योगदान दें। यह बात उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर में एक फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में कही। फैक्टरी का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द द्वारा फीता काटकर किया गया।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों (एमएसमएमई) के माध्यम से बेरोजगारी दर को कम करके खत्म करने की ओर हम अग्रसर हैं। हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ वोकल फॉर लोकल के अभियान को मजबूती देनी होगी। इस मौके पर विधायक सुधीर सिंगला, विधायक सत्य प्रकाश जरावता, समाजसेवी एवं उद्योगपति अशोक दाँगी, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, महेन्द्र लाहोरिया व पार्टी के अन्य साथी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों की पहली पसंद हरियाणा है। ज्यादा से ज्यादा उद्योग हरियाणा में लगे इसके लिए हरियाणा सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूत कर रही है। धनखड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर युवा को रोजगार मिले। इसके लिए सरकार उद्योगों की डिमांड के अनुसार और उनकी वांछित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए युवाओं को कौशल वृद्धि का प्रशिक्षण देकर उन्हें तैयार कर रही है।

ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित होने की ओर अग्रसर है। जहां सड़कें अच्छी हैं, हम मोबाइल बना रहे हैं, दवाईयां बना रहे हैं, अपनी जहाजें बना रहे हैं, हर क्षेत्र में हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्टार्टअप को भी बढ़ावा दे रही है, ताकि युवा इंटरप्रेन्योर बन सकें और दूसरे युवाओं को रोजगार दे सकें, इसके लिए स्टार्टअप पॉलिसी बनाई गई जो युवाओं को कई रियायतें और सुविधाएं दे रही हैं।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हरियाणा पहले नंबर पर है। लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए किए गए कार्यों के लिए पूरे देश में हरियाणा तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इंग्लैंड को पीछे कर भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री का मिशन है कि जब हम आजादी का 100वां साल मनाएं तब तक भारत एक विकसित राष्ट्र के तौर पर तब्दील हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों को भी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी अहम भागीदारी निभानी होगी।

# गुरुग्राम में एक मई को मनाया जाएगा गुजरात दिवस : नवीन गोयल

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से मिल कार्यक्रम पर नवीन गोयल ने की चर्चा

## अभी तक मना चुके हैं असम, उत्तराखंड, यूपी, राजस्थान, ओड़िशा के स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देशभक्ति,** कला, संस्कृति समेत तमाम विषयों पर निरंतर कार्य करने वाली भारतीय जनता पार्टी एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत राज्यों के स्थापना दिवस मना रही है। इसी कड़ी में आगामी 1 मई 2023 को गुरुग्राम में गुजरात दिवस मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य अतिथि के लिए केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला को न्यौता भेजा गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान को पूरे जोश के साथ कमेटी आगे बढ़ा रही है। भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन, कमेटी के संयोजक परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के निर्देशन में सह-संयोजक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल राज्यों के स्थापना दिवस कार्यक्रमों के लिए संबंधित राज्यों के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर इस अभियान को गति दे रहे हैं। अभी तक असम, उत्तराखंड, यूपी, राजस्थान, ओड़िशा के स्थापना दिवस मनाए जा चुके हैं। अब आगामी 1 मई 2023 को यहां भाजपा कार्यालय गुरुकमल में गुजरात दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से मुलाकात करके मार्गदर्शन लिया। नवीन गोयल ने कहा कि गुजरात के भाइयों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को बेहतर बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का आह्वान भारतीयता को मजबूत बनाता है।



गुरुग्राम में गुजरात दिवस मनाने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से मुलाकात करते नवीन गोयल।

श्री गुजराती समाज गुड़गांव के अध्यक्ष हर्ष पंड्या, उप-प्रधान कमल शाह, महासचिव अविनाश त्रिवेदी, सह-सचिव परेश त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष मेघल शाह के नेतृत्व में गुजराती समाज गुरुग्राम में अनेक समाजसेवा के कार्य करता है। महासचिव अविनाश त्रिवेदी के मुताबिक गुरुग्राम में गुजरात के उनकी संस्था से पंजीकृत 230 परिवार हैं। बहुत से गुजराती हैं, जो संपर्क नहीं हैं। ऐसे करीब 200 परिवार हो सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि सभी गुजराती परिवार श्री गुजराती समाज गुड़गांव के साथ जुड़ें।

# सेक्टर-82 में आयोजित हुआ सोसायटीज अमेचर फुटबॉल कप टूर्नामेंट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरू** द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स फाउंडेशन सेक्टर-82 में सोसायटीज अमेचर फुटबॉल कप सीजन-4 (एसएएफ कप सीजन-4) का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-10 एवं अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर-10 में जी-21 की टीम ने जीत हासिल की। अंडर-14 में सेवन लेम्पस की टीम जीती। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फिल्बी रीयल एस्टेट के एमडी संजय यादव, भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव, कासाबेला सोसायटी आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर यादव ने शिरकत की।

एमडी संजय यादव ने कहा कि खेले की कोई उम्र नहीं होती। हर उम्र स्वस्थ व्यक्ति खेलकर खुद को फिट रख सकता है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि खेलों में हार-जीत से भी बड़ा महत्व होता है कि हमने खेल किस प्रकार से खेला। हम अगर मजबूती से खेलते हुए हार भी जाते हैं तो हमारी चर्चा होती है। हमारे खेल को पसंद किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम शिक्षा को आगे से आगे बढ़ाते हैं, ऐसे ही खेलों को भी बढ़ाना चाहिए। बच्चों में खेलों की आदत डालनी चाहिए। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खेलों के लिए समय निकालना भी बड़ी बात है। आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर यादव ने कहा कि जब भी समय मिले, हमें खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। अमेचर फुटबॉल कप सीजन-4 में एक रात्रि मैच खेले गए। इसमें नए गुरुग्राम से 14 सोसायटी की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट को गुरू द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स फाउंडेशन, फिल्बी रीयल एस्टेट और डीकेएच स्पोर्ट्स ने स्पॉन्सर पार्टनर के रूप में सहयोग किया। सभी टीमों ने रोमांचक मैच खेलते हुए खुद को बेहतर साबित करने का प्रयास किया। इस टूर्नामेंट में अंडर-10 आयु वर्ग में जी-21 की टीम ने सिगनेचर विला सोसायटी की टीम को 2-1 से हराया। अंडर-14 के फाइनल मैच में सेवन लैम्पस व मैसियो की टीमें भिड़ीं, जिसमें 1-0 के स्कोर से सेवन लैम्पस की टीम ने जीत दर्ज की।



खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते अतिथि।

# गुरुग्राम के अर्शप्रीत करेंगे हरियाणा का प्रतिनिधित्व

**गुरुग्राम।** दो दिवसीय चलने वाली राज्य स्तरीय अंडर 17 आयु वर्ग (ओपन) शतरंज प्रतियोगिता का आगाज 22 अप्रैल को डीपीएसजी स्कूल फरीदाबाद में हुआ। यह प्रतियोगिता 7 चक्रों में राउण्ड स्विस लीग आधार में खेली गई।

गुरुग्राम के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्शप्रीत सिंह साहनी का इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा। अर्शप्रीत सिंह साहनी प्रथम रनर अप रहे। अब वे अगले महीने पंजाब में होने वाली अंडर 17 नेशनल चेस चेम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता अर्शप्रीत सिंह साहनी को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और 1000 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# कारपोरेट संस्थानों के प्रतिनिधियों से आज संवाद करेंगे सीएम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत पंजीकृत युवाओं को कारपोरेट संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को गुरुग्राम में प्रदेश के कॉरपोरेट संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहेंगे।

इस संवाद कार्यक्रम में कॉरपोरेट संस्थानों की मैनपॉवर की जरूरतों व एचकेआरएनएल द्वारा कॉरपोरेट संस्थानों को दी जाने वाली सेवाओं पर वैचारिक मंथन किया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने सोमवार को कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल पर चल रही तैयारियों को देखने के साथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा को लेकर किए गए इंतजामों का जायजा लिया। डीसी ने एचकेआरएनएल व जिला प्रशासन की टीम से कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों के बैठने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी इंतजामों का बारिकी से अध्ययन करने के साथ साथ कार्यक्रम की मिनट टू मिनट जानकारी भी ली।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

उन्होंने बताया कि संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के 100 से अधिक औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में कारपोरेट संस्थानों में मैनपावर को लेकर उनकी जो भी जरूरतें है, वे मुख्यमंत्री के साथ सांझा करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में कारपोरेट संस्थानों की जरूरतों के हिसाब से कौशल युक्त मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए एक डेडिकेटेड स्किल विभाग बनाया गया है।

# आईएसआईई इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप ईएसवीसी 3000 भारत की पहली सोलर कार रैली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**भारत** की पहली सोलर कार रैली, आईएसआईई इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप ईएसवीसी 3000, जो कि इंपीरियल सोसाइटी ऑफ इनोवेटिव इंजीनियर्स (आईएसआईई इंडिया) द्वारा आयोजित एवं गलगोटियास यूनिवर्सिटी एंड नॉलेज पार्टनर, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) द्वारा सह.आयोजित है, का आयोजन 14 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2023 तक किया गया।

आईएसआईईइंडिया के फाउंडर एवं प्रेसिडेंट विनोद गुप्ता ने कहा कि आईएसआईई इंडिया एक अलग तरह के इम्पैक्ट और इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है। रैली का परिणाम बेहद प्रभावशाली रहा जिसमें दो करोड़ से अधिक लोगों को ईवी अपनाने एवं सड़क सुरक्षा को लेकर, साथ ही भारत के अपस्किल 18 राज्यों के 1500 से अधिक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स शामिल हुए।





इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप 3000 की यह योजना एवर्ल्ड सोलर चैलेंज, ऑस्ट्रेलिया की थीम पर तैयार की गई है। इसके साथ ही यह भारत का पहला सोलर व्हीकल चैलेंज है, जिसमें गलगोटिया यूनिवर्सिटी मथुरा से लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा (यूपी) तक तीन दिनों में 350 से अधिक किलोमीटर की दूरी को तय किया गया।

उद्घाटन समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को ध्रुव गलगोटिया सीईओए गलगोटिया यूनिवर्सिटी, विनोद गुप्ता, (अध्यक्ष, आईएसआईईइंडिया) प्रो प्रकाश जोशी (फाउंडर एवं जॉइंट मैनेजिंग ट्रस्टी ए एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), डॉ केसी वोरा (एमेरिटस प्रोफेसर, सीओईपी टेक्निकल यूनिवर्सिटी) , प्रवीण कुमार (सीनियर एचआर ऑफिसर), अमित सिंह (कस्टमर सक्सेस मैनेजर, अल्टेयर इंजीनियरिंग), अक्षय कुमार (हेड बिजनेस डेवलपमेंट, ई फिल इलेक्ट्रिक एंड चार्जिंग सॉल्यूशन) तथा कई अन्य इंडस्ट्री एवं एकेडमिक डेलिगेट्स की उपस्थिति में किया गया था।

इस रैली के चैंपियन विद्यावर्धनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंगए मुंबई की टीमें, रनर .अप सिंहगड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंगए पुणे व सेकंड रनर अप पिंपरी चिंचवाड़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे रहा 7 इसके साथ ही बंगलौर, कोयंबटूर, मैंगलोर, हैदराबाद तथा पंजाब की टीमों ने भी विभिन्न अवार्ड्स एवं पुरस्कार राशि हासिल की। इसके अलावा आईएसआईईइंडिया द्वारा विजेताओं को कुल 12 लाख से अधिक के नकद पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# भाई के दुनिया से चले जाने का दुख होता है गहरा : सुधीर सिंगला



सूरजपाल अम्मू के भाई के निधन पर सांत्वना देते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला सोमवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू के भाई नेमपाल सिंह राघव के निधन पर शोक प्रकट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भी नेमपाल सिंह राघव को श्रद्धांजलि देने सूरजपाल अम्मू के गुरुग्राम निवास पर पहुंचे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। जब हमारे किसी करीबी की मृत्यु हो जाती है तो हमें बहुत दु:ख होता है। हमें उसके साथ बिताये पल याद आने लगते हैं। यह जरूरी नहीं कि हमारे करीबी की ही मृत्यु हो तब ही दु:ख का अहसास हो, वह कोई और व्यक्ति भी हो सकता है, जिसने अच्छे कर्म किये हों। वह भी अपनों की तरह याद आता है। भाई का बिछड़ना बहुत दुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। भगवान पूरे परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि दुख हम सबके साझे हैं। नेमपाल सिंह राघव जी के निधन से सब शोकमय हैं। वे अभी भी हमारे दिल में जीवित हैं। हमारे माध्यम से, वे जीवित हैं। यह सच है कि शरीर नशवर है। हमें यही प्रार्थना करनी है कि जो जीव-आत्मा आज हमारे बीच नहीं है, प्रभु उसे मोक्ष प्रदान करें। विधायक सुधीर सिंगला के साथ उनके साथ हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, हरविंदर कोहली, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष सज्जन सिंह, सरस्वती मंडल महामंत्री अशोक डबास व स्वाति टंडन, दीपक शर्मा, राजेश यादव, दीपक यादव भी शामिल रहे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नौकरियों को लेकर असुरक्षा: डा. सुरभि दहिया

## एसजीटी विवि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मीडिया एजुकेशन विषय पर व्याख्यान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंडियन** इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के इंग्लिश जर्नलिज्म डिपार्टमेंट की कोर्स डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. सुरभि दहिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने पिछले कुछ समय में तेजी से प्रगति की है। यह बात उन्होंने एसजीटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एण्ड मीडिया टेक्नॉलाजी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मीडिया एजुकेशन विषय पर एक व्याख्यान में बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जिस तरह के कार्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संभव हो पा रहे हैं, इससे हर क्षेत्र में नौकरियों को लेकर भी असुरक्षा को अनुभव किया जा रहा है। परंतु हमें ये नहीं भूलना चाहिए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मनुष्य के दिमाग की उपज है इसलिए वह किसी भी तरह से मनुष्य के दिमाग का मुकाबला नहीं कर सकता। डा. सुरभि दहिया ने कहा कि हमने जैसे अब तक आई तकनीकों का सहारा लेकर अपने आप को अपने व्यवसाय में सक्षम बनाया है, इसी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी सही इस्तेमाल करके अपने कार्य क्षमता का सुदृढ़ करना चाहिए।



एसजीटी यूनिवर्सिटी में वक्तव्य देतीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के इंग्लिश जर्नलिज्म डिपार्टमेंट की कोर्स डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. सुरभि दहिया।

डॉ. सुरभि बताया कि शिक्षा का क्षेत्र में और विशेषकर मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बहुत ही लाभदायक हो सकता है, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न वेबसाइट्स का ब्यौरा दिया तथा बताया कि किस कार्य के लिए कौन सी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे लिए लाभप्रद हो सकती है। इससे पहले डॉ सुरभि दहिया का स्वागत करते हुए मास कम्यूनिकेशन विभाग के डीन प्रोफेसर सुशील मानव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के युग में अपरिहार्य बन चुकी है। आवश्यकता इस बात की है कि उसे अपने हित में इस्तेमाल करें। व्याख्यान के अंत में विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर शशि कुमार पांडे ने डॉ. सुरभि दहिया का धन्यवाद किया और कहा कि विभाग में समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# फर्जी गोदनामा लिखा कर एससी आरक्षित सीट से लड़ा था चुनाव, सरपंच निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गांव** धतीर के सरपंच दुष्यंत को निलंबित कर दिया गया है। उस पर आरोप था कि उसने फर्जी गोदनामा करा कर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पद पर सरपंच का चुनाव लड़ा है। शिकायत के बाद मामले की जांच चल रही थी। अब गांव में बहुमत वाले पंच को सरपंच का चार्ज सौंपने के आदेश दिए गए हैं। दुष्यंत के खिलाफ पुलिस भी धोखाधड़ी का केस दर्ज कर चुकी है।

दरअसल, धतीर गांव निवासी लखन ने एसपी को दी शिकायत में कहा था कि बीते साल हुए पंचायत चुनाव में धतीर गांव का

### फर्जीवाड़ा में हो चुकी धतीर के सरपंच पर एफआइआर

सरपंच पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था, जिस पर दुष्यंत ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा और 25 नवंबर 2022 को चुनाव जीत लिया। शिकायत में कहा गया कि दुष्यंत के पिता बुधराम ने धतीर गांव निवासी शांति देवी के साथ अपना फर्जी गोदनामा दिखाया था। 21 मार्च 2005 को हुए गोदनामे में कहा गया कि उसे शांति देवी ने गोद लिया है,



जिसमें शांति देवी की उम्र 65 वर्ष बताई गई। गोदनामा के समय बुधराम शादीशुदा था और उसकी उम्र 40 वर्ष थी।

### सरपंच के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी जाति अलग-अलग दर्शायी गई

उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में बुधराम के तीन बच्चे थे। बड़ी बेटी लवली की जन्मतिथि आठ जुलाई 1992, दूसरे पुत्र दुष्यंत की जन्म तिथि 20 जनवरी 1996 और तीसरे पुत्र अंकित की जन्म तिथि दो अगस्त 1999 है। तीनों बच्चे गोदनामा से पहले पैदा हो चुके थे। बुधराम के स्कूली दस्तावेजों में उसकी जाति लुहार पाई गई है। 1989 में 24 वर्ष की उम्र में बुधराम की नौकरी हरियाणा पुलिस में लगी, उस दौरान भी बुधराम ने अपनी जाति लुहार दिखाई। सरपंच दुष्यंत के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी जाति अलग-अलग दर्शायी गई है।

मामले में कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने सरपंच दुष्यंत को निलंबित कर दिया गया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने बताया कि मामले में सरपंच दुष्यंत का गोदनामा फर्जी पाया गया, जिसके आधार पर सरपंच दुष्यंत को निलंबित कर दिया गया है। फिलहाल बहुमत वाले पंच को कार्यभार सौंप जाएगा, ताकि गांव के विकास कार्य न रुके।


# गदपुरी टोल प्लाजा पर कर्मियों की गुंडागर्दी, गर्भवती से छेड़छाड़

### विरोध करने पर पति की पिटाई की, एक आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेशनल** हाइवे-19 पर स्थित गदपुरी टोल कर्मियों ने स्कूटी सवार एक युवक के साथ मारपीट की। उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी से छेड़छाड़ और धक्का मुक्की भी की गई। गदपुरी थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार पलवल निवासी एक युवक ने दी शिकायत में कहा है कि वह फरीदाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। उसकी पत्नी आठ माह की गर्भवती थी तो 23 अप्रैल को वह अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल गया था। ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपनी पत्नी को रविवार शाम के करीब पांच बजे स्कूटी पर लेकर वापस पलवल आ रहा था। उनकी स्कूटी जब गदपुरी टोल पर पहुंची तो वहां एक टोल कर्मचारी ने सिटी



गदपुरी टोल प्लाजा का सांकेतिक फोटो।

मारकर स्कूटी को रोकने का इशारा किया। उसने स्कूटी रोक दी तो आरोपी उनके पास आया और उसकी पत्नी जो आठ माह की गर्भवती थी, उस पर अश्लील फब्तियां कसने लगा।

उसकी पत्नी ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसकी नाक व माथे पर चोटें मारीं। वह लहूलुहान हो गया।

इसी दौरान मौके पर शिफ्ट इंचार्ज नरेंद्र पोसवाल व देवीलाल नामक युवक आ गए। राहगीरों ने जब मारपीट करने वाले युवक को पकड़ा तो नरेंद्र व देवीलाल ने उसको छुड़वा दिया और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए चुपचाप घर निकलने को कहा। उसने फिर दौड़कर उक्त लड़के को पकड़ लिया। उसका नाम-पता पूछा तो उसने कहा कि वह गुलाबद गांव निवासी कैलाश है। उसे मौके पर पुलिस बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

# शादी की पहली वर्षगांठ पर कर दी थी पत्नी की हत्या, अब हुआ गिरफ्तार



पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार निशांत उर्फ निशू।

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**शादी** की पहली वर्षगांठ के दिन पत्नी को मौत के घाट उतारने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति की निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त चुन्नी भी बरामद कर ली है। अन्य आरोपियों की संलिप्तता को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। दहेज को लेकर शादी के बाद से ही विवाहिता को ससुराल जन प्रताड़ित कर रहे थे।

सिटी थाना प्रभारी रेनू शेखावत के अनुसार, जिला रेवाड़ी के मालपुरा गांव निवासी भरत सिंह ने 22 अप्रैल को शिकायत दी कि उसकी बेटी मोनिका की एक साल पहले 21 अप्रैल 2022 को दुकड़िया मोहल्ला पलवल निवासी निशांत उर्फ निशू के साथ शादी हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार खूब दान दहेज भी दिया था। उसने बताया कि उसका दामाद निशांत व उसकी मां विमला एवं जेठानी भारती उसकी बेटी मोनिका को दहेज में बाइक, एलसीडी व नकदी लाने के लिए प्रताड़ित करती थी। 21 अप्रैल की रात्रि को निशांत व उसके परिवार वालों ने उसकी लड़की मोनिका की फांसी लगाकर हत्या कर दी। शहर थाना पुलिस ने मृतका के पति, सास तथा जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच भवन कुंड चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र को सौंप दी। जांच अधिकारी ने अपनी टीम के साथ आरोपी पति निशांत उर्फ निशू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि और फ्रंटियर ऑटोमेटिव के बीच हुआ एमओयू



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने सोमवार को बीबीए रिटेल कोर्स के लिए फ्रंटियर ऑटोमेटिव के साथ एमओयू साइन किया है। इसके तहत बीबीए रिटेल का कोर्स करने वाले विद्यार्थी दो साल श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में पढ़ेंगे।

एक साल फ्रंटियर ऑटोमेटिव के साथ ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ कमाई का सपना साकार होगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ और फ्रंटियर ऑटोमेटिव कंपनी की एचआर हेड डॉ. प्रीति के बीच एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय ने बीबीए रिटेल का तीन वर्षीय कोर्स शुरू किया है। विद्यार्थी दो साल क्लास रूम में पढ़ेंगे और फिर एक साल फ्रंटियर ऑटोमेटिव के साथ ऑन द जॉब ट्रेनिंग करके रिटेल मार्केटिंग के गुर सीखेंगे। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा, संयुक्त निदेशक विनीत सूरी, एसोसिएट प्रो. श्रुति गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर नीता सिंह और सहायक प्रो. डॉ. विकास मिश्रा भी उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी में दिनदहाड़े चोरी करते दो दबोचे

**पलवल।** गदपुरी थाना इलाके में दूघौला स्थित विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी में दिनदहाड़े चोरी करने घुसे दो युवकों को मौके पर दबोच लिया। जिनके कब्जे से बाइक व उस पर लदे चोरी के सरिया बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

गदपुरी थाना पुलिस के मुताबिक सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी दुधौला में श्री साई कन्ट्रेक्शन मे वाटर सप्लाई का काम करता है। 23 अप्रैल को समय करीब 11.15 बजे दिन दो व्यक्ति विद्यालय के पीछे की तरफ टीन की दीवार को तोड़कर चोरी करने के लिए अन्दर आ गए, जिन्हें मौका पर चोरी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम अजीत व दूसरे ने अपना नाम मनीष निासी धतीर बतलाया। आरोप है कि इन दोनों को बाइक पर चोरी के सरिया समेत दबोच लिया। इन्होंने चोरी के सरिए कट्टा में भरे हुए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दर्द प्रबंधन की उन्नत तकनीक से कैंसर के मरीजों को मिल रही बेहतर देखभाल : आरजीसीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दर्द** का प्रबंधन और इलाज के दौरान देखभाल (पैलिएशन) से जुड़ी सेवाएं कैंसर के इलाज में नए उभरते स्तंभ की तरह हैं। बचाव और इलाज की तरह ही पैलिएशन से कैंसर का उपचार सुगम हुआ है। पैलिएटिव केयर में दर्द का प्रबंधन, बीमारी के लक्षणों का प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना और रेस्पाइट केयर (कुछ अवधि के लिए मरीज की देखभाल करना) आदि शामिल हैं।

फरीदाबाद में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (एनआईएमए) द्वारा आयोजित डॉक्टर्स कॉन्क्लेव में दक्षिणी दिल्ली के नीति बाग स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट (आरजीसीआई) के कंसल्टेंट इन चार्ज, पेन मैनेजमेंट, हॉस्पाइस केयर एंड पैलिएटिव मेडिसिन डॉ. सन्नी मलिक ने यह बात कही। इसी कॉन्क्लेव में आरजीसीआई नीति बाग की कंसल्टेंट, सर्जिकल ओंकोलॉजी डॉ. सीमा सिंह ने स्तन कैंसर से जुड़े कई मिथकों के बारे में जानकारी दी और डॉक्टरों को स्तनों को सुरक्षित रखते



हुए कैंसर के इलाज के नए तरीकों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एनआईएमए, फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ. अनिल शर्मा और महासचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया। डॉ. सन्नी मलिक ने बताया कि कैंसर के कारण होने वाले दर्द से निजात पाने में मरीजों की मदद करना कैंसर के इलाज का बहुत महत्वपूर्ण पक्ष है।

इस दर्द को नर्व ब्लॉक के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रबंधित किया जा सकता है। दर्द से जुड़ी संवेदनाओं को दिमाग तक पहुंचाने वाली नर्वस में दवा दी जाती है, जिससे ये नर्वस काम करना बंद कर देती हैं। इसके अलावा ओरल मॉर्फिन या अन्य दर्द निवारक दवाएं भी दी जाती हैं। समय पर पैलिएटिव केयर मिलने से मरीज को दर्द से राहत मिलती है, लक्षणों से आराम मिलता है और उन्हें मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग मिलता है, जिससे उनके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित होता है। स्तन कैंसर के इलाज की दिशा में नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. सीमा सिंह ने कहा, 'समय पर जांच एवं रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी के माध्यम से स्तन कैंसर के 50 प्रतिशत मरीजों में स्तनों का संरक्षण संभव है। रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी के माध्यम से या इसके बिना स्तनों को संरक्षित करने से स्तन कैंसर दोबारा होने जैसा कोई अतिरिक्त खतरा नहीं होता है।

स्तनों का संरक्षण मरीज के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उनके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित होता है।' भारत में स्तन कैंसर सबसे ज्यादा होने वाले कैंसर में शुमार है। हर 10 में से एक महिला इसका शिकार है। डॉ. सीमा ने महिलाओं को स्क्रीनिंग कार्यक्रमों से जुड़ने और डॉक्टर की सलाह पर क्लीनिकल जांच एवं मैमोग्राफी, एमआरआई आदि जैसे टेस्ट कराने का सुझाव दिया। महिला की उम्र और फैमिली हिस्ट्री आदि के आधार पर जांच का सुझाव दिया जाता है। उन्होंने नियमित रूप से स्वयं स्तनों का परीक्षण करने पर भी जोर दिया।

# 38 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान, कुलपति ने थपथपाई पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्रीविश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि रक्तदान किसी दूसरे का जीवन बचाने का पुनीत प्रयास है। रक्तदान के लिए नि:संकोच आगे आना चाहिए। यह मानवता की भावना से किया गया महादान है। वह सोमवार को श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर दूधौला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में 38 स्वयंसेवकों और स्टाफ के सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में छात्राएं भी शामिल हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने रक्तदाताओं और साप्ताहिक एनएसएस शिविर में सेवा कार्य करने वाले सभी 78 स्वयंसेवकों की पीठ



रक्तदान करने वाली युवती को प्रमाण पत्र देते कुलपति डॉ. राज नेहरू।

थपथपाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयं से पहले आप की भावना से काम करता है। इसलिए हमें दूसरों के लिए भाव रखना चाहिए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को संस्कारों के बारे में गहन जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि चरण स्पर्श करने से लेकर तालियां बजाने तक की सारी प्रक्रियाएं हमारे संस्कार और शारीरिक अवस्थाओं के लिए उपयोगी हैं। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि समाज के प्रति हम जितना भी योगदान दे सकते हैं, हमें बढ़-चढ़कर प्रयास करने चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और पर्यावरण के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हमें प्लास्टिक को अपने परिवेश से बाहर करने के प्रयास करने चाहिए। प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति ने मंच संचालन करते हुए शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नकुल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डॉ. नकुल ने बताया कि रेडक्रॉस की ओर से सभी स्वयंसेवकों को शिविर में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके लिए योग स्किल इंस्ट्रक्टर सोहनलाल ने स्वयंसेवकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी संजीव तायल, उप कुलसचिव डॉ. ललित शर्मा और जेई नरेश संधू भी उपस्थित थे।

# पलवल में राजमिस्त्री पर हमला, लोहे की रॉड से पैरा तोड़ा

**पलवल।** राज मिस्त्री ने मजदूरी पर जान से इनकार किया तो उसके घर में घुसकर गाली गलौज की गई। इतना ही नहीं, लोहे की रॉड से वार कर उसका पैर भी तोड़ दिया।

कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार, नई बस्ती शमशाबाद निवासी वंदना पत्नी विनोद कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह मजदूरी करती है और उसके पति पत्थर लगाने का काम करते हैं। उसने आरोप लगाया कि नई बस्ती सल्लागढ़ निवासी रामू उनके घर के अंदर घुस आया और उसे जबरदस्ती काम पर ले जाने की जिद करने लगा। उसके पति ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन आरोपी नहीं माना और गाली-गलौज करने लगया। जब उसके पति ने विरोध किया तो रामू ने लोहे की रॉड से उसके पति के पैर पर वार कर दिया, जिससे उसके पति का पैर टूट गया।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**फरीदाबाद।** श्रीखाण्डल विप्र सभा द्वारा राजस्थान भवन सेक्टर-10 में परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर परिवार मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस हरियाणा संपर्क प्रमुख समाज के गंगा शंकर मिश्र ने उपस्थित होकर सभी विप्र जनों को बताया कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। परशुराम है, 'प्रतीक प्यार का राम है, पराया सत्य सनातन' का इस प्रकार परशुराम का अर्थ है। पराक्रम के कारक और सत्य के धारक हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उसका अनुकरण करना चाहिए। इस विशेष अवसर पर मैं आप सभी को परशुराम जन्मोत्सव की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। समाज के अध्यक्ष मधुसूदन माटोलिया ने बताया कि संस्कृति को निरंतर हम अपनी अगली पीढ़ी में पहुंचा सकें। इसीलिए विशेष अवसर पर हमने धार्मिक प्रश्नोत्तरी, परंपरागत फेंसी ड्रेस, जिन बच्चों ने समाज में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन सभी को इस विशेष अवसर पर सम्मानित भी किया गया है, जो बुजुर्ग 70 साल से ऊपर के हो चुके हैं, उनको भी शॉल भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इसके संयोजक सुमित नोहवाल, विपिन पीपलवा, संगीता माटोलिया, कुसुम गोवला, कोषाध्यक्ष हरिराम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष भवरलाल शर्मा, देवकरण पीपलवा विश्वनाथ चोटिया, विमल खंडेलवाल अश्वनी पीपलवा, नरेंद्र चोटिया, कमल सेवदा, उमाशंकर पीपलवा, प्रमोद चोटिया, आंनद रिणवा, कमल रिणवा एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति एवमं मुख्यमंत्री मीडिया को-ऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ उपस्थित थे।

### महिला महाविद्यालय की छात्रा अंजली ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड



**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद के बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली दयाल ने जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद स्थित ब्रोकल स्कल बॉक्सिंग अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्डन पंच लगाया है। छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। पदक जीतकर महाविद्यालय पहुंची छात्रा का सोमवार को महाविद्यालय में स्वागत किया गया। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आधार हैं, जो खिलाड़ी मेहनत करते हैं, उन्हें अवश्य कामयाबी मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने छात्रा को बधाई दी तथा महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्राध्यापक बलवीर सिंह दहिया को भी शुभकामनाएं दी, जिनके मार्गदर्शन से छात्रा ने यह मुकाम हासिल किया है।

### भाटी के नेतृत्व में महिलाओं ने थामा जजपा का दामन



**फरीदाबाद।** अशोका एंक्लेव स्थित जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी के कार्यालय पर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में विधानसभा से महिलाओं ने जजपा पार्टी का दामन थाम लिया। जन नायक जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हुई महिलाओं को प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने पार्टी पतका पहनाकर जजपा में शामिल करवाया। इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा की लगातार तिगांव विधानसभा से लोगों का पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। हरियाणा सरकार की लाभकारी नीतियां लोगों को काफी लाभान्वित कर रही है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला लगातार चुनावी वादों को पूरा करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर रिपु चौधरी, मंजू देवी, आयशा इदरीसी, शहनाज बेगम, चंपा देवी, सिया गुप्ता, अनुराग,दिनेश, जय प्रकाश, संगीता, सिया गुप्ता, आशिम हलदार, अल्पना हलदार, नीरज, मनीषा गुप्ता, पिंकी राजपूत, परमिला देवी, रीना देवी को पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। सभी ने पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने की कसम खाई।

### भाजपा सरकार दे रही आरोपियों का साथ : धरमवीर भड़ाना



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह सारण के खिलाफ सोमवार को जंतर मंतर पर बैठे हरियाणा के कुश्ती पहलवानों के समर्थन में आम आदमी पार्टी के नेता धर्मवीर भड़ाना ने केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में जब देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों के साथ ही अन्याय हो रहा है तो आम आदमी का क्या होगा। भड़ाना ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि भाजपा सरकार ऐसे आरोपी को संरक्षण दे रही है। इतना ही नहीं भाजपा के मंत्री स्वयं खिलाड़ियों का शोषण करते हैं और भाजपा उनको संरक्षण देने का काम करती है। हरियाणा में पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाए गए थे लेकिन बीजेपी सरकार ने उन पर कार्रवाई करने के बजाय उनको संरक्षण देने का काम किया। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हमारी पार्टी खिलाड़ियों के हित एवं सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से उनके साथ हैं। पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुशील गुप्ता ने सोमवार को खिलाड़ियों के साथ बैठकर उनको समर्थन दिया और खिलाड़ियों को शोषण करने वाले फेडरेशन के चेयरमैन को तुरंत बर्खास्त किए जाने की मांग की। धरमबीर भड़ाना ने कहा कि सरकार को आरोपी कुश्ती फेडरेशन के चेयरमैन को हटाकर निष्पक्ष रुप इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।

### अक्षय तृतीया पर सबसे बड़ा होता है स्वावलंबन दान : सीमा त्रिखा



**फरीदाबाद।** देश भर में प्रसिद्ध महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के द्वारा फरीदाबाद में एक नए केंद्र की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायिका सीमा त्रिखा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वालंबन के लिए प्रेरित करना, प्रयास कर ही सबसे बड़ा दान है। संस्था के द्वारा सैनिक कॉलोनी में अपना नया केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें गरीब महिलाओं को स्वावलम्बित करने के लिए सिलाई केंद्र और कंप्यूटर शिक्षण केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। संस्था के द्वारा विधायक निधि से 21 महिलाओं को सिलाई मशीन दी गयी। सीमा त्रिखा ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल के द्वारा सेवा कार्यों को नमन और संस्था जमीनी तौर पर लंबे समय से निस्वार्थ सेवा कार्य कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय प्रेजिडेंट वीर अनिल जैन ने बताया कि देश भर में संचालित 400 से अधिक केंद्र सेवा कार्यों में कार्यरत है। 10000 से ज्यादा मेंबर इस सेवा कार्य में दिन रात सेवा दे रहे है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 अप्रैल, 2023



# अडाणी प्रकरण

## पवार की असहमति

**पिछले सप्ताह** रांकापा प्रमुख शरद पवार ने अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी से मुलाकात की। इस मुलाकात से अडाणी-हिंडेनबर्ग मुद्दे पर पूरे विपक्ष को एकजुट करने की देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की रणनीति ध्वस्त होती लगती है। यह कथा एक मार्क्सवादी क्लासिक रचना की तरह है जिसमें एक बुरा कार्पोरेट घराना अपनी मित्र सरकार से मिलीभगत कर येन-केन-प्रकारेण पूरे देश पर प्रभुत्व जमाना चाहता है। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी बिजनेस हाउस या बड़े पूंजीपति का नाम राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हो। लेकिन अभूतपूर्व रूप से देश की सबसे पुरानी पार्टी तथा अनेक अन्य विपक्षियों ने सोचा कि वे इस मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी जैसी मजबूत सरकार को गिरा देंगे। लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने विपक्ष की इस योजना पर ठंडा पानी डाल दिया जो भारतीय जनता पार्टी की विरोधी सभी पार्टियों को एकसाथ लाना चाहता था। जोर दिया जाना चाहिए कि पवार कोई मामूली विपक्षी नेता नहीं, बल्कि वे तीक्ष्ण बुद्धि व बेजोड़ राजनीतिक संपर्कों वाले कद्दावर नेता तथा देश के सर्वाधिक संपर्कों वाले राजनेता हैं। वे ऐसे नेता हैं जिन्होंने महाराष्ट्र में कांग्रेस, विभाजन-पूर्व की शिवसेना व अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा को एक मंच पर लाने तथा इस पश्चिमी राज्य में सरकार बनाने में सफल हुए। उनकी यह उपलब्धि इसलिए प्रशंसनीय है क्योंकि अपना लोहा मनवा चुके देश के सर्वाधिक चालाक राजनेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनके प्रमुख राजनीतिक व रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं।



तथ्य यह है कि पवार ने अपने आवास मुंबई के 'सिल्वर ओक' में अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी के साथ हुई बैठक को छिपाने का प्रयास नहीं किया। इससे पता चलता है कि विपक्षी कतारों में कांग्रेस की अडाणी-केन्द्रित रणनीति को लेकर कितने तीखे मतभेद हैं। इसके साथ ही शरद पवार के भतीजे अजित पवार की रणनीति भी जारी है। उनकी भाजपा से बढ़ती नजदीकी के संकेत मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अजित ने 23 नवंबर, 2019 में महाराष्ट्र में सबको चौंकाते हुए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की थी और उनको मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस के साथ उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। यह सरकार केवल तीन दिन चली क्योंकि अजित रांकापा व महाविकास अघाड़ी-एमवीए में वापस आ गए। एक बार फिर अफवाह है कि वे भाजपा से हाथ मिला सकते हैं, हालांकि रांकापा ने इससे इनकार किया है। लेकिन यह तथ्य है कि अजित पवार ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। न केवल शरद पवार अडाणी मुद्दे को राजनीति में घसीटने से असहज अनुभव कर रहे हैं, बल्कि सभी कांग्रेसी नेता भी इस घटनाक्रम से प्रसन्न नहीं लग रहे हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनके राजस्थान के समकक्ष अशोक गहलोत उन नेताओं में हैं जिनके लिए अडाणी की आलोचना एक 'रस्म अदायगी' जैसी है। अडाणी समूह ने इन दोनों कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश किया है। इसके अलावा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी व कट्टर अंग्रेज-विरोधी विनायक दामोदर सावरकर के प्रति अत्यधिक पूर्वाग्रही हैं। इसके कारण एमवीए के विभिन्न घटकों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने स्पष्ट रूप से सार्वजनिक मंच पर राहुल गांधी के सावरकर पर दृष्टिकोण की निन्दा की है। इन दोनों प्रकरणों से स्पष्ट है कि अडाणी व सावरकर मुद्दों पर राहुल गांधी का 'सैद्धान्तिक' दृष्टिकोण कांग्रेस की संभावनाओं को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

# मन की बात : लोकतांत्रिक संवाद

लोकतंत्र का अर्थ केवल पांच साल में एक बार सरकार बनाना नहीं है। इसका संबंध संवाद तथा विभिन्न समूहों के साथ घुलना-मिलना भी है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**लोकप्रिय** रेडियो प्रसारण, 'मन की बात' के 100वें प्रसारण की प्रतीक्षा की जा रही है। यह समय पीछे देखने तथा संवाद व कार्रवाई पर विचार करने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता से सीधा संवाद करना पसंद करते हैं जिसका देश और दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। यह रेडियो प्रसारण इस बात का सच्चा उदाहरण है कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना भी है। 99 प्रसारणों में लाखों लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वर में सहानुभूति व संवेदना पाई है। यह आश्वस्त करता है कि देश के प्रधानमंत्री अपने सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। लोकतंत्र का अर्थ केवल पांच साल में एक बार सरकार चुनना ही नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ संवाद है। यह विमर्श निरंतर जारी रहना चाहिए। जमीनी नब्ज पर ध्यान देते हुए नेताओं को जनता की नब्ज भी पहचाननी चाहिए। इसके साथ ही नेता जनता से जुड़ने के लिए मध्यस्थों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से सीधे जुड़ने की प्रवृत्ति विकसित की है। उनके कार्यालय में लाखों पत्र आते हैं और उनमें से अनेक को इस रेडियो कार्यक्रम में पढ़ा जाता है ताकि यह संदेश दिया जा सके कि लोगों से सीधे जुड़ना जरूरी है और इस संबंध का सम्मान किया जाता है। 99 प्रसारणों की विषयवस्तु का सावधानी से अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनता के निकटस्थ मुद्दों पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। इसके साथ ही वे लोगों की कठिनाइयां दूर करने के रास्ते खोजना चाहते हैं। एक प्रकार से 'मन की बात' जनता और प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय संवाद है। सीधा संवाद होने के कारण इस प्रकार के प्रसारण में शोर-शराबे का कोई स्थान नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की निगरानी में शासन का परंपरागत 'ऊपर से नीचे' वाला दृष्टिकोण 'नीचे से ऊपर' वाले दृष्टिकोण तथा सहभागी व लोकतांत्रिक माडल में बदला है जिसमें 'जन शक्ति' की संभावनायें उजागर हुई हैं। महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण व अन्य मुद्दों का निर्देशन प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' के माध्यम से किया गया है। विश्व नेताओं द्वारा पूरे इतिहास में रेडियो-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से संपर्क में 'मन की बात' का उच्च स्थान है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूज़वेल्ट का 'फायरसाइड चैट्स' या नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 'आजाद हिंद रेडियो' शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 'मन की बात' ने लोगों को यह समझाने का प्रयास किया है कि वे संपूर्ण समाज के व्यापक सरोकारों को स्वीकारने की जिम्मेदारी लें। इस रेडियो कार्यक्रम से यह बात मजबूती से स्थापित हुई है कि अकेले सरकार दृष्टिकोण बदलने का काम नहीं कर सकती है। दिसंबर, 2016 से मार्च, 2023 तक प्रधानमंत्री के आधिकारिक फेसबुक पर 'मन की बात' पर लगभग 6 करोड़ लोगों ने अपनी राय दी है। कोविड-19 लाकडाउन काल में प्रधानमंत्री के फेसबुक पर 'मन की बात' पर दो करोड़ से अधिक लोगों की राय मिली। 'मन की बात' के तीन सामान्य विचारों में 'जन शक्ति' का अर्थ लोगों की सोच बदलना तथा भारत को उसकी सभ्यतामूलक जड़ों से जोड़ना है। इसके साथ ही प्रधामंत्री मोदी के 'मन की बात' प्रसारणों ने आम जनता के दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है तथा अनेक सरकारी पहलों को जन-आंदोलनों में बदला है। उन्होंने खादी व अन्य 'स्वदेशी' उत्पादों, 'स्वच्छता', योग, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के माध्यम से महिला सशक्तीकरण, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, आदि पर जोर दिया है। इससे प्रमुख गांधीवादी दर्शन 'स्वदेशी से स्वराज' को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसे इस तथ्य से भी देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वानों से एक सप्ताह में खादी की बिक्री में 125 प्रतिशत वृद्धि हुई। पिछले आठ साल में 2014-15 से लेकर 2021-22 के बीच खादी क्षेत्र में उत्पादन 191 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खादी की बिक्री में असाधारण रूप से 232 प्रतिशत वृद्धि हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भरता' का आह्वान कर भारत को आत्म-निर्भर बनाने का प्रयास किया जिसे रेडियो कार्यक्रम के स्रोताओं ने बहुत पसंद किया। 66वें प्रसारण में उनको असम की एक महिला तथा तमिलनाडु के एक पुरुष के फोन काल मिले जिन्होंने आत्म-निर्भर भारत की अपनी इच्छा प्रकट की। 'वोकल फार लोकल' तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के माध्यम से इसकी पूर्ति हुई। 'मन की बात' के पहले प्रसारण में एक नागरिक का पत्र पढ़ते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सुझाव दिया कि उनके स्रोता 10 बुरी आदतें छोड़ दें जिसमें धूल और गंदगी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये देश को ग्रस्त करने वाली सबसे बड़ी बुराइयां हैं। इससे देश को ठोस कचरा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त हुआ। शहरों में कचरे की समस्या बहुत दयनीय थी। नगरपालिका प्रशासन लगातार बढ़ते ठोस कचरे के निस्तारण में स्वयं को अक्षम पा रहे थे और देश भर के लैंडफिल साइटों पर इसके पहाड़ खड़े हो रहे थे। कचरे के ऐसे पहाड़ जहरीली गैस उत्सर्जन के स्रोत थे। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से ये ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस विशाल चुनौती से निपटने में जनता की सहायता मांगी। भारत की जनसंख्या 1.3 बिलियन है जो वर्तमान समय में हर साल 62 मिलियन टन नगरीय ठोस कचरा पैदा करती है। इसके साथ ही अनेक अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि भारत हाल ही में दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। इस जनसंख्या वृद्धि के चलते यदि कचरे को संसाधित न किया गया तो बैंगलुरू के आकार के लगभग 90 प्रतिशत के बराबर लैंडफिल साइटों की जरूरत होगी। 'वेस्ट टु वेल्थ मिशन' का उद्देश्य नई तकनीकों की पहचान व उनकी सहायता कर एक स्वच्छ व हरित परिवेश तैयार करना है। इस मुद्दे से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने कचरे के पुनर्चक्रण तथा कचरे से उर्वरक, ईंटें, बिजली तथा पानी की रिसाइक्लिंग कर इसका सिंचाई में प्रयोग करने की बातें 'मन की बात' के अनेक प्रसारणों में कहीं।

उनके आह्वान को व्यक्तियों के रूप में जनता ने स्वीकार किया तथा नगरपालिका संस्थानों ने ठोस कचरा प्रबंधन में टिकाऊ रूप से सामूहिक प्रयासों को महत्व दिया। जल्द ही अनेक ग्राम पंचायतें भी इस अभियान में शामिल हो गईं। इससे जो जल स्रोत कचरा जमा करने के स्थल बन गए थे, वे बहाल हुए तथा उन्होंने अपनी पुरानी गरिमा प्राप्त की। इससे लोगों के सोच-विचार में व्यापक परिवर्तन आया और वे अपने सामने मौजूद मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने लगे। मीडिया के लोगों को श्रेय देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक घटना याद की जहां श्रीनगर के 18 वर्षीय बिलाल डार रोज जहरीले कचरे के लिए कुख्यात हो चुकी वूलर झील से प्लास्टिक, पोलीथीन, बेकार बोतलों, आदि को निकालने के लिए रोज 5-6 घंटे काम करते थे। पता लगा कि बिलाल डार ने 2017 में 12,000 किलो कचरा निकाला था। इसके लिए श्रीनगर नगर निगम ने उनको अपना 'ब्रांड अम्बैसेडर' भी बनाया था। 'मन की बात' के 84वें प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूबा डाइवर्स के बारे में एक प्रेरक प्रकरण का साझा किया जिसने मांगामरिपेटा बीच से 100 मीटर दूर से 13 दिनों में 4,000 किलो तक प्लास्टिक कचरा निकाला था। इससे स्पष्ट हुआ कि एक छोटी पहले कैसे बड़े अभियान में बदल जाती है। 'मन की बात' के 99 प्रसारणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश भी दिया कि वे एक बहुत अच्छे स्रोता भी हैं। उन्होंने इनके प्रसारण से स्पष्ट कर दिया कि वे जनता की बातें सुनना पसंद करते हैं और इसे प्राथमिकता देते हैं। इस प्रकार अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के प्रसारणों ने देश में त्रि-स्तरीय लोकतंत्र को नई दिशा दी है जिसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा ग्रामीण व नगरीय स्थानीय निकाय शामिल हैं।

# क्या नीतीश को भी बुलाएगा उत्तर प्रदेश!

"मोदी के विजय अभियान को चुनौती देने की अभिलाषा भले ही नीतीश को उत्तर प्रदेश खींच लाए लेकिन तमाम किंतु व परंतु के साथ यूपी की सियासी राह पथरीली ही प्रतीत होती है।"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिंदी के लखनऊ के ब्यूरा चीफ हैं)



**गुजरात** के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रोजेक्ट होने के बाद जब लोकसभा चुनाव लड़ने वाराणसी पहुंचे तो उनका यह कथन, 'मैं आया नहीं हूं। मुझे मां गंगा ने बुलाया है' काफी लोकप्रिय हुआ था। इसने जहां एक ओर मोदी समर्थकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया वहीं मोदी के राजनीतिक विरोधियों को व्याकुल कर के रख दिया।

हालांकि औपचारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन हाव-भाव, व्यवहार में व्यग्रता, एक प्रकार की आतुरता और विपक्षी एकता के आवरण में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के चक्कर काटने से साफ पता चलता है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार खुद को पीएम नरेंद्र मोदी के चैलेंजर के तौर पर पेश करने पर आमादा हैं और अब ऐसा लगता है कि वह मोदी की रणनीतिक काट के लिए उन्हीं की तर्ज पर उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि इस बात से उन्हें अभी पर्दा उठाना है कि उन्हें यूपी बुलाया किसने है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रिश्तेदार व बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को साथ लेकर पूर्व सीएम से मिलने का नीतीश कुमार का प्रयोजन उत्तर प्रदेश में मोदी की चुनावी संभावनाओं को संकुचित करना व अपनी (व्यापक संदर्भों में विपक्ष की) चुनावी स्वीकार्यता को व्यापकता देना ही है। मोदी का मां गंगा द्वारा बुलाए जाने का कथन भले ही राजनीतिक संवाद हो लेकिन नीतीश कुमार का उत्तर प्रदेश से चुनावी संभावनाएं तलाशना विशुद्ध जातीय जोड़ तोड़ से संख्या बल हासिल करने की कवायद से इतर कुछ भी नहीं है।

नीतीश कुमार के सोमवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मिलने के राजनीतिक निहितार्थ हैं। उत्तर प्रदेश की 80 व बिहार व पश्चिम बंगाल की क्रमशः 40 व 42 मिलाकर कुल 162 सीटें होती हैं और नीतीश कुमार अपने राजनीतिक अभियान के पहले चरण में इन 162 सीटों के लिए कोई प्रभावी रणनीति बना पाते हैं तो यह उनकी आगे की लड़ाई के लिए सहायक सिद्ध होगा। ऐसे में उनका उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का ताना बाना बुनना समझा भी जा सकता है।



नीतीश कुमार का उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ना राजनीतिक दृष्टि से अर्थपूर्ण है। नीतीश कुमार का ताल्लुक पिछड़ी कुर्मी बिरादरी से है जो यूपी में यादवों के बाद राजनीतिक रूप से दूसरी सबसे प्रभावी पिछड़ी जाति है। बताते चलें कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों में भागीदार अपना दल विशुद्ध रूप से कुर्मी समर्थन पर आधारित राजनीतिक दल है जिसकी नेता केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल हैं। प्रदेश की लगभग दो दर्जन सीटों पर कुर्मी समाज चुनाव जीतने अथवा जीत हार में निर्णायक भूमिका निभाने की हैसियत रखता है।

नीतीश कुमार के लिए कतिपय सीटों पर चुनावी समीकरण मुफीद हो सकते हैं बशर्ते उन्हें समाजवादी पार्टी का समर्थन हासिल हो सके और कहने की जरूरत नहीं कि नीतीश-अखिलेश मुलाकात इसी उद्देश्य पर आधारित है। यादव-कुर्मी-मुस्लिम व अन्य मिलकर भाजपा के लिए सशक्त चुनौती पेश कर सकते हैं और इस दृष्टि से नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश की कम से कम आधा दर्जन सीटों में से किसी से भी भाग्य आजमा सकते हैं। नीतीश समर्थक सबसे पहले फूलपुर सीट का नाम लेते हैं और इसके बाद अंबेडकरनगर सीट का उल्लेख करते हैं। हालांकि अम्बेडकरनगर सीट के सामान्य होने के बाद हुए तीन चुनाव में कोई कुर्मी जीता नहीं है।

भाजपा के दिग्गज कुर्मी नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने सात बार बरेली सीट जीती जबकि एक और दिग्गज कुर्मी नेता स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार कैसरगंज व एक बार गोंडा सीट जीती। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, बांदा जैसी कुछ अन्य सीटों पर भी कुर्मी खासी तादाद में हैं और ये नीतीश के लिए चुनाव लड़ने के लिहाज से विकल्प हो सकती हैं।

जाहिर है कि अंकगणित अथवा जातियों का फिजिक्स तो नीतीश के अनुकूल बैठता है लेकिन यह भी तो सर्वविदित है कि चुनावी राजनीति में अंकगणित अथवा फिजिक्स नहीं बल्कि जातिगत रसायन शास्त्र यानि कास्ट केमेस्ट्री काम करती है और इसका उदाहरण बीते लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में ही देखा व परखा जा चुका है।

गत लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा के बीच गठबंधन हुआ था और तब राजनीतिक पंडितों ने भविष्यवाणी की थी कि यह गठबंधन भाजपा पर भारी पड़ेगा और उसकी चुनावी संभावनाओं को गहरा आघात लगेगा। पर हुआ क्या? आघात लगा सपा-बसपा गठबंधन को क्योंकि भाजपा 80 में 62 सीटें जीतने में सफल रही। कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी के विजय अभियान को चुनौती देने की अभिलाषा व लालसा भले ही नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश खींच लाए लेकिन तमाम किंतु व परंतु के साथ यूपी की सियासी राह पथरीली ही प्रतीत होती है। इसे सत्ता प्राप्ति का मार्ग बनाना आसान नहीं है और कदाचित भागीरथी प्रयास ही इस दिशा में कुछ कर सके और लाख टके का सवाल यही है कि क्या नीतीश कुमार में भागीरथ प्रयास करने की सामर्थ्य है।

## आप की बात

### उद्धव की चुनौती

**उद्धव ठाकरे** ने बीजेपी एवं शिंदे गुट की शिवसेना को एक बार फिर चुनौती देते हुए कहा है कि अगर शिंदे सरकार में हिम्मत है तो वह मानसून से पहले विधानसभा के चुनाव करा कर देख ले। पहले उद्धव ठाकरे ने जो कुछ किया था वह तो बाला साहब की आकांक्षाओं वाली बातें कतई नहीं थी। यह बात भी सभी जानते हैं कि बाला साहब ने अपनी जिंदगी में कभी भी कांग्रेस या किसी भी कांग्रेसी विचारधारा वाली पार्टी के संग कभी भी हाथ नहीं मिलाया था, जबकि उद्धव ठाकरे ने वह किया जो बाला साहब कभी पसंद नहीं करते। अपनी ही हिंदूवादी विचारधारा को त्याग कर सत्ता का वरण तो बाला साहब कभी नहीं करते। उन्होंने महाराष्ट्र में कई बार सीएम का पद तक ठुकरा दिया था मगर उनके बेटे उद्धव ने तो सीएम पद के लालच में कांग्रेस को साथ में लेकर सरकार भी बनाई। ऐसे में शिंदे गुट ने अगर भाजपा से समझौता किया तो क्या गलत किया कारण यह दोनों ही राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टियां है एवं समान विचारधारा वाली पार्टियों का गठबंधन तो हमेशा ही जायज माना जाता है। उद्धव की चुनौती स्वीकार करने से शीघ्र ही दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा एवं जनता किसे पसंद करती है यह भी पता चल जाएगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### हिंदू-विरोधी सोच

**ब्रिटेन** की द हेनरी जैक्शन सोसाइटी द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट- एंटी हिंदू हेट इन स्कूल्स, में बताया गया है कि ब्रिटेन में पढ़ने वाले हिंदू बच्चों को स्कूल में कई तरह से प्रताड़ित करते हुए उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह रिपोर्ट बेहद गंभीर और विचारणीय है। इसका अर्थ है कि अतिवादियों का जाल विश्व स्तर पर फैल चुका है और वहां भी प्रेम जाल में फंसाने से लेकर घौंस, धमकी व हिंसा तक का सहारा लेकर छात्रों को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हिंदू रीति रिवाजों के पालन पर उनकी खिल्ली उड़ाई जाती है। ऐसे में छात्रों के लिए पढ़ाई करना मुश्किल होता जा रहा है। भारत सरकार को यह मुद्दा ब्रिटेन के साथ उठाना चाहिए। और शीघ्र ही उचित कदम उठाने को कहना चाहिए। साथ ही ब्रिटेन में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को एकजुट होकर ऐसे मंसूबों का प्रतिकार करना चाहिए। वास्तव में यह दुनिया भर में हिंदुओं व भारत के बढ़ते सम्मान के प्रति प्रतिक्रिया है जो ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने के बाद और तीखी हुई है। इसका सभी स्तरों पर मुकाबला करना जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### लोकप्रिय यूट्यूब

**आज** की नई पीढ़ी के लिए यूट्यूब सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि इसे कमाई के साधन के रूप में भी देखा जा रहा है। इक्कीसवीं सदी का युवा आसानी से पैसे तो कमाना चाहता है लेकिन स्वतंत्र भी रहना चाहता है, यही वजह है कि यूट्यूब युवाओं के बीच इतना पॉपुलर है। न इसमें एक निश्चित समय पर वीडियो पोस्ट करने की कोई सीमा है और न ही उच्च अधिकारियों से डॉंट या ताने सुनने की फिक्र। खुद का यूट्यूब चैनल बनाकर पैसे कमाने और फेमस होने के बढ़ते क्रेज़ के कारण कई युवा इंटर या ग्रेजुएशन के बाद आगे की पढ़ाई के बारे में न सोचकर यूट्यूब पर अपना चैनल बनाने में ही लग जाते हैं। मौजूदा समय में अभ्यर्थियों के लिए मार्कशीट में लिखे अंक जितना मायने रखते हैं उतना ही युवा यूट्यूबर्स के लिए सब्सक्राइबर्स और लाइक मायने रखते हैं। गौरतलब है कि आज का युवा अपने जीवन को सार्थक बनाने के बारे में न सोचकर सिर्फ नाम और पैसे कमाने के बारे में सोच रहा है। लेकिन युवाओं को यह भी समझना चाहिए कि यूट्यूब सिर्फ मनोरंजन का एक माध्यम है और इसे कभी भी स्थायी रोज़गार के रूप में नहीं देखना चाहिए।

–**विट्ठल शुक्ला,** कानपुर

### बढ़ता सैन्य खर्च

**स्वीडन** स्थित अंतराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संसथान ने अपने नवीनतम जारी प्रतिवेदन में यह दावा किया है कि शीत युद्ध के इस काल में पिछले वर्ष यानी 2022 में दुनिया का सैन्य खर्च रिकॉर्ड गति से बढ़ा। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यूरोप में वृद्धि ने वैश्विक सैन्य व्यय को 2.24 ट्रिलियन या दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद के 2.2 प्रतिशत पर सीधे पहुंचाने में मदद की। अध्ययन के सह-लेखकों में से एक शोधकर्ता नान तियान ने बताया कि यह वृद्धि यूक्रेन में युद्ध से प्रेरित है। अमेरिका और चीन के बीच पूर्वी एशिया में अनसुलझे व बिगड़ते तनाव के कारण भी सैन्य खर्च बढ़ रहा है। सेना पर पांच सबसे बड़े खर्च करने वालों में संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन व रूस हैं जो कुल खर्च का 62 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर रहे हैं। काश बुद्धिमान मानव यह खर्च भुखमरी, गरीबी, बीमारी, शिक्षा का प्रसार व जलवायु परिवर्तन पर करता तो मानवता का भविष्य कितना सुखमय हो सकता था। क्या ऐसे में हम इस धरती का सबसे बद्धिमान प्राणी होने का दावा कर सकते हैं?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 अप्रैल, 2023



# पीएम मोदी के विजन पर ही यूपी में हो रहे विकास कार्य: योगी

**● मुख्यमंत्री ने सहारनपुर, शामली व अमरोहा की चुनावी जनसभाओं में विपक्ष पर बोला करारा हमला**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ शामली/ अमरोहा।





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वेस्ट यूपी से नगर निकाय चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने सहारनपुर, शामली और अमरोहा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

शामली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो माफिया अपराधी धमकी देते थे। आप देख रहे होंगे कि वे सब अब गायब हैं। उन पर कोई दो बूंद आंसू बहाने वाला भी नहीं है। मैं इसलिए आगे नहीं बोल रहा हूं कि कुछ बोल दूं तो और हो न जाए। गुंडा टैक्स वसूलने वाले कहां गए, पता ही नहीं। कर्फ्यू लगाने वाले भी आपके बीच वोट मांगने आएंगे पर इनका ध्यान न देना। सीएम ने कहा कि याद करना कि आज निकलने वाली भर्तियों में शामली का नौजवान भी भर्ती होता है पर 2017 से पहले शामली, मुजफ्फरनगर के नौजवानों की भर्ती नहीं होती थी। याद कीजिए छह साल पहले शामली की क्या स्थिति थी। कैराना, कांधला में पलायन, गुंडाराज, दंगों का दंश, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, नौजवानों को नौकरी नहीं, व्यापारी रिस्क लेकर व्यापार करता था। उनसे गुंडा टैक्स की वसूली होती थी। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में रहते थे। आज बेटियां कहती हैं कि अब जब बाबा मुख्यमंत्री हैं तो हमें कैसा डर। यह विश्वास ही हमारी ताकत है।

अमरोहा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन ही यूपी का मिशन है। इसी के तहत पूरे प्रदेश में विकास कार्य हो रहे हैं। अमरोहा बहुत जल्द दो दो एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाला जिला बनने जा रहा है। यहां के तिगरी मेले को हमने राज्य मेले का दर्जा दिया है। अब अमरोहा गुंडे, बदमाश, अपराधी और उपद्रवी की नहीं, महोत्सव की भूमि बन चुका है। अमरोहा वालों ने ढोलक बजाकर अपनी प्राचीन कला को ऊंचाई दी है, तो हमने भी ढोलक बजाकर प्रदेश से माफिया को रसातल में पहुंचा दिया है। ऐसा तब संभव हो सका है, जब डबल इंजन की ताकत के साथ विकास और कानून व्यवस्था के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। अब समय आ गया है जब नगर निकाय के ट्रिपल इंजन को भी जोड़कर इस यात्रा को बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे बढ़ाया जाए। विकास के लिए पैसे की आज कोई कमी नहीं है। जो पैसा दिल्ली और लखनऊ से आए वो गरीब और नौजवानों के काम आ सके, मैं आपसे यह अपील करने आया हूं।

# नए यूपी के लिए 5जी बहुत आवश्यक: सीएस

**● कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशाप ऑन 5 जी का दुर्गा शंकर मिश्र ने किया शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदलता हुआ नया और आकांक्षी प्रदेश है। इस नये उत्तर प्रदेश के लिये 5 जी बहुत आवश्यक है। जिस प्रकार से हम लोग टेलीफोन के माध्यम से एक दूसरे से कनेक्ट रहते हैं, उसी प्रकार डिवाइसेज भी एक दूसरे से कनेक्ट हो जायेंगी। 5 जी के आने से पलक झपकते ही रिस्पॉस मिलेगा। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में अगले कुछ महीनों में 5 जी सेवाओं के विस्तार के लिये चुना गया है, जो आने वाले समय में लोगों के जीवन में मेजर ट्रांसफार्मेशन लायेगा।

मुख्य सचिव इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संचार मंत्रालय भारत सरकार तथा आईटी एवं इलेक्टॉनिक्स विभाग द्वारा आयोजित 'कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप ऑन 5 जी' का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान को जोड़ा है। विकसित भारत का लक्ष्य अनुंसधान के द्वारा ही पूरा होगा। यह अनुसंधान हमारी यंग जेनरेशन करेगी। इतनी सारी नई-नई चीजें निकलेंगी, जो हमारे जीवन में परिवर्तन की लहर लायेंगी। पूरी दुनिया में हमारे देश के आईटी एक्सपर्ट छाये हुए हैं। 5 जी टेक्नोलॉजी के उपयोग से ऐसे प्रोडक्ट बनायेंगे, जो दुनिया के सिरमौर बनेंगे। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने के साथ-साथ लोकल-टू-ग्लोबल के सपने को साकार करेंगे, इसके लिए विभागों को सोचना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी को अंगीकार करके ही भ्रष्टाचार को दूर, स्पीड, स्केल और स्किल को बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री का देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तथा मुख्यमंत्री की प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने के संकल्प को टेक्नोलॉजी के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। आने वाले समय में हमारे देश में यंग, क्रिएटिव और कंट्रीब्यूटिंग पापुलेशन की संख्या सबसे ज्यादा होगी, ऐसे में हमारे देश को आगे ले जाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 जी टेक्नोलॉजी का आना हमारे लिए बहुत शुभ संकेत है। उन्होंने भारत सरकार के टेलीकॉम डिपार्टमेंट से कहा कि प्रदेश में 5 जी को तेजी से रोल आउट करें। इस कार्य में उत्तर प्रदेश हर प्रकार से सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि 5 जी को लेकर तमाम सारी अफवाहें हैं, यह सत्य नहीं हैं। 4 जी आने पर भी इसी तरह की अफवाहें फैली थी। टेक्नोलॉजी के खिलाफ बहुत सारे लोग होते हैं। ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने टेलीकॉम विभाग से कहा कि इन अफवाहों को समाप्त करने के लिये उनके पास स्पष्ट टेक्निकल पेपर्स होने चाहिए, इसके लिये एक्सपर्ट को इंगेज करें। यह अफवाहें मानवता के खिलाफ हैं, इन अफवाहों को टेक्निकल तौर ही खत्म कर सकते हैं, इन अफवाहों को टेक्निकल तौर पर खंडन किया जाए।

# भूसा संग्रहण कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई



**● भूसे के लिए दान दाताओं व समाज सेवियों का भी लिया जाए सहयोग**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में निराश्रित गौवंश के भरण पोषण के लिए भूसा संग्रहण के लिये 20 अप्रैल से चलाये जा रहे एक माह के विशेष अभियान की आज समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि भूसा अभियान की सफलता के लिये प्रत्येक मंडल में अपर निदेशक स्तर का अधिकारी नामित किया जाये और उनके द्वारा अपने मंडल के अधीन हर जनपद में भूसा संग्रहण की प्रतिदिन समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय उपलब्ध कराई जाये।

उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों हेतु भूसा संग्रहण कार्यों में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। पशुधन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूसा टेन्डर की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जाये और भूसा भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पशुधन मंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर से अधिक से अधिक भूसा क्रय किया जाये। भूसा हेतु दान दाताओं एवं समाज सेवियों का भी सहयोग लिया जाए। भूसा संग्रहण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए ताकि गोशालाओं में वर्ष पर्यन्त चारे भूसे की कमी न होने पाये और गोवंश की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं। मंत्री धर्मपाल ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गोशालाओं का रख.रखाव व्यवस्थित तरीके से किया जाए और गोवंश को धूप व लू से बचाने हेतु त्रिपाल, टाट व अन्य माध्यमों से शेड की व्यवस्था की जाये और स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा और पर्याप्त औषधियों की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं गोशालाओं में छाया के दृष्टिगत पीपल, पाकड़, नीम आदि का वृक्षारोपण भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थल पर चारे की कोई कमी न होने पाये और चारागाह पर हरा चारा भी पर्याप्त मात्रा में उगाया जाय। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण केन्द्रों में शत.प्रतिशत ईयर टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। श्री धर्मपाल सिंह ने पशु सेवा हेतु मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट्स का निर्धारित रूट पर नियमित रूप से संचालन करने और इस सेवा का अधिकाधिक लाभ किसानों एवं पशुपालकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों के दृष्टिगत टीकाकरण का कार्य भी ससमय सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पान्डे ने मंत्री को भूसा संग्रहण एवं गोशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में पशुपालन विभाग के निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ. तरूण कुमार तिवारी, अपर निदेशक गोधन डॉ. राजेश कुमार तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# निकाय चुनाव में मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों, पार्षदों तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षो व सदस्यों के चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की 9 अप्रैल को जारी अधिसूचना के दृष्टिगत 4 मई दिन बृहस्पतिवार को प्रथम चरण के मतदान वाले जनपदों में तथा 11 मई दिन बृहस्पतिवार को द्वितीय चरण के मतदान वाले जनपदों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। प्रथम चरण मतदान दिवस 4 मई को जिन जनपदों में अवकाश घोषित किया जायेगा, उसमें शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, ललितपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गोण्डा, बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चन्दौली एवं जौनपुर शामिल है। द्वितीय चरण मतदान दिवस 11 मई को जिन जनपदों में अवकाश घोषित किया जायेगा उसमें मेरठ, हापुड, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़, कानपुर नगर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, भदोही एवं मीरजापुर शामिल है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सम्बंधित जिलाधिकारी मतदान दिवस के दिन अपने-अपने जनपदों में सार्वजानिक अवकाश घोषित करेगें।

# प्रदेश को शीघ्र टीबी मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करें: दुर्गा शंकर

**● मुख्य सचिव ने की राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य है, किन्तु समन्वित प्रयास करके इसको वर्ष 2025 से पूर्व ही खत्म करने के लिए कार्य किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे टीबी उन्मूलन के लिए सराहनीय कार्य किये गये है तथा सभी 9 इंडीकेटर्स में जहां देश का स्कोर 84 है वहीं प्रदेश का स्कोर 85 है। टीबी उन्मूलन में सराहनीय कार्यों के लिए जालौन, पीलीभीत, बुलंदशहर व मुजफ्फरनगर जनपद को सिल्वर मेडल तथा कौशाम्बी, संतरविदासनगर, हापुड़, शामली, उन्नाव, बलरामपुर व सोनभद्र जनपद को कांस्य मेडल प्राप्त हुआ है।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी 75 जनपद निर्धारित सभी एंडीकेटर्स में अच्छा स्कोर लाने के लिए प्रयास करे और प्रदेश को शीघ्र टीबी मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करें। मुख्य सचिव ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों का सर्वे कराया जाये जोकि टीबी से मुक्त हैं तथा ऐसी ग्राम पंचायतों के हेल्थ-आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्रोत्साहित किया जाये। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में वार्डों के लिए भी कार्य किये जायें। उन्होंने कहा कि टीबी के जो मरीज इलाज से पूर्णतया स्वस्थ हो गये हैं, उनका सोशल-डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाये।

# सपा सरकार बनने पर वनवासियों को तमाम सुविधाएं दी जाएंगी: अखिलेश

**● आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सपा अध्यक्ष से की भेंट**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को मिर्जापुर और छानबे विधानसभा क्षेत्र से मिलने आए आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा राज में जंगल जमीन से आदिवासियों को उजाड़ा गया है। सरकारी वन अधिनियम से उनकी परेशानी बढ़ी है। आदिवासी क्षेत्र में पानी का घोर संकट है। समाजवादी सरकार बनने पर वनवासियों को प्राथमिकता से तमाम सुविधाएं दी जाएगी। महिलाओं को 500 की जगह तीन हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि वाराणसी से सोनभद्र तक सड़क समाजवादी सरकार ने ही बनाई थी। सड़क और बिजली से विकास को रफ्तार मिलती है। सोनभद्र की बिजली नोएडा तक जाती है। सोनभद्र में सबसे ज्यादा बिजली बनती है। यहां सीमेंट और हिंडाल्को उद्योग है। समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व्यासजी गौड ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र सोनभद, छानबे विधानसभा क्षेत्र तथा दुद्धी में जल संकट से लोग परेशान हैं। भाजपा झूठे आश्वासन देती है। समाजवादी जो कहते हैं वह करते हैं।

आदिवासी महिलाओं ने कहा कि उनके समाज को समाजवादी सरकार और अखिलेश यादव से ही सम्मान मिला है। उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिला था। 102 और 108 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा समाजवादी सरकार में ही दी गई थी। समाजवादी सरकार ने ही जो शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं दी थी वहीं अभी तक चल रही हैं। भाजपा सरकार में कोई विकास नहीं हुआ। जब आदिवासी महिलाओं ने अपनी गरीबी का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पास पूरे कपड़े तक नही हैं। उन्हें भरपूर भोजन भी नसीब नहीं होता है। अखिलेश जी ये सुनकर भावुक हो उठे। आदिवासी महिलाओं ने अखिलेश यादव को पारम्परिक बांस की टोपी तथा आदिवासी महानायक बिरसामुंडा का हथियार तीर कमान भेंट करने के साथ शबरी का भगवान रामचंद्र जी को बेर खिलाने वाला एक चित्र भी भेंट किया। अखिलेश यादव से मिलने वालों में आदिवासी समाज ट्रस्ट मिर्जापुर की गुड्डी देवी कोल, श्याममती कोल छानबे विधानसभा सहित बुटा कोल, सरस्वती कोल, कलावती कोल, शांति देवी कोल, मीरा देवी कोल, कौशिल्या देवी कोल, सुघरा देवी कोल, फूलवंती देवी कोल, इन्द्रवती कोल, अमृत लाल कोल, अनीता कोल, मुन्नी भारती, गीता देवी कोल, शिवमन्दिर कोल, विनय कुमार कोल, रमेश कोल पूर्व बीडीसी, पप्पू कोल, अशोक कोल, गुलाब देखमुख कोल, वासुदेव कोल आदि प्रमुख हैं।

# दूसरे चरण में महापौर के सभी सात पदों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने किए नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में चल रहे नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण के 9 मंडलों, 38 जनपदों के अंतर्गत 7 नगर निगम, 100 नगर पालिका तथा 327 नगर पंचायतों के निर्वाचन में कांग्रेस पार्टी द्वारा महापौर, नगर पालिका-पंचायत अध्यक्ष पद, पार्षद-सभासद/सदस्य पद के लिए घोषित उम्मीदवारों ने आज पर्चा दाखिला के अंतिम दिन अपना नामांकन पूरी तैयारी और कोविड- 19 के नियमों का पालन करते हुए किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि द्वितीय चरण में सम्पन्न होने वाले 7 महापौर, कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी कानपुर से आशनी अवस्थी, मेरठ स नसीम कुरैशी, बरेली से डॉ. कुलभूषण त्रिपाठी, शाहजहांपुर से निक़हत इकबाल, गाजियाबाद से पुष्पा रावत, अलीगढ़ से सीपी गौतम तथा अयोध्या से प्रमिला राजपूत ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही सभी वार्डो से पार्षद/सभासद/सदस्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल किया।

प्रवक्ता ने बताया कि कानपुर मेयर प्रत्याशी के नामांकन में पूर्व विधायक अजय कपूर/ भूधर नारायण मिश्रा, नेक चन्द्र पाण्डेय, सोहिल अख्तर अंसारी, संजीव दरियाबादी, प्रदेश महासचिव शरद मिश्रा, नौशाद आलम, मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, बरेली के नामांकन में मुजाहिद्दीन, पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल, गाजियाबाद के नामांकन में पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, डॉली शर्मा, सतीश त्यागी, बदरूद्दीन कुरैशी, बृजेन्द्र यादव, अयोध्या मेयर प्रत्याशी के नामांकन में राजेन्द्र प्रताप सिंह, राम वर्मा, मेरठ के नामांकन में ओपी शर्मा, मोहम्मद इमरान, पीटर हैरिसन, शाहजहांपुर के नामांकन में रिसाल अहमद, अशफाक उल्ला, धर्मेन्द्र दीक्षित, अलीगढ़ मेयर प्रत्याशी के नामांकन में पूर्व विधायक विवेक बसंल, गिरिवल शर्मा, प्रतिमा सिंह, स्वाराज्य जीवन, संतोष सिंह, कौशलेन्द्र यादव इत्यादि प्रमुख रहे।

# कैदियों को एचआईवी व टीबी से सुरक्षित बनाने पर मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● महानिदेशक कारागार एसएन साबत ने किया प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ**

**प्रदेश** की जेलों में निरुद्ध कैदियों को एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस बी.सी और सिफलिस से सुरक्षित बनाने पर सोमवार को यहां एक निजी होटल में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के नेतृत्व में यूपीएनपी प्लस संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जेलों के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को तकनीकी और व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग एस एन साबत ने किया।

अपने संबोधन में साबत ने कहा कि कैदियों को बीमारियों से सुरक्षित बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसी के तहत हर कैदी के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच की जाती है। स्क्रीनिंग एवं जांच के लिए संसाधनों को भी बेहतर बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुहिम रंग लाएगी और कैदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन के दिशा निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी कारागार के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कैदियों के गुणवत्तापूर्ण जाँच और बेहतर इलाज के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। दो बैच में करीब 168 कर्मचारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। नाको के लक्ष्य के मुताबिक प्रदेश की सभी जेलों के सभी कैदियों की छह माह के अन्तराल पर एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस बी.सी और सिफलिस की स्क्रीनिंग और जांच के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह प्रशिक्षण बहुत ही कारगर साबित होगा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि वर्ष 2022-23 में करीब 3.12 लाख कैदियों तक पहुंच बनी, जिनमें से करीब 2.67 लाख कैदियों की स्क्रीनिंग और जांच की गयी। इनमें 1104 कैदी एचआईवी पाजिटिव पाए गए जिनको एआरटी सेंटर से लिंक किया गया। इसी प्रकार करीब 2.72 लाख कैदियों की टीबी की स्क्रीनिंग की गयी, जिनमें से 9012 कैदियों की टीबी की जांच हुई। इनमें 279 कैदियों में टीबी की पुष्टि हुई, जिनमें से सभी टीबी मरीजों को डॉटा सेंटर से जोड़ा गया। इसी तरह 2988 कैदियों की हेपेटाइटिस-सी की जाँच की गयी, जिसमें से 125 पाजिटिव पाए गए। इन सभी का समुचित इलाज किया गया। संयुक्त निदेशक एसटीआई डॉ शुभ्रा मित्तल ने सप्लाई चेन मैनेजमेंट और किट की उपलब्धता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा यूपीएनपी प्लस संस्था की राज्य समन्वयक अमृता सोनी ने जेल चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की समस्याओं को सुना और उसके समाधान का भरोसा दिलाया। उपनिदेशक डॉ चित्रा सुरेश और अपर निदेशक अजय शुक्ला ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।



### प्रिजनर पीयर मोबलाइजर और कम्युनिटी रेडियो का भी सहारा

**उन्होंने** बताया कि कैदियों की जांच और इलाज को सुचारू बनाने के लिए 18 प्रिजनर पीयर मोबलाइजर की नियुक्ति की गयी है। इनके माध्यम से प्रदेश की 74 जेलों को कवर किया जा रहा है। इनके माध्यम से कैदियों के बीच में से ही प्रिजन पीयर वालंटियर्स चुने गए हैं, जिनको प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह बीमारी के लक्षण नजर आने पर कैदियों को जांच और इलाज के बारे में प्रेरित करेंगे। इसके अलावा बीमारियों के बारे में व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए जेल कम्युनिटी रेडियो का भी सहारा लिया जाएगा। जिंगल्स के माध्यम से कैदियों को बीमारी के बारे में बताया जाएगा। आकर्षक जिंगल्स भी तैयार कर लिए गए हैं। इस बारे में यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी ने अनुरोध पत्र भी जारी किया है।

# राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को किया सशक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि राजनैतिक इतिहास में आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज ही के दिन 1993 में 73 वां संवधािन संशोधन अधिनियम लागू हुआ और लोगों का मानना है कि स्व. राजीव गांधी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक रहा। स्व. राजीव गांधी का सबसे बड़ा योगदान हमारी राजनीति में 73 वां संविधान संशोधन अधिनियम है। पंचायती राज से जुड़ी संस्थाएं मजबूती से विकास कार्य कर सके इस महान सोच के साथ राजीव गांधी ने देश में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने का कार्य किया।

खाबरी ने पंचायती राज दिवस के अवसर कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि जब तक पंचायतें मजबूत नहीं होंगी तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता। स्व. राजीव गांधी ने संविधान संशोधन लाने की शुरुआत की थी ताकि पंचायतों एवं नगर निकायों को अलग से विशेष रूप से संवैधानिक दर्जा दिया जाये। वर्ष 1989 में लोकसभा में विधेयक पारित हुआ परन्तु राज्य सभा में कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत न होने के कारण विधेयक पारित नहीं हो पाया। इसके बाद भी कई सरकारें आई लेकिन जब वर्ष 1991 में कांग्रेस की नरसिंहा राव की सरकार आई तब 73 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित हुआ। 24 अप्रैल 1993 से पूरे देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई। जिसमें सभी राज्यों को पंचायतों के चुनाव कराने को मजबूर होना पड़ा। 73 वां संविधान संशोधन जो पंचायतों को संवैधानिक दर्जा देता है और 74 वां संविधान संशोधन जो शहरी इलाकों के नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा देता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा के प्रस्ताव में दिए गए भाषण में स्व. राजीव गांधी ने कहा था कि जिन रास्तों से होकर सत्ता दिल्ली तक आती है आज हम ये सत्ता पंचायती राज के माध्यम से हम उन्हें वापस दे रहे हैं। आज ग्रामीण विकास की सभी योजनाओं को रीढ़ के रूप में काम कर रहे देश की सबसे बड़ी राजनैतिक शक्ति पंचायती राज में निहित है।

# प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे 28 मतदान कर्मी

## 1248 कार्मिकों ने ट्रेनिंग में किया प्रतिभाग

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार** को मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव सम्पादन के लिए मतदान कार्मिकों का जिला मुख्यालय के डीएस कॉलेज में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान कुल 28 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। सोमवार को डीएस कॉलेज में आयोजित प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से एक बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक कुल 15 कक्षों में प्रशिक्षण कराया गया। प्रत्येक कक्ष में 02 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। दोनो पालियो के प्रशिक्षण में कुल 1248 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था, जिसमें 28 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। इसके अलावा पिंक बूथ के लिए 76 पोलिंग पर्सन के सापेक्ष 68 महिला कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### पीठासीन अधिकारी का दायित्व महत्वपूर्ण : सीडीओ

**सीडीओ** अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मतदान प्रारम्भ होने से कम से कम 15 मिनट पूर्व मतपेटी की तैयारी कर लें, निर्वाचन सामग्री प्राप्त करते समय यह देख लेने कि समस्त आवश्यक वस्तुयें प्राप्त हो गयी है। मतदान कार्य समय से प्रारम्भ करने हेतु मतपत्रों पर पहले से हस्ताक्षर किये जा सकते हैं। प्रत्येक मतपत्र के पृष्ठ भाग तथा उसके प्रतिपर्ण पर अपने मतदान स्थल की सुभेदक चिन्ह वाली मुहर लगाकर उसका कोड / संख्या अंकित करने, पोलिंग एजेण्टों को उचित जांच पड़ताल के बाद नियुक्ति/ इन्ट्री पास देने, मतदान के प्रारम्भ एवं समाप्ति पर कुछ घोषणाओं में निर्धारित प्रारूप भरकर, पोलिंग एजेण्टों से हस्ताक्षर कराने, यदि मतदान स्थल पर कोई घटना घटित होती है तो उसे पीठासीन अधिकारी को अपने डायरी में तथ्यों सहित उल्लेख करने, प्रत्येक दो घण्टे में हुए मतदान/डाले गये मतपत्रों की डायरी में दर्ज करते रहने, मतदान समाप्ति पर मतपत्र लेखा प्रारूप-30 तैयार करने, प्रत्येक मतदाता को उसी के क्रम में वोट देने के लिए कहा जाये जो जिस क्रम में आया है, उसी क्रम में वोट डालने, मतदान समाप्ति के बाद मतपेटिकाओं को विधिवत सील करने, मतदान की गोपनीयता को प्रत्येक स्थिति में बनाये रखने, मतपेटी, समस्त प्रपत्रों / कागजातों को निर्धारित लिफाफों में रखकर संग्रह केन्द्र पर जमा करने आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ राजकिशोर, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई राजकीय पॉलिटेक्निक ने कार्मिकों को निर्वाचन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात बताई।

### अनुपस्थित कार्मिकों को प्रशिक्षण पाने का अंतिम अवसर

**सीडीओ** अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आज के प्रशिक्षण में नदारद कार्मिकों को मंगलवार को आयोजित प्रशिक्षण की प्रथम पाली में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अंतिम अवसर प्रदान किया। यदि अनुपस्थित कार्मिकों ने मंगलवार को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया तो उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जनपद** खीरी में निकाय चुनाव में मतदान प्रथम चरण के 04 मई को होना है जिसके अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थलों पर मतदान केन्द्रों को बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद द्वारा निरन्तर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उनके द्वारा थाना खीरी क्षेत्र के ओयल में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन की तैयारियों को गंभीरता से लिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतदेय स्थलों के पास किसी भी प्रकार का अवरुद्ध नहीं होना चाहिए। मतदेय स्थल पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनी रहनी चाहिए।

## प्रत्याशियों पर मौसम हुआ मेहरबान, बदला मिजाज

संवाददाता। सीतापुर

- उमस भरी गर्मी से मिली निजात
- जन संपर्क में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, बढ़ाए कार्यक्रम

**यूं तो** मौसम के बदले मिजाज से लोगो को राहत हुई है लेकिन सबसे ज्यादा खुशी सियासी मैदान में ताल ठोक रहे उम्मीदवारों को हुई है। चुनाव को पारदर्शी कराने और चुनाव के खर्चो को कम करने के लिए निर्वाचन आयोग की पाबंदियां लगी है। ऐसे में जनसंपर्क ही समर्थन की तस्दीक कर रहा है। लिहाजा सभी प्रत्याशी जी जान से जनसंपर्क कर आने वाली 4 मई के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। रविवार तक पड़ी भीषण गर्मी के चलते घर से निकलना दूभर हो रहा था। प्रत्याशियों के जनसंपर्क में मौसम विलेन बना हुआ था। लेकिन सोमवार को आसमान से बरसी बूदों ने पारे को लुढ़काकर 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे ढकेल दिया। जिससे जनसंपर्क कर रहे प्रत्याशी व उनके समर्थक गदगद हो गए। मौसम के जानकारों की माने तो मंगलवार की दोपहर के बाद मौसम राहत देगा। वहीं मौसम की नर्मी आने वाले कुछ दिनों तक बनी रहने का अनुमान लगाया गया है। बीजेपी से नेहा अवस्थी, सपा की रश्मि जायसवाल, आप पार्टी की सुनीता सक्सेना, कांग्रेस की हरप्रीत कौर व नीलकमल राठौर व पूनम मिश्रा ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम तेज कर दिये है।

# निकाय चुनाव में इन पहचान पत्रों के जरिए डाल सकेंगे वोटः जिलाधिकारी

- निकाय चुनाव : मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड नहीं है तो भी डाल सकते हैं वोट, जानिये कैसे?

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**अगर** आपके पास मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड नहीं है तो भी आप नगर निकाय चुनाव में मतदान कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान करने के लिए परिचय पत्र या पहचान पत्र के कई विकल्प दिए गए हैं। इनमें से किसी एक को मतदान स्थल पर सक्षम अधिकारी के समक्ष दिखाकर मतदान किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग उप्र से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में निर्वाचकों के प्रतिरूपण को रोकनेए उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए मतदान करने के लिए मतदान स्थल पर अनुमन्य पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र उनके पास होना जरूरी होगा। उक्त आशय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। डीएम ने बताया कि अनुमन्य कोई दस्तावेज जो परिवार मुखिया के पास ही उपलब्ध होते हैं, वे उक्त परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगे। बशर्ते कि सभी सदस्य एक साथ आते हैं और उन सदस्यों की पहचान परिवार के मुखिया द्वारा की जाती है।

### वोट देने के लिए इनका कर सकते हैं इस्तेमाल

**भारत** निर्वाचन आयोग से निर्गत मतदाता पहचान पत्रए आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड), राज्य/ केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त पहचानपत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ पोस्ट आफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा- भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेन्स, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाणपत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इण्डिया से जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र, राशनकार्ड।

# गुरुदेव नगर में मतदाताओं को रिझाने की मुहिम

संवाददाता। सीतापुर

- भाजपा के सिम्बल पर कन्हैया शुक्ल लड़ रहे चुनाव, सुमित शुक्ला, ऋषभ गुप्ता निर्दलीय हैं मैदान में
- वार्ड में जल भराव, चीनी मिल की उड़ती बैगास से परेशान रहते हैं मोहल्लेवासी
- वार्ड के अधिकतर परिवार है शिक्षित, वार्ड में हैं 1902 मतदाता

**नगर** पंचायत हरगांव का गठन हुए 34 साल बीत गए फिर भी अधिकतर वार्डों में अव्यवस्थाओं की भरमार है। 14 वार्डों वाली नगर पंचायत में चुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा वादे तो खूब किए जाते हैं लेकिन उनपर अमल कम ही होता है। वर्ष 2023 में संपन्न हो रहे निकाय चुनाव में एक बार फिर अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशी वार्ड के 1902 मतदाताओं को रिझाने में दिन-रात एक किए हुए है। इस वार्ड से भाजपा ने कन्हैया शुक्ल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सुमित शुक्ला और ऋषभ गुप्ता भी निर्दलीय मैदान में है। इस अनारक्षित सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होना बताया जा रहा है। आइये जान लेते है सभासद प्रत्याशियों के बारे में। सुमित शुक्ला पत्रकारिता के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते है। इसके अतिरिक्त निवर्तमान सभासद स्वर्गीय दिनेश गुप्ता के पुत्र ऋषभ गुप्ता अपने पिता द्वारा कराए गए विकास कार्यों को लेकर मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। आई इंडिया के हरगांव संवाददाता अनूप रस्तोगी ने नगर के वार्ड नंबर 6 गुरुदेव नगर में पहुंचकर सभासद प्रत्याशियों से बात कर उनकी प्राथमिकताएं जानी, और वार्ड में विकास का क्या एजेडां रहेगा। नगर पंचायत हरगांव के वार्ड नंबर 6 गुरुदेव नगर व मोहल्ला है। जिस मोहल्ले में अधिकतर परिवार शिक्षित है। यही नहीं इस वार्ड के निवासी संजय मिश्रा आईएस है, और प्रभात श्रीवास्तव पीसीएस है। फिर भी इस वार्ड में कई समस्याएं आज भी बनी हुई है। अधिकतर समस्याओं का समाधान नगर पंचायत गठन के तीन दशकों बाद भी नहीं हो सका है। वार्ड में जल निकासी की गंभीर समस्या है। सड़के भी टूटी हुई है। नगर स्थित और अवध शुगर मिल से निकलने वाली बैगास से नागरिक परेशान रहते है। ऐसी ही और भी कई समस्याओं से वार्डवासी परेशान रहते है। आई इंडिया के हरगांव संवाददाता अनूप रस्तोगी ने वार्ड से सभासद प्रत्याशियों से बातचीत के बाद वार्ड के मतदाताओं से भी बातचीत की और मोहल्ले की समस्याओं को जाना।

## क्विक न्यूज

### विद्यामंदिर क्लासेज का फ्लैगशिप टेस्ट 29- 30 अप्रैल को

**बरेली।** विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना फ्लैगशिप टेस्ट (छाज) इसी महीने 29 और 30 अप्रैल को कराएगा । ये टेस्ट आफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगा। इस टेस्ट का मकसद मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देना और उन्हें बेहतर स्टडी के लिए तैयार करना है। ये टेस्ट उन बच्चों के लिए बूस्टर होता है जो जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं या करना चाहते हैं। ऐसे बच्चों को मेंटरशिप मिलती है, डाउट क्लीयर होते हैं, मोटिवेशनल सेशन होते हैं. वीएमसी के फाउंडर्स समेत टॉप फैकल्टी बच्चों के साथ इंटरैक्ट करती है, फ्री मॉक टेस्ट कराए जाते हैं, स्कूल और बोर्ड एग्जाम की प्रैक्टिस कराई जाती है। वीएमसी के सीएओ ने प्रेस वार्ता में बताया कि वीएमसी का सबसे पहला मकसद बच्चों के अंदर साइंटिफिक और टेक्निकल नॉलेज का मजबूत फाउंडेशन तैयार करना है ताकि वो बेहतर इंजीनियर और डॉक्टर बन सकें । नेट का उद्देश्य शुरुआती स्टेज में ही बच्चों को इस लायक बनाना है कि वो आने वाली कठिनाई को आसानी से हल कर सकें । कहा कि हमारे कोर्स में छात्रों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायो के बेसिक कंसेप्ट क्लियर कराए जाते हैं और उनके अंदर एनालिटिकल स्किल्स व समानांतर थिंकिंग प्रोसेस विकसित किया जाता है और उन्हें मुश्किल से मुश्किल प्रॉब्लम्स को क्रिएटिविटी के साथ सॉल्व करने के लिए सक्षम बनाया जाता है । वीएमसी के सीबीओ अभिषेक शर्मा ने कहा कि वीएमसी की टीचिंग का सबसे बड़ा फॉर्मूला ये है कि यहां अलग-अलग स्टेज के हिसाब से बच्चों की जरूरत के अकॉर्डिंग टीचिंग मेथोडोलॉजी अपनाई जाती है। अलग-अलग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एग्जाम्स में हमारे यहां के बच्चों की कामयाबी के पीछे भी ये एक बड़ा कारण है। वीएमसी बहुत ही एक्सपीरियंस टीचर्स के साथ बच्चों की प्रिपरेशन कराता है।

### जन समर्थन मिला तो रुके विकास कार्यों को मिलेगी गति

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी डा ईरा श्रीवास्तव ने समर्थकों के साथ बरखेरवा सहित कई मोहल्लों में भ्रमण किया। डा ईरा ने अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और भावी योजनाओं को जनता के समक्ष रखते हुए उनके पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने लोगों से वार्ड की समस्याएं जानी और चेयरमैन बनने पर निराकरण का आश्वासन भी दिया। सोमवार को डा ईरा श्रीवास्तव ने अपने जनसम्पर्क की शुरूआत मोहल्ला बरखेरवा से की। वह डोर टू डोर लोगों से मिलने पहुंची। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक अपने कार्यकाल में उन्होंने लगभग सभी मोहल्लों का विकास किया। इंटरलॉक सड़कें, नालियों, प्रकाश व्यवस्था सहित शहर की अहम सड़कों का विकास कराया। जगह-जगह स्ट्रीट लाइटें लगवाईं। पालिका में आने वाली जन शिकायतों एवं सुविधाओं का हर संभव निस्तारण कराया। अभी भी शहर के विभिन्न मोहल्लों को जलभराव से मुक्त कराना है। शहर के रुके हुए विकास कार्यों को गति देनी है। यदि जनसमर्थन मिला और वह चेयरमैन बनीं तो शहर का सर्वांगीण विकास करायेंगी।



### आग से झुलसी विवाहिता की मौत पति और ससुराल के लोग फरार

**बरेली।** खेत में अचानक लगी आग की चपेट में आकर विवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई मायके वालों ने ससुरालियों और पति पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरूकर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी ठाकुरदास की 27 वर्षीय पत्नी रिंकी की कल शाम गांव के पास स्थित अपने खेत में लगी आग की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि रिंकी का विवाह ठाकुरदास से लगभग 8 वर्ष पूर्व हुआ था और वह दो बेटों की मां थी उसका अपने पति से किसी बात को लेकर खेत में कल शाम को झगड़ा हो गया जिससे नाराज पति ने अपने घर वालों के साथ मिलकर रिंकी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जिससे वह बुरी तरह झुलस गई से चलता हुआ जब आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे लेकिन उसको ऐसी ही हालत में छोड़कर पति और ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए गांव में रहने वाले रिश्तेदारों में रिंकी के मायके वालों को सूचना दी जो सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।

### मतदान अभिकर्ता नामित कर सकते हैं

**शाहजहांपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) त्रिभुवन ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के जनपद शाहजहाँपुर अन्तर्गत समस्त उम्मीदवारों को सूचित किया है कि सेंट पॉल इन्टर कालेज, 13 कैंट, शाहजहाँपुर पर दिनांक 05, 06 व 07 मई, 2023 को नगर निगम महापौर/ पार्षद हेतु 03 कक्षों में, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष/ सदस्य जलालाबाद, पुवायां व तिलहर प्रत्येक हेतु 01-01 कक्ष एवं नगर पंचायतों अध्यक्ष / सदस्य हेतु 08 कक्षों में द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्य में लगे समस्त मतदान कार्मियों का मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से कराया जायेगा। उक्त से अवगत होते समस्त उम्मीदवार अपने स्तर से मतदान स्थल पर उपरोक्त तिथियों में मतदान अभिकर्ता नामित कर सकते है।

### दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौत, एक घायल

**बरेली।** दोस्त के साथ स्कूटी पर जा रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर हॉकिंस निवासी रहबर पुत्र लियाकत की कल शाम पीलीभीत बाईपास पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि गांव का ही रहने वाला उसका दोस्त सादेव गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि रहबर और उसका दोस्त कल दिन में स्कूटी से पीलीभीत बाईपास स्थित फिनिक्स मॉल गए थे जहां से रात में दोनों घर वापस लौट रहे थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची रहबर की मौत हो चुकी थी पुलिस ने घायल सादेव को एक अस्पताल में भर्ती कराया।

### डीएम ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जेल में प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराया जाये साथ ही उन्होने भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जेल में मिलाई के लिये आने वाले लोगो को पर्ची देने हेतु लाइन की व्यवस्था करायी जाये। उन्होने जेल में बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुये उनकी समस्याओं को ससमय निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मिलाई करने हेतु आने वाले लोगो की थैलों की जांच भी करायी जिसमें किसी भी तरह की प्रतिबन्धित सामग्री नही पायी गयी।

# मिश्रिख को 1958 में मिला था नगर पालिका का दर्जा

संवाददाता। सीतापुर

**महर्षि** दधीचि की तपोभूमि मिश्रिख और धार्मिक नगरी नैमिषारण्य को जोड़कर बनाई गई नगर पालिका मिश्रिख-नैमिषारण्य के इतिहास की रोचकता यह है कि यहां स्थापना काल के 59 वर्षों बाद वर्ष 2017 में पहली बार ऐसा हुआ जब भगवा ध्वज का परचम लहराया। जिसमें सफल रहीं सरला देवी भार्गव। इससे पहले यहां कोई भाजपा प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सका। इससे पहले 1995 से अब तक के सफर पर नजर डाले तो रामशंकर वर्मा ने अध्यक्ष पद पर तीन बार कब्जा जमाया। रामशंकर वर्मा 1995 में चेयरमैन चुने गए इनका कार्यकाल वर्ष 2000 तक रहा। एक वर्ष सुपर सीट रही। वर्ष 2001 के चुनाव में सरिता वर्मा चेयरमैन चुनी गई। वह 2006 तक चेयरमैन रहीं। 2006 में कमला गुप्ता चेयरमैन बनी, लेकिन वर्ष 2007 में हुए चुनाव में एक बार फिर रामशंकर वर्मा अध्यक्ष चुने गए। यहां के मतदाताओं ने वर्ष 2012 के चुनाव में भी रामशंकर वर्मा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया और वह तीसरी बार चेयरमैन बन गए। वर्ष 2017 में हुए चुनाव में सरला देवी भार्गव ने यहां कमल खिलाकर पहली बार भाजपा को नगर निकाय में जीत दिला दी। इससे पूर्व 1990 से 1995 तक अनूप गुप्ता चेयरमैन रहे जबकि 16 नवम्बर 1989 को ओमप्रकाश गुप्ता चेयरमैन बने। लेकिन विधायक बनने के बाद उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया। तब 6 माह के लिए राम सनेही दीक्षित को चेयरमैन बनाया गया। बता दें कि मिश्रिख को नगर पालिका का दर्जा वर्ष 1958 में मिला था जबकि नगर पालिका नैमिषारण्य की नींव 15 मार्च 1938 को तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर घनश्याम दास ने रखी थी। 1989 और 1938 के मध्य भी कई चेयरमैन हुए अब वर्ष 2023 में होने वाले चुनाव में किस दल का प्रत्याशी या कोई निर्दलीय उम्मीदवार विजय पताका फहराता है। इसका पता 13 मई को होने वाली मतगणना में पता चल सकेगा।

# भाजपा, सपा समेत कई प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

### भाजपा प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने किया पर्चा दाखिल



**शाहजहांपुर** नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर नामांकन कराया। उनके साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, विधायक समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अर्चना ने भी एकतरफा जीत का दावा किया है। शाहजहांपुर कैबिनेट मिनिस्टर सुरेश खन्ना ने कहा कि भाजपा से भी कई दावेदार थे। लेकिन अर्चना वर्मा का सभी ने स्वागत किया है। आज मंच पर सभी दावेदार मौजूद थे। सभी ने अर्चना वर्मा को जिताने की बात की है। आखिरकार जिसे जहां सुविधा मिले, सम्मान भी मिले, ऐसे परिवार और संगठन को लोग छोड़ना नहीं चाहते।

### सपा की अधिकृत प्रत्याशी माला राठौर ने नामांकन कराया



**शाहजहांपुर** नामांकन के आखरी दिन समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती माला राठौर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन कराया. इस अवसर पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान, पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, आदि मौजूद रहे। नामांकन केउपरांत समाज वादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा जनता का समर्थन प्रत्याशी के साथ है।सभी वर्ग के लोग समाजवादी के कैंडिडेट को वोट देंगे इसके साथ ही पूरी पार्टी ईमानदारी के साथ सपा के प्रत्याशी को जिताने के लिए प्रयास रत है इस मौके पर उन्होंने भाजपा की कैंडिडेट अर्चना वर्मा पर तंज करते हुए कहा समाजवादी पार्टी ने उनपर विश्वास करके टिकट दिया था मगर बभाजपा के नेताओं की बातों में आकर पार्टी के साथ धोखा किया जनता सब देख रही है इसका जवाब मतदाता जरूर देगा।

### नामांकन के आखरी दिन कांग्रेस व आप सहित कई ने नामांकन कराया

**मतदान** के आखरी दिन कांग्रेस के कैंडिडेट निकहत इकबाल सहित आप पार्टी की कैंडिडेट सुमन वर्मा व बसपा के प्रत्याशी शगुफ्ता अंजुम ने भी मतदान कराया इस मौके पर अभी ने मतदाता के सहयोग से खुद की जीत को सुनिश्चित करार दिया।



फोटोः कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन के बाद

# नेपाल के छात्रों को संदेश देकर लौटे कुलपति केपी सिंह

संवाददाता। बरेली



**एमजेपी** रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 'कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह को हाल ही में सुदूर पश्चिमी विवि, महेंद्रनगर, नेपाल के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। प्रो के पी सिंह ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया और पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' नेपाल के प्रधानमंत्री, सुदूर पश्चिमी विवि के प्रो-चांसलर, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मंत्री, अशोक कुमार राय', उपाध्यक्ष से मुलाकात की। फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की चांसलर प्रो. अम्मा राज जोशी, यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. यज्ञराज पाठक, फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के सीनेटर, डीन, फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों ने एचवी में तीसरे दीक्षांत समारोह में शुरुआती भाषण दिया। प्रो सिंह ने विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और स्नातक छात्रों को बधाई दी, कहा कि वे अपने विवि और भारत से प्यार और दोस्ती का संदेश लेकर आए हैं। प्रो सिंह ने भारत और नेपाल के बीच गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्नातक छात्रों को बधाई दी, उनकी उपलब्धियों पर उनकी सराहना की और उन्हें याद दिलाया कि वे अकेले इस मुकाम तक नहीं पहुंचे हैं, बल्कि उन्हें अपने परिवारों, दोस्तों, प्रोफेसरों और गुरुओं से समर्थन और मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग अपने समाज और अपने आसपास की दुनिया की बेहतरी के लिए करें और परिवर्तन के एजेंट बनें, यथास्थिति को चुनौती दें, और अधिक न्यायसंगत व न्यायपूर्ण समाज बनाने की दिशा में प्रयास करें। प्रो सिंह ने सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व के महत्व, दूसरों की जरूरतों के प्रति सहानुभूति और सही के लिए खड़े होने के साहस पर जोर दिया। एमजेपी विवि, बरेली और सुदूर पश्चिमी विवि, महेंद्रनगर, कंचनपुर, नेपाल ने भी इस अवसर पर एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन दोनो संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए रूपरेखा निर्धारित करता है। इस पर इस समझ के साथ हस्ताक्षर किए गए कि दोनों संस्थानों में विज्ञान, कला, वाणिज्य और कृषि में समान रुचि के कई क्षेत्र हैं, और इससे काफी लाभ प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षाविदों, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोगात्मक आधार पर उनकी खोज में सहायता मिलेगी। यह एमओयू प्रत्येक हस्ताक्षरकर्ता संस्थान के नामित अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की तारीख से प्रभावी होगा। यह एमओयू हस्ताक्षर करने की तारीख से पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगा, इस समझ के साथ कि इसे किसी भी संस्था द्वारा दूसरे पक्ष को कम से कम छह महीने का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। इस एमओयू में दोनों संस्थानों की लिखित में आपसी सहमति से संशोधन या विस्तार किया जा सकता है। विवाद या गलतफहमी पैदा करने वाले मुद्दों को दोनों संस्थानों के नामित अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद के माध्यम से हल किया जाएगा। इस सहयोग से संयुक्त अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार होने की उम्मीद है, जो ज्ञान साझा करने, कौशल विकास और नवाचार की सुविधा प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन भारत और नेपाल के बीच मजबूत शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम आशा करते हैं कि इस सहयोग से भविष्य में कई उपयोगी परिणाम सामने आएंगे।

# चालीस करोड़ रुपये की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर

- आरोपी बिहार के रहने वाले थे और बिहार से दिल्ली चरस लेकर जा रहे थे। दिल्ली तक पहुंचाने के बदले दोनों को 50-50 हजार रुपये मिलने वाले थे।

**लखनऊ** एसटीएफ ने शाहजहांपुर एसओजी के साथ मिलकर बिहार के रहने वाले दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बीस किलो चरस बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 करोड़ रुपये कीमत बताई जा रही है। सूरज कुमार और आरोपी सूरज कुमार पुत्र रमेज जौहरी दोनों आरोपी बिहार के पूछताछ के दौरान आरोपियों बताया कि, बिहार से दिल्ली चरस लेकर जा रहे थे। दिल्ली तक पहुंचाने के बदले दोनो को 50-50 हजार रुपये मिलने वाले थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद जेल भेजेगी। लखनऊ एसटीएफ ने शाहजहांपुर एसओजी टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर रोडवेज बस स्टैंड के पास दबिश देकर तो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर तस्करों के पास से बीस किलो चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 करोड़ रुपए बताई गई है। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। उनको बिहार के ही उनके ही गांव के रहने वाले युवक ने चरस देकर दिल्ली तस्करी करने के लिए भेजा था। दोनो आरोपी शाहजहांपुर पहुंचकर दूसरी बस का इंतजार कर रहे थे। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि, लखनऊ एसटीएफ ने एसओजी के साथ मिलकर दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 40 करोड़ रुपये कीमत की चरस बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# गुयाना भारत का खास सहयोगी : जयशंकर

## ● समकालीन दौर के लिए उपयुक्त साझेदारी बना रहे ह

भाषा। जॉर्जटाउन



**गुयाना को** भारत का बहुत खास सहयोगी बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित किया और कहा कि दोनों देश ऐसी साझेदारी बना रहे हैं जो समकालीन दौर के उद्देश्य के लिए उपयुक्त है। गुयाना की पहली यात्रा पर आए जयशंकर ने भारतीय समुदाय को गुयाना के नेतृत्व से बातचीत होने की जानकारी दी और कहा कि दोनों देशों ने अपनी साझेदारी के स्तर में सुधार लाने का संकल्प लिया है। उन्होंने रविवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद ट्वीट किया, गुयाना में आज शाम को भारतीय समुदाय से बात करके खुशी हुई। हमारे साथ बातचीत के लिए उपराष्ट्रपति भरत जगदेव और स्पीकर मंजूर नादिर का शुक्रिया। उन्हें बताया कि हम एक साझेदारी बना रहे हैं जो समकालीन दौर के उद्देश्य के लिए उपयुक्त है। गुयाना के साथ भारत के करीबी, गहरे और भावनात्मक संबंध हैं तथा देश की राजधानी में उसकी मौजूदगी इसकी एक अभिव्यक्ति है। विदेश मंत्री ने कहा, कुछ चीजें बेहतरी के लिए बदल गई हैं। आज संबंधों में ऊर्जा और प्रतिबद्धता है जो बेहद उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों की सफलताओं, चुनौतियों तथा कठिनाइयों की भारत में लोगों के दिल में खास जगह है। जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय संबंध बहुत अलग स्तर तक जाएंगे। उन्होंने कहा, साझा परंपराओं, विरासत और संस्कृति के कारण हमारे लिए, गुयाना बहुत खास साझेदार है। बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्रों, बाजार अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम मूलभूत सिद्धांतों को साझा करते हैं। स्वास्थ्य तथा खाद्य सुरक्षा के बारे में कोविड-19 महामारी से दो बड़ी सीख मिली है। विदेश मंत्री ने कहा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वास्थ्य खर्च, स्वास्थ्य तैयारी के बारे में कोविड-19 से सीख मिली है।...दूसरी बड़ी सीख खाद्य सुरक्षा की मिली है...हम ऐसी दुनिया की ओर देख रहे हैं जहां अनिश्चितताएं बहुत तेजी से बढ़ी हैं। इससे पहले, उन्होंने भारत में प्रशिक्षण ले चुके गुयाना के सेवा अधिकारियों से मुलाकात की। जयशंकर के साथ गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने भारत द्वारा निर्मित जहाज एमवी एम लिशा को बेड़े में शामिल किए जाने के कार्यक्रम में भाग लिया। जयशंकर ने महात्मा गांधी के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और भारत-गुयाना मित्रता के लिए एक पौधा भी लगाया। जलवायु चेतना के लिए महात्मा गांधी का संदेश सार्वभौमिक और कालातीत है। उन्होंने यहां राम कृष्ण धार्मिक मंदिर में भारतीय समुदाय के साथ सुबह पूजा-अर्चना भी की।

### गुयाना में भारत निर्मित नौका बेड़े में शामिल

**जॉर्जटाउन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के साथ भारत निर्मित नौका एम ए लिशा को बेड़े में शामिल करने के कार्यक्रम में भाग लिया। इस नौका से देश के सुदूर अंदरूनी क्षेत्रों में संपर्क बढ़ेगा और आर्थिक अवसर मिलेंगे। इस नौका को कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। जयशंकर ने ट्वीट किया, एमए लिशा का मतलब मित्रता से है। कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित नौका इसकी व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। इस नौका से गुयाना के भीतर संपर्क में वृद्धि होगी। इससे सुदूर अंदरूनी क्षेत्रों के लिए गतिशीलता और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। भारत और गुयाना के बीच पारंपरिक साझेदारी को समकालीन युग के लिए नया रूप दिया जा रहा है। जयशंकर ने ईद के मौके पर राष्ट्रपति अली के साथ रात्रिभोज में भाग लिया। विदेश मंत्री ने कहा, आज राष्ट्रपति इरफान अली द्वारा ईद के मौके पर दिए गए रात्रिभोज में भाग लिया। मेरी गुयाना यात्रा के दौरान गर्मजोशी से स्वागत के साथ ही आतिथ्य सत्कार के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# चीन के बढ़ते प्रभुत्व के बीच ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा तंत्र में बड़े बदलाव की योजना बनाई

भाषा। कैनबरा



**ऑस्ट्रेलिया के** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने बताया कि उनकी सरकार ने यह पता लगाने के लिए समीक्षा की है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मौजूदा रणनीतिक माहौल में खुद को बचाने के लिए आवश्यक रक्षा क्षमता है या नहीं। एक सरकारी आयोग की सोमवार को जारी एक समीक्षा के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को रक्षा पर अधिक पैसा खर्च करने, अपने स्वयं के गोला-बारूद बनाने और लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। रक्षा सामरिक समीक्षा में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच तथाकथित ऑकस साझेदारी का समर्थन किया गया जिसने मार्च में अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित आठ पनडुब्बियों का एक ऑस्ट्रेलियाई बेड़ा बनाने के लिए एक समझौते की घोषणा की थी। अल्बनीस ने कहा, हम समीक्षा में निर्धारित रणनीतिक दिशा और प्रमुख निष्कर्षों का समर्थन करते हैं, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और भविष्य की चुनौतियों के लिए हमारी तैयारी सुनिश्चित करेगा। इस गोपनीय समीक्षा के सार्वजनिक संस्करण में सिफारिश की गई कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के वर्तमान व्यय की तुलना में रक्षा पर अधिक खर्च करे। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल की लंबी दूरी के लक्ष्यों को सटीक रूप से मारने की क्षमता में सुधार किया जाए और घरेलू स्तर पर युद्ध सामग्री का निर्माण किया जाए। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया कि द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से चीन की सेना का विस्तार किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के रणनीतिक इरादे में पारदर्शिता या आश्वासन के बिना हो रहा है।

## यूएई में दो भारतीयों की सड़क हादसो में मौत

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात मे ईद-उल-फित्र की छुट्टियों मे सड़क दुर्घटनाओं मे दो भारतीयो की मौत हो गई। मीडिया मे सोमवार को प्रकाशित खबर से यह जानकारी मिली। खलीज टाइम्स की खबर के मुताबिक, शारजाह मे रह रहा अभिलाष अपने साथियों के साथ नौकायन के लिए खोर फक्कन शहर गया था, जहां नौका दुर्घटना मे उसकी जान चली गई। खबर के अनुसार, हादसे के समय उस नौका मे 16 यात्री और दो कर्मचारी सवार थे। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि एक बच्चा समेत तीन लोग घायल भी हुए है और उनमे एक की हालत गंभीर है।

## बुर्कीना फासो में हमलावरों ने 60 लोगों की हत्या की

**डकार (सेनेगल)।** उत्तरी बुर्कीना फासो मे सेना की वर्दी पहनकर आए हमलावरो ने कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। बुर्कीना फासो के अभियोजक लामिने त्रोरे ने रविवार को एक बयान मे कहा कि यह घटना यतेगा प्रांत के बरगा इलाके मे हुई। उन्होंने कहा कि घायलो को अस्पतालो मे ले जाया गया और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अलकायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादी बुर्कीना फासो मे सात साल से बार-बार हमले करते रहे है जिसमे हजारो लोग मारे गए है और लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए है।

## बर्लिन, हैमबर्ग में हवाई अड्डों पर हड़ताल से उड़ानें रद्द

**बर्लिन।** जर्मनी मे बर्लिन और हैमबर्ग हवाई अड्डो पर वेतन वृद्धि को लेकर चल रहे विवाद के बीच कर्मचारियो ने सोमवार को काम का बहिष्कार किया जिससे दोनो शहरो मे उड़ानो को रद्द करना पड़ा। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए के अनुसार, बर्लिन मे प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानो और शहर मे आने वाली 240 मे से 70 उड़ाने रद्द कर दी गई है। श्रमिक संघ के काम का बहिष्कार करने की घोषणा के बाद, हैमबर्ग मे हवाई अड्डे ने सुबह प्रस्थान करने वाली 160 मे से 31 उड़ानो के रद्द होने की जानकारी दी।

## 10,000 लोगों ने मशाल लेकर मार्च किया

**एरेवान (अर्मेनिया)।** एक सदी से अधिक समय पहले ओटोमन तुर्किए मे अर्मेनिया के करीब 15 लाख लोगो की हत्या की घटना की याद मे देश की राजधानी मे रविवार रात को तकरीबन 10,000 लोगो ने हाथो मे मशाल लेकर मार्च किया। सेंट्रल स्क्वायर से लेकर स्मारक परिसर तक मार्च मे भाग लेने वाले कार्यकर्ताओ ने तुर्किए और अजरबैजान के झंडे जलाए।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय का नामचीन सदस्य दुष्कर्म के अनेक मामलों में दोषी पाया गया

भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया में** भारतीय समुदाय के नामचीन सदस्य बालेश धनखड़ को सिडनी में पांच कोरियाई महिलाओं को नशीला पदार्थ देकर उनसे दुष्कर्म का दोषी पाया गया है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया। खबर में धनखड़ को शहर के पिछले कुछ साल के इतिहास में सबसे कुत्सित बलात्कारियों में से एक करार दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार की खबर के अनुसार सिडनी के ड्राउनिंग सेंटर में जिला अदालत की ज्यूरी ने सोमवार को पाया कि राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति ने पांच कोरियाई महिलाओं को झूठ के जाल में फंसाया, उन्हें नशीला पदार्थ दिया। खबर में यह दावा भी किया गया कि वह ऑस्ट्रेलिया में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी का पूर्व प्रमुख था। इसमें कहा गया कि धनखड़ ने अलॉर्म घड़ी के पीछे छिपाए एक कैमरे और अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर अपने यौन कदाचार की घटना रिकॉर्ड की। जब ज्यूरी ने सोमवार को धनखड़ को उसके खिलाफ सभी 39 आरोपों में दोषी ठहराया तो वह रोने लगा। डेटा विशेषज्ञ धनखड़ ने जमानत पर रहने देने की गुहार लगाई लेकिन न्यायाधीश माइकल किंग ने इससे इनकार किया और आरोपी को गिरफ्तार कर ले जाया गया। खबर के अनुसार धनखड़ (43) को मई में एक बार फिर अदालत में लाया जाएगा और साल के अंत तक उसे सजा सुनाई जाएगी। धनखड़ की पत्नी अदालत में रोते हुए उसका समर्थन करती दिखी।



# अमेरिका स्वतंत्र, मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध : अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी

भाषा। कलाईकुण्डा



**अमेरिकी** वायुसेना (यूएसएएफ) के एक फ्लाइट स्कवाड्रन के कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल बेंडर गिफोर्ड ने कहा है कि अमेरिका स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी वायुसेना ने पश्चिम बंगाल में भारतीय वायुसेना के साथ एक संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लिया। लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा कि 10 से 24 अप्रैल तक आयोजित कोप इंडिया 2023 दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच सबसे बड़ा संयुक्त वायुसेना अभ्यास था। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, अभ्यास अच्छा रहा। अमेरिका स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह हमारे भारतीय वायुसेना साझेदारों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ने का एक बड़ा अवसर है। अभ्यास में जापान एयर डिफेंस फोर्स की पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूदगी पर गिफोर्ड ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऐसे कई राष्ट्र हैं जो सुरक्षा एवं समृद्धि की आकांक्षा रखते हैं। इस अभ्यास को चीन द्वारा किस रूप में देखा जाएगा, इस पर अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि चीन, दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। यह क्षेत्र हिंद-प्रशांत देश में मुक्त नौवहन को लेकर विवाद के केंद्र में है। जापान के अलावा, दक्षिण पूर्व एशिया में कई देशों का चीन के साथ समुद्री क्षेत्र से जुड़ा विवाद है, जबकि भारत कई सैन्य व नौसेना अभ्यासों में अमेरिका का साझेदार है। भारत का भी चीन के साथ स्थल सीमा विवाद है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन के नवनियुक्त रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफु इस महीने के अंत में भारत का दौरा करने वाले हैं।

## विपक्षी दलों से बातचीत का ढोंग कर रहा है सत्तारूढ़ गठबंधन : इमरान खान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि सत्तारूढ़ गठबंधन आम चुनाव में देरी के लिए विपक्ष के साथ बातचीत का ढोंग कर रहा है और सरकार ने अब तक बातचीत के लिए उनकी पार्टी से औपचारिक रूप से संपर्क नहीं किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान ने एआरवाई समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने अभी तक बातचीत के लिए उनकी पार्टी से संपर्क नहीं किया है। इमरान खान ने कहा, पीडीएम से किसी ने औपचारिक रूप से अभी तक हमसे संपर्क नहीं किया है। मुझे डर है कि वे चुनावों में देरी के लिए इन वार्ताओं का उपयोग कर रहे हैं। वे केवल समय बर्बाद कर रहे हैं।

# मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** के वरिष्ठ नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन ने सोमवार को एक राजकीय समारोह में बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस समारोह में प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने शिरकत की। स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने बंगभवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में 73 वर्षीय शहाबुद्दीन को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री हसीना और नए राष्ट्रपति के परिवार के सदस्यों के अलावा, नेताओं, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और वरिष्ठ असैन्य एवं सैन्य अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। शहाबुद्दीन, अब्दुल हमीद का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल रविवार को समाप्त हो गया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद



शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति पद के शपथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। उन्हें सत्तारूढ़ अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में इस साल फरवरी में निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया था। राष्ट्रपति का कार्यालय विशेष रूप से आम चुनावों के दौरान अतिरिक्त ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है और देश का संवैधानिक संरक्षक बन जाता है। चुनाव प्रणाली को लेकर सत्तारूढ़ अवामी लीग और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बीच बढ़ते मतभेदों के बीच बांग्लादेश में दिसंबर या अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने वाले हैं। पिछले हफ्ते मीडिया में दिए साक्षात्कार में निचली अदालत के न्यायाधीश, शहाबुद्दीन ने कहा था कि मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से माहौल बनाना काफी हद तक निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है और उन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक निकाय से अपनी उचित भूमिका निभाने की अपेक्षा की। अपना पदभार ग्रहण करने के बाद वह राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करेंगे और यह आकलन करेंगे कि क्या उन्हें राजनीतिक दलों के बीच विवादों को कम करने में कोई भूमिका निभाने की जरूरत है।

# क्या ताइवान अभी भी चीनी दुनिया में लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ है?



भाषा। पर्थ

**ताइवान को** दमनकारी चीन की तुलना में एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में माना जाता है और इसे दुनिया में अच्छी दृष्टि से देखा जाता है। अप्रैल 1989 में, हजारों छात्रों ने स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व रूप से आवाज बुलंद करने के वास्ते बीजिंग के तियानमेन स्क्वायर पर एकत्र होना शुरू किया। यह प्रदर्शन तेजी से बढ़ा और इसमें छात्रों के साथ लाखों लोग शामिल हो गए। इस तरह के प्रदर्शन चीन में दुर्लभ थे और अधिकारी ऐसे प्रदर्शन से निपटने के लिए परिपक्व नहीं थे। सरकार द्वारा टैंक भेजे जाने से पहले छह सप्ताह तक विशाल प्रदर्शन हुए। मुख्य भूमि चीन पर विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचल दिया गया और सैकड़ों लोग मारे गए। शी चिनफिंग के चीन में, 4 जून 1989 को तियानमेन स्क्वायर पर हुआ नरसंहार एक रहस्य है जिसकी व्यापक जानकारी अधिकारी अपने नागरिकों के सामने नहीं आने देना चाहते। ताइवान में, हालांकि, नरसंहार की बरसी अभी भी खुले तौर पर मनाई जा सकती है। ताइवान की लोकतंत्र के लिहाज से एक अनुकरणीय प्रतिष्ठा है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के नवीनतम लोकतंत्र सूचकांक 2022 में 10वें स्थान पर (मुख्य भूमि चीन 156वें स्थान पर है) रहे ताइवान को जापान और दक्षिण कोरिया के साथ एशिया में तीन पूर्ण लोकतंत्रों में से एक माना जाता है। पिछले साल, ताइवान के कार्यकर्ताओं ने तियानमेन नरसंहार की 33वीं बरसी को चिह्नित करने के लिए शर्म स्तंभ की प्रतिकृति बनाई थी। इस प्रतिमा को मूल रूप से 1997 में डेनिश कलाकार जेन्स गालशियोट द्वारा 1989 के नरसंहार में मारे गए लोगों की याद में हांगकांग विश्वविद्यालय में स्थापित करने के लिए बनाया गया था, लेकिन 2021 में अधिकारियों द्वारा इसे हटा दिया गया था। ताइवान की लोकतांत्रिक स्थिति अब शी चिनफिंग के अधिनायकवादी शासन के तहत मुख्य भूमि चीन की निरंकुशता के विपरीत और स्पष्ट दिखाई देती है – इसका लोकतांत्रिक शासन एक ट्रम्प कार्ड है और इसकी सॉफ्ट पॉवर की काफी धूम है। चीन सरकार की कोविड नीति के खिलाफ देश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए और लोगों ने कहा, हम नागरिक बनना चाहते हैं, न कि दास। हम चुनाव चाहते हैं, न कि तानाशाह। बीजिंग की चेतावनियों और सैन्य उकसावे के बावजूद, 13 राष्ट्र अभी भी ताइवान और कई अन्य देशों के साथ राजनयिक संबंध बनाए हुए हैं, विशेष रूप से अमेरिका ने ताइवान के साथ रणनीतिक संबंध भी स्थापित कर रखे हैं।

### वैधता के लिए ताइवान की खोज जारी

एक और कूटनीतिक सहयोगी खोने के कगार पर बैठा ताइवान अब भी अपनी विनम्र शक्ति से दोस्तो का दिल जीत रहा है तथा अन्य देशो को प्रभावित कर रहा है। कई देशो के लिए एक चीन की अवधारणा दूर का एक कूटनीतिक रुख है जिसे अकेला छोड़ना ही सही है। वही, ताइवान के लिए यह अस्तित्व का खतरा है। यह खतरा पिछले हफ्ते की तुलना मे कभी इतना स्पष्ट नही रहा जब दुनिया की सबसे बड़ी चीनी नौसेना ने छोटे-से द्वीपीय देश को घेरने के अभ्यास किए जो ताइपे मे स्वतंत्रता समर्थक नेताओ के लिए गंभीर चेतावनी थी। चीन उत्तर प्रशांत तथा उसके परे अपनी मौजूदगी तथा प्रभाव बढ़ा रहा है जबकि ताइवान की सहयोगियो की सूची सिकुड़ती जा रही है। ताइवान के अभी महज 13 देशो से आधिकारिक कूटनीति संबंध है और वह पिछले सात वर्ष मे नौ सहयोगी खो चुका है। पराग्वे मे चुनाव नतीजे लंबित रहने के साथ इस महीने वह एक और सहयोगी खो सकता है। वह संयुक्त राष्ट्र का सदस्य नही है। कोई भी न्यूयॉर्क या जिनेवा मे पहचान के लिए ताइवान का पासपोर्ट दिखा कर संयुक्त राष्ट्र की इमारतो मे नही घुस सकता। गठबंधनो से देशो को आक्रामक और रक्षात्मक सैन्य कार्वाइयो मे मदद मिलती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे साझा हितो के आधार पर एक साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता का संकेत देते है। ताइवान के लिए गठबंधनो का मतलब उसकी वैधता को मान्यता देना है क्योंकि चीन एक चीन की नीति के तहत ताइवान पर अपना दावा जताता है।


**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शाहरुख कुरेशी पुत्र श्री सगीर कुरेशी, उक्त संपत्ति Commercial/Residential Plot of area measuring 142.148 Sq. Mtrs., situated at Chaudharywada (Kutte ki Kabra to Nirikshan Bhawan), Ward Sikandrabad, का दान विलेख दिनांक 17.12.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 13694 के द्वारा मालिक हैं और उक्त सम्पत्ति पर 17.12.2022 से शांतपूर्ण तरीके से काबिज है ! उपरोक्त संपत्ति, उग्रो कैपिटल लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है !

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Mrs. SHASHI BHALLA,** wife of Late Mr. Ramesh Chander Bhalla, owner of Flat no. 470, Mandakini Enclave, Alaknanda, New Delhi-110019, which is presently under sale, do hereby state that after the death of Mr. Ramesh Chander Bhalla, son of Late Shri A.P. Bhalla, his only legal heirs are (i) **Mrs. SHASHI BHALLA (Wife)**, (ii) **Mr. RAHUL BHALLA (Son)** and (iii) **Mrs. REENA ANJARIA (Daughter).** That besides the above mentioned, there are no other legal heirs of Late Mr. Ramesh Chander Bhalla. If any person(s) claims any right, interest, or has any objection, they may write/contact above named person at above residential address or through phone no. 9810221449 **within 7 days** from the date of publication of this notice.

**ACHIN SHARMA (Advocate)**
**Regd. No. D/5425/2021**
**210, Tulsi Tower, Alaknanda Shopping Complex Delhi-110019,**
**Ph. : 9650865007, 9810221449**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Sushma Rana** w/o Mr. Rajpal Singh Rana who had become owner of Unit/Portion No. C-4, Second floor (back side) without roof rights admeasuring 40 sq. yds, Property No. D-164 & D-164A, admeasuring 200 sq. yds., Khasra No. 603, 604 & 605, Village Khanpur, Tehsil Hauz Khas, (M.B. Road), Colony known as Krishna Park, D-Block, Gokul Dham Society, Devil Road, Khanpur, New Delhi-110080 through Sale Deed dated 05.11.2022 (Doc. No. 9939) from Mr. Kartar Singh (20% Share), Mr. Manish Kumar Aggarwal (20% share), Mr. Suresh Kumar (20% share), Mr. Harish Kumar Sharma (20% share), Mr. Rahul Nagar (20% share). Now the borrower(s) intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

प्रपत्र सं. 3
रविनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./825/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 15237
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
गौरव गोयल

सेवा में,
(1) गौरव गोयल
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – ज्ञान चंद गोयल
गौरव गोयल पुत्र श्री ज्ञान चंद गोयल,
निवासी फ्लैट नंबर 202, सागर अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 52, सेक्टर 56, गुरूग्राम हरियाणा-122017. पैन नंबर AJRPGI2I2B, दूसरा पता :- मकान नंबर 286, राजेन्द्र नगर, भरतपुर, राजस्थान – 321001. गुरुग्राम, हरियाणा
अन्य पता – मकान नंबर 286, राजेन्द्र नगर, भरतपुर, राजस्थान भरतपुर, राजस्थान
(2) राइज प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय पता 195, राम विहार, नई दिल्ली, दिल्ली
अन्य पता – ग्रुप हाउस प्लॉट नंबर 2, एमसीएफ भू राजस्व सम्पदा, ग्राम सराय ख्वाजा, सेक्टर-41, फरीदाबाद, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/825/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19-12-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 69,99,331/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 19-04-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 27-12-2022 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 के अनुसार]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन के लिए समाचारपत्रोंमें प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
केंद्र सरकार के सामने उत्तरी क्षेत्र खंडपीठ, दिल्ली
धारा 13 की उप-धारा 4 के मामले में कंपनी अधिनियम 2013 और उप-धारा (5) के खंड (ए) कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 का
और
एफबीबीके इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में प्लॉट नंबर 5, पहली मंजिल, ब्लॉक –बी, पॉकेट– 3, सेक्टर– 17, द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, 110075

आम जनता को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव करती है, कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ मे शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2023 का दिन को आयोजित किया गया ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में बदल सके।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावनाहै, निवेशक शिकायत फॉर्म भर कर या तो एमसीए पोर्टल (www.mca.gov.in) पर डिलीवर कर सकता है या अपनी आपत्तियों को पंजीकृत डाक से भेज सकता है या भेज सकता है। के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर पते **बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003** में क्षेत्रीय निदेशक के प्रति अपनी रुचि की प्रकृति और विरोध केआधार को बताते हुए एक हलफनामे द्वारा यह नोटिस आवेदक कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर एक प्रति के साथ:
**पंजीकृत कार्यालय का पता:**
**प्लॉट नंबर 5, पहली मंजिल, ब्लॉक –बी,पॉकेट – 3, सेक्टर – 17, द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, 110075**

एफबीबीके इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के लिए
एसडी/–
अनामिका पाठक
निदेशक
दीन: 09440082

**KSOLVES INDIA LIMITED**
(CIN: L72900DL2014PLC269020)
**Regd. Office:** 317/276, Second floor, Lane no.3, Mehrauli Road, Saidulajab, Saket, New Delhi, South Delhi -110030, IN
**Corp. Office :** Parexl Workspaces, B-4, 1st Floor, B Block, Sector -63, Noida, Uttar Pradesh- 201301
**Tel No. :** +91-8962669996, **E-mail :** cs@ksolves.com, **Website :** www.ksolves.com

**Extract of the Audited Consolidated Financial Results for the Quarter & Year ended on March 31, 2023**
(Amount in Lakhs)

| Particulars | Quarter ended on 31/03/2023 | Quarter ended on 31/12/2022 | Quarter ended on 31/03/2022 | Year to date figures for the previous year ended 31/03/2023 | Year to date figures for the previous year ended 31/03/2022 |
|---|---|---|---|---|---|
| | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| Revenue from operations | 2274.47 | 2055.20 | 1422.53 | 7831.16 | 4,706.86 |
| Profit before tax | 958.36 | 823.84 | 595.12 | 3293.56 | 2091.43 |
| Profit after tax | 733.64 | 617.60 | 442.04 | 2472.04 | 1589.39 |
| Total comprehensive income for the period | 725.59 | 614.13 | 438.74 | 2444.98 | 1576.82 |
| Paid up equity share capital (Face value: Rs. 10 per share) | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 |
| Total reserves (including non-controlling interests) | 1052.75 | 719.41 | 482.02 | 1052.75 | 482.02 |
| Earnings per equity share Basic and diluted | 6.19 | 5.21 | 3.73 | 20.85 | 13.41 |

**Extract of the Audited Standalone Financial Results for the Quarter & Year ended on March 31, 2023**
(Amount in Lakhs)

| Particulars | Quarter ended on 31/03/2023 | Quarter ended on 31/12/2022 | Quarter ended on 31/03/2022 | Year to date figures for the previous year ended 31/03/2023 | Year to date figures for the previous year ended 31/03/2022 |
|---|---|---|---|---|---|
| | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| Revenue from operations | 2246.21 | 2028.13 | 1358.91 | 7711.65 | 4,534.58 |
| Profit before tax | 933.28 | 821.28 | 580.56 | 3299.31 | 2029.03 |
| Profit after tax | 718.26 | 613.21 | 435.30 | 2487.03 | 1543.95 |
| Total comprehensive income for the period | 710.21 | 609.74 | 432.00 | 2459.97 | 1531.38 |

1. The above is an extract of the detailed format of audited financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly audited financial results is available on the website of the Stock Exchange (www.bseindia.com) and www.nseindia.com and also on the Company's website www.ksolves.com.
2. The board also approved final dividend of Rs.8 per share for the financial year 2022-23, subject to the approval of shareholders.

By order of the Board
For Ksolves India Limited
Sd/-
Ratan Kumar Srivastava
Managing Director

Date : 23.04.2023
Place : Delhi

# कर्नाटक में विकास व तुष्टिकरण के बीच चुनाव : शाह

भाषा। गुंडलुपेट (कर्नाटक)



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक में 10 मई को होने वाला विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की राजनीति बनाम कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में है।
उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और एक बार फिर भारत के दक्षिण में पार्टी के प्रवेश को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस आज भी तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। कांग्रेस द्वारा मुसलमानों को दिया गया चार प्रतिशत आरक्षण भाजपा ने समाप्त कर दिया है और उसने लिंगायत, वोक्कालिगा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण बढ़ा दिया है। चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट में एक विशाल रोड शो करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए, पूर्व भाजपा प्रमुख ने कहा कि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वे एक बार फिर मुसलमानों के लिए आरक्षण लाएंगे। शाह ने लोगों से पूछा क्या वे मुस्लिम आरक्षण वापस चाहते हैं? साथ ही उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार से पूछना चाहता हूं, आप एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण लाने के बारे में बोल रहे हैं, लेकिन आप किसका हिस्सा कम कम करेंगे? कर्नाटक के लोगों को जवाब दें, क्या आप वोक्कालिगा या लिंगायत या एससीएसटी के आरक्षण को कम करेंगे? पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों और प्रचारकों में से एक शाह ने कहा, यह चुनाव मोदी की विकास की राजनीति बनाम कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में है। कर्नाटक में चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने और इसे प्रमुख वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के बीच समान रूप से वितरित करने का फैसला किया था। कर्नाटक में भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने और दक्षिण भारत में पार्टी के प्रवेश को एक बार फिर मजबूत करने का विश्वास जताते हुए शाह ने कहा, मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

## जनता दल (एस) को वोट देने का मतलब कांग्रेस का समर्थन

**सक्लेशपुर (कर्नाटक)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हासन जिले में जनता दल (सेक्यूलर) के प्रभाव वाले क्षेत्र में लोगों से कहा कि इस क्षेत्रीय दल को वोट देने का मतलब कांग्रेस का समर्थन करना है। उन्होंने लोगों से राज्य में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। शाह ने मतदाताओं से कहा कि भाजपा उम्मीदवारों को जिताएं जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ और मजबूत हों। उन्होंने कहा, पिछले चुनाव में आपने जद(से) को जिताया, लेकिन अंत में क्या हुआ? वे कांग्रेस से मिल गए। इसलिए जद(से) के पक्ष में मतदान का मतलब है कांग्रेस को वोट देना। क्या आप कांग्रेस को वोट देना चाहते हैं? शाह ने यहां एक विशाल रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अगर आप चाहते है कि आपका वोट बेकार नही जाए तो इसे सीधे भाजपा और हमारे उम्मीदवारों के पक्ष में डालें। हासन जद (से) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा का गृह क्षेत्र है। पार्टी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में क्षेत्र में सात में से छह सीट पर जीत हासिल की थी। हासन सीट पर उसे भाजपा प्रत्याशी प्रीतम गौड़ा से हार का सामना करना पड़ा था।

# नीतीश को निशाना बनाने पर मायावती की महागठंधन सहयोगियों ने निंदा की

भाषा। पटना



बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन के सहयोगी दलों ने गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन की रिहाई के वास्ते कथित रूप से निमयों में बदलाव करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती की सोमवार को निंदा की। पूर्व सांसद मोहन गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की 1994 में की गई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। आईएएस अधिकारी कृष्णैया वर्तमान तेलंगाना के महबूबनगर के थे। एक अदालत ने अक्टूबर, 2007 में मोहन को मृत्युदंड सुनाया था जिसे पटना उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2008 में उम्रकैद में बदल दिया था। निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। नीतीश कुमार सरकार ने 10 अप्रैल को बिहार की जेल नियमावली में बदलाव किया और उन मामलों की सूची से ड्यूटी पर तैनात जनसेवक की हत्या उपबंध को हटा दिया जिनमें जेल की सजा में माफी पर विचार नहीं किया जा सकता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि इस संशोधन से मोहन की समय से पहले रिहाई हो सकती है। मोहन 15 सालों से सहरसा जेल में अपनी सजा काट रहा है। जेल नियमावली को बदलने के कदम की आलोचना करते हुए उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने हाल में ट्वीट किया था, आंध्रप्रदेश (अब तेलंगाना) के महबूबनगर के दलित समुदाय के बेहद ईमानदार आईएएस अधिकारी की निर्मम हत्या के मामले में आनंद मोहन को रिहा करने के लिए नियमावली में बदलाव की नीतीश सरकार की तैयारी देशभर में दलित विरोधी कारणों से दलितों के बीच चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि देशभर में दलितों की भावनाएं इस कदम से आहत हुई हैं। इसे नीतीश कुमार की अपराध के पक्ष में और दलित के विरोध में करार देते हुए मायावती ने बिहार सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। मायावती के आरोपों पर सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता और राज्य के ग्राम विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पीटीआई भाषा से कहा, समाज के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर राजय सरकार द्वारा निर्णय लिए जाते हैं।

# बिना शर्त माफी मांगने पर ललित मोदी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही बंद की गई

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए न्यायपालिका के विरुद्ध की गई टिप्पणी को लेकर बिना शर्त माफी मांगने पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व आयुक्त ललित मोदी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही सोमवार को बंद कर दी। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने मोदी द्वारा दायर हलफनामे का संज्ञान लिया। इस हलफनामे में मोदी ने कहा है कि भविष्य में वह ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे जो किसी भी तरह से अदालत या भारतीय न्यायपालिका की महिमा या गरिमा के विरुद्ध हो। पीठ ने कहा, हम बिना शर्त मांगी गई माफी को स्वीकार करते हैं। हम प्रतिवादी (मोदी) को याद दिलाते हैं कि भविष्य में उनकी ओर से किए गए ऐसे हर प्रयास को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा, जो भारतीय न्यायपालिका और अदालतों की छवि को धूमिल करे। उसने कहा, हम बिना शर्त मांगी गई माफी को खुले दिल से स्वीकार करते हैं क्योंकि अदालत माफ करने में हमेशा विश्वास करती है, खासकर तब, जब माफी बिना शर्त और सच्चे दिल से मांगी गई हो... माफी स्वीकार करते हुए हम वर्तमान कार्यवाही को बंद करते हैं। पीठ ने कहा, सभी को संस्था का सम्मान करना चाहिए, यही हमारी एकमात्र चिंता है। इससे पहले 13 अप्रैल को न्यायालय ने न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी के लिए मोदी को फटकार लगाई थी और उन्हें सोशल मीडिया मंचों एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था। ललित मोदी कानून एवं संस्थान से ऊपर नहीं हैं और इस तरह के आचरण की पुनरावृत्ति को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा।

# भाजपा का ध्यान अपने दो-तीन मित्रों की मदद करने पर : राहुल



भाषा। बेलगावी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सोमवार को यह कहते हुए किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों तक पहुंच बनाने का प्रयास किया कि उनकी पार्टी सभी के लिए समृद्धि लाने वाली कहानी लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। बेलगावी जिले के रामदुर्ग में गन्ना किसानों के साथ बातचीत में गांधी ने कहा कि भारत की प्रगति उसके किसानों, मजदूरों और छोटे व्यवसायों की प्रगति पर निर्भर करती है। गांधी ने कहा कि कर्नाटक और पूरे भारत में किसानों के साथ बातचीत से उन्हें भ्रष्ट भाजपा शासन के चलते उनके लिए उत्पन्न दिक्कतों के बारे में जानकारी मिली, जिसका ध्यान केवल अपने दो-तीन मित्रों की मदद करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि किसानों और छोटे व्यवसायियों को संरक्षित और सशक्त किया जाना चाहिए, न कि भाजपा की जीएसटी जैसी त्रुटिपूर्ण नीतियों के चलते उन्हें निशाना बनाया जाना चाहिए। गांधी ने बाद में ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी विकास की ऐसी कहानी लिखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो सभी के लिए समृद्धि लाए। दस मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए गांधी ने कहा, कर्नाटक यह बदलाव लाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## दुष्प्रचार के तहत 2018 में मुझे हिंदू विरोधी बताया गया था : सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि उन्हें हिंदू विरोधी बताने वाला दुष्प्रचार 2018 के विधानसभा चुनाव के केंद्र मे रहा था। उन्होने इस बात से इनकार किया कि वह बहुसंख्यक समुदाय की आस्था के खिलाफ है। उन्होने पीटीआई वीडियो को दिए गए एक साक्षात्कार मे कहा कि 10 मई को होने जा रहे विधानसभा चुनाव मे पार्टी को जीत मिलने की स्थिति मे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के भी मुख्यमंत्री पद की आकांक्षा रखने मे कुछ भी गलत नही है, क्योकि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना ठीक है। साक्षात्कार के अंश सोमवार को जारी किए गए। सिद्धरमैया ने कहा, देखिए, यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है, तो इसमें कुछ भी गलत नही है। यदि डी.के. शिवकुमार मुख्यमंत्री बनना चाहते है और वह इसके अभिलाषी है, तो इसमें कुछ भी गलत नही है। यदि मै मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बना, तो भी कुछ गलत नही होगा। आखिरकार, (पार्टी) आलाकमान फैसला करेगा। उन्होने कहा कि कर्नाटक के लोग सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बाहर का रास्ता दिखाना चाहते है। उन्होने कहा कि भाजपा मतदाताओं को उस तरह से गुमराह नही कर सकती, जैसा कि उसने पांच साल पहले किया था। उन्होंने कहा, 2013 में, कांग्रेस पार्टी के लिए स्पष्ट जनादेश था। हमने 2013 से 2018 तक (जब वह मुख्यमंत्री थे), अपने कार्यकाल के दौरान अच्छा कामकाज किया। दुष्प्रचार केंद्र में रहा, क्योकि उन्होने मेरे खिलाफ आरोप लगाया था कि मै बहुसंख्यक समुदायों, उच्च वर्गो के खिलाफ हूं तथा यह कि मै हिंदुत्वाहिंदू धर्म के खिलाफ हूं। सिद्धरमैया ने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) जो कुछ प्रायोजित किया, वह सही नही है। इस बार, लोग उनके दुष्प्रचार मे यकीन नही करेंगे, क्योकि वे जान गए है कि उनके आरोपो मे कोई सच्चाई नही है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री के मन की बात के 23 करोड़ नियमित श्रोता : सर्वे

**नई दिल्ली।** लगभग 23 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को सुनते हैं, जिसमें 65 प्रतिशत श्रोता हिंदी में उनकी बात सुनना पसंद करते हैं। भारतीय प्रबंधन संस्थान-रोहतक द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मन की बात की 100वीं कड़ी का प्रसारण इस रविवार को किया जाएगा। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि मन की बात कार्यक्रम मोबाइल फोन के बाद टेलीविजन चैनलों पर अधिक सुना जाता है, जिसमें रेडियो श्रोताओं की संख्या कुल श्रोताओं का 17.6 प्रतिशत है। इसमें पाया गया कि 100 करोड़ से अधिक लोगों ने कम से कम एक बार कार्यक्रम को सुना है, जबकि लगभग 41 करोड़ सामयिक श्रोता थे। आईआईएम-रोहतक के निदेशक धीरज पी. शर्मा ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया, कुल श्रोताओं में से 44.7 प्रतिशत टेलीविजन सेट पर कार्यक्रम सुनते हैं, जबकि 37.6 प्रतिशत मोबाइल फोन पर इसे सुनते हैं। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा, मन की बात फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली जैसी 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। द्विवेदी ने कहा कि कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जा रहा है। आईआईएम-रोहतक के छात्रों द्वारा किए गए सर्वेक्षण में चार क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम - और विभिन्न आयु समूहों में 10,003 उत्तरदाताओं से संपर्क किया गया, जिनमें से अधिकांश स्व-रोजगार और अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़े थे। सर्वेक्षण में पाया गया कि 18 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कार्यक्रम को अंग्रेजी में, चार प्रतिशत ने उर्दू में, और दो प्रतिशत डोगरी और तमिल में सुनना पसंद किया। इसमें पाया गया कि अन्य भाषाओं जैसे मिज़ो, मैथिली, असमिया, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया, गुजराती और बंगाली के श्रोताओं की हिस्सेदारी कुल श्रोताओं की नौ प्रतिशत थी।

### देश की विरासत को जानने का मौका

**नई दिल्ली।** इजीमाईट्रिपडाटकाम लोगों को देश की विरासत को जाने का मौका देगा। ईज़ी समर सेल को लॉच किया है, जिसमें यात्रियों के लिये खासकर गर्मी की छुट्टियों के लिये तैयार किये गये ऑफर्स हैं। ट्रैवेल सेल्स और डिस्काउंट्स की यह शानदार पेशकश 24 अप्रैल से 30 अप्रैल,तक एक्टिव रहेगी। ग्राहक और यात्रा करने के शौकीन लोग ईज़मायट्रिप की वेबसाइट तथा ऐप पर सेल की अवधि के दौरान बुक किये गये फ्लाइट्स, होटल्स, बसेस, कैब्स, क्रूज़ेस और हॉलीडे पैकेजेस पर बड़ी छूट वाले ऑफर्स का फायदा ले सकते हैं। घरेलू उड़ानों पर 14 प्रतिशत , अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर 25प्रतिश, होटलों पर 60प्रतिशत,बस बुकिंग्स पर 1000 रूपये तक की छूटऔर कैब बुकिंग्स पर 2000 रूपये तक की छूट मिलेगी। ग्राहक ईज़मायट्रिप के भरोसेमंद हॉलीडे पैकेज भी ले सकते हैं, जिनके दाम सिर्फ 15,999 रूपये से शुरू हैं। समुद्र प्रेमियों के लिये शानदार क्रूज़ पैकेज 53,999 रूपये से शुरू होकर उपलब्ध हैं। सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा, तपती गर्मी से भारत में यात्रा का उत्साह फीका नहीं पड़ना चाहिये। यात्रा का मतलब किसी जगह के इतिहास, संस्कृति और परंपरा पर शिक्षित होने से है और हम चाहते हैं कि इस गर्मी हर भारतीय यात्रा करे और देश के एक नये हिस्से को जाने।

### मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के संभावित प्रत्यर्पण के मद्देनजर एनआईए तैयार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को अगले महीने अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की संभावना के मद्देनजर कार्यवाही शुरू करने की तैयारी कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका की एक अदालत ने पिछले दिनों राणा की अभियोजन पक्ष के साथ बैठक संबंधी एक याचिका (स्टेटस कॉन्फ्रेंस) यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि अगले 30 दिन में उसे भारत को प्रत्यर्पित किए जाने पर फैसला आ जाने की उम्मीद है। एनआईए 2008 में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए 26।11 के हमलों के मामले में राणा की भूमिका की जांच कर रही है।

### अन्नाद्रमुक ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से अपने एकमात्र प्रत्याशी को हटाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु मे ई के पलानीस्वामी नीत अन्नाद्रमुक ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के अनुरोध पर अपने एक मात्र उम्मीदवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव से हटा लिया है।अन्नाद्रमुक की ओर से यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को फोन पर पलानीस्वामी से बातचीत की और उनसे पुलकेशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से अन्नाद्रमुक प्रत्याशी डी अंबरासन को हटाने का अनुरोध किया। पार्टी ने कहा कि भाजपा के अनुरोध पर अंबरासन ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है।

### उद्यमियों को होगा सम्मान

**नई दिल्ली।** टैली सोल्युशन्स तीन दशकों से छोटे एवं मध्यम उद्यमों को बिज़नेस मैनेजमेन्ट सोल्युशन उपलब्ध करा रहा है। एमएसएमई ऑनर्स के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। एमएसएमई ऑनर्स के तहत कंपनी हर साल ऐसे बिज़नसेज़ और उद्यमियों को पहचान कर उन्हें सम्मानित करती है, जिन्होंने देश के आर्थिक विकास में योगदान दिया हो। सभी बिज़नसेज़ जिनका टर्नओवर रु 250 करोड़ से कम हो और जिनके पास वैध जीएसटी नंबर हो, वे इसमें हिस्सा ले सकते हैं। 10 मई 2023 तक अपना नामांकन भर सकते हैं अथवा कोई भी व्यक्ति किसी अन्य बिज़नेस को भी नामांकित कर सकता है। इस मौके पर मिस जयति सिंह चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर टैली सोल्युशन्स भी मौजूद रही।

### अच्छा है कि वह जेल में है : अमरिंदर ने अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी पर कहा

**चंडीगढ।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमरिंदर सिंह ने सोमवार को कहा कि खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की एक महीने पहले ही गिरफ्तारी हो जानी चाहिए थी, लेकिन यह अच्छा है कि वह जेल में है। पंजाब पुलिस ने रविवार सुबह मोगा जिले के रोडे गांव से अमृतपाल को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही, एक महीने से अधिक समय से जारी उसकी तलाश खत्म हो गई। अमरिंदर ने जालंधर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं जानना चाहता हूं कि इतने लंबे समय बाद उसे क्यों पकड़ा गया। उसे 30 दिन पहले ही पकड़ लिया जाना चाहिए था। भाजपा नेता जालंधर लोकसभा सीट पर 10 मई को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर शहर में थे।

# अगले एक सप्ताह तक देश में लू की स्थिति रहने की संभावना नही : मौसम विभाग



भाषा। नई दिल्ली

**भारत मौसम विज्ञान** विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि इस महीने के अंत तक देश में लू की स्थिति लौटने की संभावना नहीं है और शुक्रवार से उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में नए सिरे से बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा, जबकि पश्चिमी हिमालई क्षेत्र को छोड़ कर देश के शेष हिस्सों में यह 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में यह 15 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा, अगले सात दिनों के दौरान देश में लू की स्थिति रहने की संभावना नहीं है। इसने कहा कि 26 अप्रैल से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में और 28 अप्रैल से उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना और मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के दक्षिणी जिलों में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक गरज के साथ बारिश होने या ओलावृष्टि होने का भी पूर्वानुमान जताया है। तमिलनाडु और केरल में अगले तीन-चार दिनों तक गरज के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, तटीय आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 24 अप्रैल को, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 28 अप्रैल को, केरल में 24 अप्रैल से 27 अप्रैल के दौरान और तेलंगाना में 27 अप्रैल को छिटपुट स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

# अगर कोई राकांपा को तोड़ने की कोशिश करेगा, तो कड़ा रुख अपनाएंगे : पवार



भाषा। अमरावती

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि अगर कोई राकांपा को तोड़ने की कोशिश की साजिश रच रहा है, तो पार्टी को कड़ी कार्वाई करनी होगी। राकांपा प्रमुख की यह टिप्पणी उनके भतीजे अजित पवार के अगले राजनीतिक कदम को लेकर जारी अटकलों के बीच आई है। ऐसी चर्चाएं हैं कि अजित पवार महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। अजित पवार ने शुक्रवार को कहा था कि वह 100 प्रतिशत महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनना चाहेंगे और राकांपा 2024 के विधानसभा चुनावों का इंतजार करने के बजाय अभी भी मुख्यमंत्री पद पर दावा जता सकती है। शरद पवार ने कहा, अगर कल कोई पार्टी (राकांपा) को तोड़ने की कोशिश कर रहा है, तो यह उनकी रणनीति है। यदि हमें एक रुख अपनाना है तो हमें कड़ा रुख अपनाना होगा। हालांकि, इस मुद्दे पर आज बात करना उचित नहीं है, क्योंकि हमने इस पर अभी तक चर्चा नहीं की है।

# भारत-चीन परस्पर स्वीकार्य समाधान पर काम करने को सहमत

भाषा। नई दिल्ली

## पूर्वी लद्दाख गतिरोध

**भारत और** चीन ने पूर्वी लद्दाख से संबंधित शेष मुद्दों के समाधान को लेकर रविवार को सैन्य स्तर की वार्ता के दौरान खुलकर और गहन चर्चा की तथा परस्पर स्वीकार्य समाधान पर काम करने को लेकर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों के समाधान पर दोनों पक्षों ने खुलकर और गहन चर्चा की। मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष सैन्य एवं राजनयिक चैनलों के माध्यम से निकट संपर्क और संवाद बनाए रखने तथा शेष मुद्दों के परस्पर स्वीकार्य समाधान पर काम करने को लेकर सहमत हुए। बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष पश्चिमी सेक्टर में जमीनी स्तर पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए।विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में एलएसी से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों के समाधान पर खुलकर और गहन चर्चा की ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता कायम रखी जा सके जिससे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति सुगम हो सके। गौरतलब है कि सरकार पूर्वी लद्दाख का उल्लेख पश्चिमी सेक्टर के रूप में करती है। दोनों देशों के नेताओं और मार्च 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप खुले रूप से और स्पष्ट चर्चा हुई। पूर्वी लद्दाख के शेष विवादित मुद्दों को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच रविवार को कोर कमांडर स्तर की 18वें दौर की वार्ता हुई। यह बैठक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी क्षेत्र की ओर स्थित चुशुल-मोल्डो सीमा केंद्र पर हुई। चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की प्रस्तावित भारत यात्रा से पहले यह बैठक हुई है जो शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्री स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने यहां आएंगे। यह बैठक भारत की अध्यक्षता में हो रही है। दोनों पक्षों के वरिष्ठ कमांडरों के बीच पिछले दौर की बातचीत के करीब चार महीने बाद हुई। इस वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह आधारित 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने किया। यही सैन्य कोर लद्दाख क्षेत्र में एलएसी पर सीमा सुरक्षा व्यवस्था संभालती है। पूर्वी लद्दाख में पांच मई, 2020 को दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद वहां गतिरोध शुरू हुआ था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर की कई दौर की वार्ता के परिणामस्वरूप, दोनों पक्षों ने पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण किनारे तथा गोगरा क्षेत्र से अपने-अपने सैनिक पीछे हटाए थे।

## ऑस्ट्रेलिया में 28-30 अप्रैल तक होगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

**चंडीगढ़।** इस साल का अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव (आईजीएम) 28-30 अप्रैल तक ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित होगा। हरियाणा सरकार ने यह जानकारी दी। वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव कई वर्षों से नवंबर-दिसंबर के दौरान कुरुक्षेत्र में होता है, लेकिन पिछले कुछ साल से इसका आयोजन विदेशों में भी हो रहा है। सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा, गीता महोत्सव भगवद गीता के कालातीत ज्ञान का एक भव्य उत्सव है। यह आयोजन सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाता है। इससे पहले मॉरीशस, इंग्लैंड और कनाडा में यह महोत्सव आयोजित हो चुका है। बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया में आईजीएम 2023 का आयोजन एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया (एएचए) और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) कुछ अन्य संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कर रहे हैं। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ऑस्ट्रेलिया जाएंगे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में डेयरी की विशेष भूमिका : मुर्मू

भाषा। करनाल (हरियाणा)



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने सोमवार को कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में और उनका सामाजिक तथा आर्थिक स्तर बदलने में डेयरी क्षेत्र की विशेष भूमिका है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-एनडीआरआई) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और उन्हें नए उपक्रम शुरू करने के लिए आसानी से ऋण एवं बाजार तक पहुंच मिलनी चाहिए। मुर्मू ने कहा कि भारत में डेयरी उद्योग में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनका सामाजिक तथा आर्थिक स्तर बदलने में डेयरी क्षेत्र की विशेष भूमिका है। मुर्मू ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास में अधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि डिग्री पाने वाले विद्यार्थियों में एक तिहाई से अधिक लड़कियां हैं और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। समारोह में 544 विद्यार्थियों ने डिग्री प्राप्त की। मुर्मू ने कहा कि देश की जनसंख्या बढ़ने के साथ दुग्ध उत्पादों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, डेयरी क्षेत्र के सामने अच्छी गुणवत्ता वाले चारे की उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में बदलाव और मवेशियों के रोगों जैसी चुनौतियां हैं। दुग्ध उत्पादन और डेयरी क्षेत्र को टिकाऊ बनाना हम सबके लिए चुनौती है। मुर्मू ने कहा, हम सभी की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण अनुकूल और जलवायु हितैषी तकनीक अपनाकर डेयरी उद्योग का विकास करें तथा पशु कल्याण को भी ध्यान में रखें। राष्ट्रपति ने कहा कि वह यह जानकर खुश हैं कि एनडीआरआई डेयरी फॉर्म से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की अनेक प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रहा है और बायोगैस उत्पादन जैसे स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा, पंजाब और हरियाणा के किसानों ने हरित क्रांति और श्वेत क्रांति की सफलता में विशेष भूमिका निभाई है। मैं सभी किसानों को सलाम करती हूं। मुर्मू ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है जहां वैश्विक दुग्ध उत्पादन का करीब 22 प्रतिशत उत्पादन होता है। डेयरी क्षेत्र देश की जीडीपी में करीब पांच प्रतिशत योगदान देता है और भारत में करीब आठ करोड़ परिवारों को आजीविका प्रदान कर रहा है। इसलिए, आईसीएआर-एनडीआरआई जैसे संस्थानों की देश के समावेशी विकास में अहम भूमिका है। मुर्मू ने कहा कि एनडीआरआई ने अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली गाय और भैंसों का क्लोन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित की है जिससे पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और किसानों की आय बढ़ेगी।

# अक्षर के दमदार खेल से जीती दिल्ली की टीम

## ● कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया

**भाषा।** हैदराबाद



**अक्षर पटेल** (34 रन और दो विकेट) के हरफमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली के लिए अक्षर ने चार ओवर में 21 रन देकर दो और कुलदीप यादव ने इतने ही ओवर में 22 रन देकर एक विकेट चटकाकर हैदराबाद की मुश्किलें बढ़ा दी। टीम के लिए एनरिच नोर्किया (चार ओवर में 33 रन) ने दो और इशांत शर्मा (तीन ओवर में 18 रन) एक विकेट लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 144 रन बनाने के बाद सनराइजर्स को छह विकेट पर 137 रन पर रोक दिया। हैदराबाद के लिए मयंक अग्रवाल ने 39 गेंद की पारी में सात चौके की मदद से 49 रन बनाए जबकि आखिरी ओवरों में हेनरिच क्लासेन ने 19 गेंद में 31 और वाशिंगटन सुंदर ने 15 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए लेकिन यह टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। इससे पहले दिल्ली की टीम आठवें ओवर में 62 रन पर पांच विकेट गंवा कर मुश्किल में थी लेकिन मनीष पांडे (34) और मैन ऑफ द मैच अक्षर (34) ने छठे विकेट के लिए 59 गेंद में 69 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई। पांडे ने 27 गेंद की पारी में दो चौके लगाए जबकि अक्षर ने 34 गेंद की पारी में चार चौके लगाए। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार (चार ओवर में 11 रन पर दो विकेट) और वाशिंगटन सुंदर (चार ओवर में 28 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को नौ विकेट पर 144 रन पर रोक दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने लक्ष्य का पीछा सतर्क तरीके से शुरू किया लेकिन सलामी बल्लेबाज हैरी ब्रूक (14 गेंद में सात रन) रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे तो वहीं दूसरी तरफ से मयंक अग्रवाल ने छह ओवर तक हर ओवर में एक-एक चौका लगाया। इसी बीच छठे ओवर में एनरिच नोर्किया ने ब्रूक को बोल्ड कर दिल्ली कैपिटल्स को पहली सफलता दिलाई। मयंक और राहुल त्रिपाठी (21 गेंद में 15 रन) इसके बाद अगले चार ओवर तक एक भी चौका लगाने में विफल रहे जिससे 10 ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर एक विकेट पर 58 रन था। मयंक ने 11वें ओवर में अपना और टीम का सातवां चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अमन खान को कैच दे बैठे। वार्नर ने 13वें ओवर में गेंद इशांत शर्मा को थमाई जिन्होंने राहुल त्रिपाठी को पवेलियन भेज कर कप्तान के फैसले को सही साबित किया। कुलदीप ने अगले ओवर में अपनी गेंद पर अभिषेक त्रिपाठी (पांच रन) का कैच लपका तो वहीं अक्षर ने कप्तान एडेन मार्कराम (तीन रन) को बोल्ड कर हैदराबाद की मुश्किलें बढ़ा दी। वाशिंगटन सुंदर ने 17वें ओवर में नोर्किया के खिलाफ चौका जड़ने के बाद एक रन लेकर टीम का शतक पूरा किया। इसी ओवर में हेनरिच क्लासेन ने टीम का पहला छक्का लगाकर जरूरी रन गति को कुछ कम किया। उन्होंने अगले ओवर में मुकेश कुमार के खिलाफ दो चौके लगाए तो वही सुंदर ने ओवर को तीसरा चौका जड़ा। आखिरी दो ओवर में सनराइजर्स को 28 रन की जरूरत थी और नोर्किया ने क्लासेन को आउट कर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलई। सुंदर ने चौका लगाकर मैच का रोमांच बनाए रखा। आखिरी ओवर में हालांकि मुकेश कुमार ने 13 रन का बचाव करते हुए महज छह रन दिए और मैच दिल्ली के नाम कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारीः** वार्नर का ब्रुक बो सुंदर 21,साल्ट का क्लासेन बो भुवनेश्वर 00, मार्शपगबाधा नटराजन 25,खान का भुवनेश्वर बो सुंदर 10,पांडे रन आउट (सुंदरा क्लासेन) 34, खान का अभिषेक बो सुंदर 04,पटेल बो भुवनेश्वर 34,पटेल रन आउट (क्लासेन) 05, नोर्किया रन आउट (उमरान । क्लासेन) 02,कुलदीप नाबाद 04,इशांत नाबाद 01, अतिरिक्तः (लेग बाईः 02 , वाइडः 02) 04,कुल योगः (20 ओवर में नौ विकेट पर) 144 रन, **विकेट पतनः** 1-1, 2-39, 3-57, 4-58, 5-62, 6-131, 7-134, 8-139, 9-139,**गेंदबाजी**-भुवनेश्वर 4-0-11-2, यानसन 2-0-27-0, सुंदर 4-0-28-3,नटराजन 3-0-21-1,मार्कंडेय 4-0-34-0,मलिक2-0-14-0, मार्कराम 1-0-7-0

**सनराइजर्स हैदराबाद पारीः** ब्रुक बो नोर्किया 07,अग्रवाल का अमन बो अक्षर 49,त्रिपाठी का साल्ट बो इशांत 15, शर्मा का एवं बो कुलदीप 05,मार्करामबो अक्षर 03,क्लासेन का अमन बो नोर्किया 31,सुंदर नाबाद 24,यानसन नाबाद 21,**अतिरिक्तः** (नोबॉलः 01) 01, **कुल योगः** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 137 रन,विकेट पतनः1-31 , 2-69 , 3-75, 4-, 5-85 , 6-126,**गेंदबाजीः** इशांत 3-0-18-1, नोर्किया 4-0-33-2,कुमार3-0-27-0, पटेल,कुलदीप 4-0-22-1,मार्श2-0-16-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## धोनी ने कोलकाता के दर्शकों के बारे में कहा, वे मुझे विदाई देने का प्रयास कर रहे हैं



**कोलकाता।** ईडन गार्डंस पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी पहन कर आए थे जिस पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कोलकाता के दर्शक शायद उन्हें उचित विदाई देना चाहते हैं। धोनी ने आईपीएल को अलविदा कहने का अभी तक कोई संकेत नहीं दिया है लेकिन माना जा रहा है कि उनके चमकदार करियर का यह आखिरी सत्र हो सकता है। धोनी ने इस ऐतिहासिक मैदान पर पहली बार बिहार के रणजी क्रिकेटर के रूप में कदम रखा था लेकिन इसके बाद वह यहां के दर्शकों के प्रिय खिलाड़ी बन गए और यही वजह थी कि रविवार को बड़ी संख्या में दर्शक पीली जर्सी पहन कर आए थे क्योंकि उनका मानना था कि वे इस करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज को आखिरी बार इस मैदान पर खेलते हुए देख रहे हैं। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की 49 रन से जीत के बाद कहा, मैं इस समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहूंगा। वे बड़ी संख्या में आए थे। इनमें से अधिकतर दर्शक अगले मैच में केकेआर की जर्सी पहनकर आएंगे। वे मुझे विदाई देने की कोशिश कर रहे थे इसलिए दर्शकों का बहुत-बहुत धन्यवाद। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने इस दौरान मैदान कर्मियों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। धोनी ने केकेआर पर जीत के लिए अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की। हां, तेज गेंदबाज और स्पिनर अपना काम अच्छी तरह कर रहे हैं। हमने हमेशा विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और अगर आप उनके बल्लेबाजी क्रम को देखें, तो उनके पास निचले क्रम में बड़े हिटर हैं और हम उनका सम्मान करते हैं। बेन स्टोक्स और दीपक चाहर जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के चोटिल होने के संदर्भ में धोनी ने कहा, मैं इसे सरल रखता हूं। जो भी चोटिल हो, वह कुछ नहीं कर सकता। मैं देखता हूं कि कौन बेहतर तरीके से तैयार दिखता है और मैं देखता हूं कि किसे मौका पा सकता है और उसे प्रेरित कर सकता है। मुझे आशा है कि यह जारी रहेगा - चोटें नहीं बल्कि प्रदर्शन (हंसते हुए)।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने मुझे खुद को अभिव्यक्त करने का मौका दियाः रहाणे



**कोलकाता।** अजिंक्य रहाणे ने अपने आक्रामक तेवरों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार सभी को चौंकाया है और उन्होंने इसका श्रेय चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रहाणे ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को 29 गेंदों पर 71 रन की तूफानी पारी खेली जिससे चेन्नई ने यह मैच 49 रन से जीता। यह इस सत्र में उनका दूसरा अर्धशतक था। रहाणे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आपको एक ही चीज कह सकता हूं[8230]. मैंने वास्तव में अपनी पारी का भरपूर आनंद लिया। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हमने यह मैच जीता। रहाणे ने धोनी को श्रेय देते हुए कहा कि उन्हें केवल मौके की जरूरत थी और भारत के विश्वकप विजेता कप्तान ने उन्हें फॉर्म में वापसी के लिए यह मौका दिया। जब आप माही भाई (धोनी) की कप्तानी में खेलते हो तो आपको कई चीजें सीखने का मौका मिलता है। एक बल्लेबाज और क्रिकेटर होने के नाते आप हमेशा आगे बढ़ना चाहते हो। जिस तरह से यह प्रारूप विकसित हो रहा है मुझे लगता है कि आपको एक व्यक्ति के रूप में अपने कौशल को लगातार बेहतर करना होगा। मैं हमेशा अपनी बल्लेबाजी में सुधार करता रहा हूं। मैं अब अपने शॉट का प्रदर्शन कर पाया हूं क्योंकि चेन्नई ने मुझे इसका मौका दिया। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होने वाले इस 34 वर्षीय बल्लेबाज को नीलामी में चेन्नई ने उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए में खरीदा था।

## पीजीए टूर चैंपियंस में 11वें स्थान पर रहे अटवाल

**इरविंग।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने पीजीए चैंपियंस टूर (50 साल से अधिक उम्र वालो के लिए) के अपने पदार्पण वर्ष मे ही शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया। पीजीए टूर जीतने वाले एकमात्र भारतीय अटवाल ने पिछले महीने अपना 50वां जन्मदिन मनाया था। उन्होंने 54 होल की इस प्रतियोगिता मे 70-68-70 के कार्ड खेले तथा फुल पांच अंडर 208 का स्कोर बनाया।

## मैनचेस्टर और सिटी में होगा एफए कप का खिताबी मुकाबला

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने विक्टर लिंडेलोफ के विजई गोल की मदद से ब्राइटन को पेनल्टी शूटआउट में 7-6 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मे प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी से होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड और ब्राइटन के बीच दूसरा सेमीफाइनल नियमित समय तक गोल रहित रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। यह पहला अवसर होगा जबकि एफए कप के फाइनल मे मैनचेस्टर यूनाइटेड और मैनचेस्टर सिटी आमने-सामने होंगे।

## डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर आरोपों की जांच कर रही समिति से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपो की जांच के लिए खेल मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति से रिपोर्ट मांगी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अभी तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ सात शिकायते मिली है और उन सभी की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुख्ता सबूत मिलने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## बार्सिलोना ने रोका एटलेटिको का विजय अभियान

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड के पिछले छह मैचो से चले आ रहे विजय अभियान को रोककर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा मे खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने फेरान टोरेस के 44वें मिनट मे किए गए गोल की मदद से एटलेटिको को 1-0 से हराया जिससे वह चार साल मे पहली बार स्पेनिश लीग का खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। बार्सिलोना के 30 मैचों मे 76 अंक है और उसने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर 11 अंक की बढ़त हासिल कर ली है। रियाल मैड्रिड के 30 मैचो मे 65 अंक है।

## नैपोली ने युवेंटस को हराया, जीत सकता है सेरी ए का खिताब

**रोम।** गियाकोमो रासपदोरी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम मे किए गए गोल की मदद से नैपोली ने युवेंटस को 1-0 से हराया और वह अगले सप्ताह इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए का खिताब अपने नाम कर सकता है। इस जीत से नैपोली ने दूसरे नंबर पर काबिज लाजियो पर 17 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। नैपोली के अब 31 मैचों मे 78 अंक हो गए है जबकि लाजियो के इतने ही मैचो मे 61 अंक है। युवेंटस 31 मैचो मे 59 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## टेबल टेनिस खिलाड़ी अरुण सिंह का निधन

**जालंधर।** विश्व वेटरन्स चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता अरुण सिंह बरहाट का 29वीं मास्टर्स (अधिक उम्र के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता) राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए यहां पहुंचने के बाद निधन हो गया। वह 77 साल के थे। उनके परिवार में बेटी आत्मिका, दामाद और दो पोतियां है।

# मुंबई इंडियंस को सुलझानी होगी डेथ ओवरों की गुत्थी

## ● गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच आज

**भाषा।** अहमदाबाद



**लगातार तीन** मैचों में जीत के बाद पिछले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर फिर से जीत की राह पर लौटना है तो उसे डेथ ओवरों की गेंदबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई ने खराब शुरुआत के बाद जीत की हैट्रिक बनाई थी लेकिन शनिवार को पिछले मैच में उसे पंजाब से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम पांच ओवर में 96 रन दिए जिससे पंजाब आठ विकेट पर 214 रन बनाने में सफल रहा। गुजरात के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई को अंतिम ओवरों की खराब गेंदबाजी से निपटना होगा। मुंबई के तेज गेंदबाजों अर्जुन तेंदुलकर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर में से प्रत्एक ने उस मैच में 40 से अधिक रन लुटाए थे। अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला और उनके युवा साथी ऋतिक शौकीन ने हालांकि अच्छी गेंदबाजी की थी। मुंबई की बल्लेबाजी हालांकि मजबूत नजर आती है। कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने जहां टीम को अच्छी शुरुआत दी है वहीं सूर्यकुमार यादव का फॉर्म में लौटना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। इनके अलावा ऑलराउंडर ग्रीन और टिम डेविड ने भी बल्लेबाजी में उपयोगी योगदान दिया है। गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण हालांकि मजबूत है और ऐसे में मुंबई के बल्लेबाजों के लिए काम आसान नहीं होगा। गुजरात के गेंदबाजों की इस सत्र में स्कोर का बचाव नहीं करने के लिए आलोचना हो रही थी लेकिन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके अपने कम स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था। गुजरात की इस जीत के नायक अनुभवी मोहित शर्मा रहे जिन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने चुना गया। इस मैच में लखनऊने 136 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 ओवर में एक विकेट पर 105 रन बनाए थे लेकिन मोहित की शानदार गेंदबाजी से गुजरात यह मैच जीतने में सफल रहा। मोहित ने अंतिम ओवर में 12 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। मोहित ने जहां गुजरात के लिए शानदार प्रदर्शन किया है वहीं अनुभवी मोहम्मद शमी ने भी विकेट लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कप्तान हार्दिक पंड्या हालांकि अभी तक गेंदबाजी से कमाल नहीं दिखा पाए हैं और उनके नाम पर अभी तक केवल एक विकेट दर्ज है।

## गुजरात टाइटंस जीतने के तरीके ढूंढ रहा है और यही महत्वपूर्ण हैः मिलर

**अहमदाबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स से गुजरात टाइटंस को भले ही सात रन की जीत तोहफे में मिली हो लेकिन टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर का कहना है कि जब तक गत आईपीएल चैंपियन टीम करीबी मैच जीतने के तरीके ढूंढती रहेगी तब तक उन्हें कोई समस्या नहीं है। गुजरात के 136 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊकी टीम शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर कप्तान लोकेश राहुल के अर्धशतक की बदौलत अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद राह से भटक गई और सात रन से हार गई। मिलर ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा, इस प्रतियोगिता में लय हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है और बेहद करीबी जीत दर्ज करने से आगामी मुकाबलों से पहले हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा।

## डब्ल्यूएफआई के गतिरोध पर चर्चा के लिए आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक 27 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को कहा कि वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के मौजूदा गतिरोध को खत्म करने के लिए गुरुवार को अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक में चर्चा करेगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि खेल मंत्रालय के महासंघ के सात मई को होने वाले चुनाव रोकने और देश की शीर्ष खेल संस्था को तदर्थ समिति का गठन करने तथा इसके गठन के 45 दिन के भीतर चुनाव कराने के लिए कहने के बाद ओलंपिक संघ ने जल्द से जल्द बैठक करने का फैसला किया। सरकारी निर्देशों के अनुसार तदर्थ समिति नई कार्यकारी समिति के चुनाव तक डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों का संचालन भी करेगी। उषा ने ट्वीट किया, भारत सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय से मिलने पत्र को देखते हुए आईओए मामले की गंभीरता को समझता है।

# गुणवत्तापूर्ण खेल अवसंरचना के लिए केंद्र व राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करने की आवश्यकताः मोदी



**भाषा।** इम्फाल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश के हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को गुणवत्तापूर्ण खेल अवसंरचना प्रदान करने के लिए सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई। यहां आयोजित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामलों और खेल मंत्रियों के चिंतन शिविर को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ए प्रयास खेल जगत में एक नए भारत की बुनियाद बनेंगे और देश को एक नई पहचान भी देंगे। इस आयोजन में भाग ले रहे विभिन्न प्रदेशों के खेल मंत्रियों से उन्होंने अपने-अपने राज्यों में भी खेल से जुड़ी अवसंरचनाओं व खेल गतिविधियों को और गति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कितने ही खिलाड़ियों ने तिरंगे की शान बढ़ाई है और देश के लिए पदक जीते हैं। देश की खेल परंपरा को आगे बढ़ाने में पूर्वोत्तर और मणिपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिस तरह पूर्वोत्तर देश की सांस्कृतिक विविधता में नए रंग भरता है, उसी तरह देश की खेल विविधता को भी नए आयाम देता है।

## बेंगलुरू एफसी के सामने सुपर कप फाइनल में ओडिशा एफसी की चुनौती

**कोझिकोड,।** इंडियन सुपर लीग की उपविजेता बेंगलुरु एफसी की टीम सुपर कप फुटबॉल के फाइनल में मंगलवार को यहां जब ओडिशा एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो खिताब के लिए उसे एक बार फिर से एड़ी चोटी को जोर लगाना होगा। ओडिशा की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है तो वहीं बेंगलुरु ने 2018 में इसके पहले सत्र का खिताब जीता था। दोनों टीमें देश की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता आईएसएल के प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही थी जहां एटीके मोहन बागान ने दोनों को हराया था। ओडिशा को एटीके मोहन बागान ने प्लेऑफ में शिकस्त देने के बाद फाइनल में बेंगलुरु को हराया था। यहां के ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम में होने वाला फाइनल बेंगलुरू के लिए सत्र का तीसरा खिताबी मुकाबला होगा।

# एससीजी में तेंदुलकर के नाम पर गेट

## ● 50वें जन्मदिन पर बधाई ही बधाई

**भाषा।** सिडनी



**महान भारतीय** बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन के अवसर पर प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में सोमवार को उनके नाम पर एक गेट का अनावरण किया गया। तेंदुलकर सोमवार को 50 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने एससीजी में पांच टेस्ट मैचों में 157 की औसत से 785 रन बनाए जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 241 रहा। तेंदुलकर ने भारत के बाहर एससीजी को अपना पसंदीदा क्रिकेट मैदान करार दिया। तेंदुलकर ने एससीजी द्वारा जारी बयान में कहा, भारत के बाहर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड मेरा पसंदीदा मैदान रहा है। ऑस्ट्रेलिया के 1991-92 में मेरे पहले दौरे से ही लेकर एससीजी से मेरी कुछ खास यादें जुड़ी हैं। एससीजी में ब्रायन लारा के 277 रन की पारी के 30 साल पूरे होने पर वेस्टइंडीज के इस दिग्गज बल्लेबाज के नाम पर भी एक गेट का अनावरण किया गया। इन दोनों गेट का अनावरण एससीजी के अध्यक्ष रॉड मैकगियोच और सीईओ केरी माथेर तथा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉक्ले ने किया। खिलाड़ी अब लारा-तेंदुलकर गेट से मैदान में प्रवेश करेंगे। इन दोनों गेट पर एक पट्टिका भी लगाई गई है जिस पर इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियां और एससीजी में उनके रिकॉर्ड का वर्णन किया गया है। तेंदुलकर ने कहा, यह बड़े सम्मान की बात है कि एससीजी पर प्रवेश करने के लिए खिलाड़ी उस गेट का उपयोग करेंगे जिसका नाम मेरे और मेरे अच्छे दोस्त ब्रायन के नाम पर रखा गया है। मैं इसके लिए एससीजी और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का आभार व्यक्त करता हूं। जल्द ही एससीजी का दौरा करूंगा। मैं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से मिली इस मान्यता से बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि सचिन भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे। इस मैदान से मेरी और मेरे परिवार की विशेष यादें जुड़ी हैं और जब भी मैं ऑस्ट्रेलिया में होता हूं तो यहां का दौरा करने में मुझे हमेशा आनंद आता है।

### सभी के लिए आदर्शः कैफ

**मुंबई।** भारत के मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने कहा कि सचिन तेंदुलकर अपनी बल्लेबाजी से कई लोगों को प्रेरित करने के साथ मैदान के बाहर भी अपने व्यवहार से लगभग सभी के आदर्श रहे है। सोमवार को तेंदुलकर को 50वें जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाइयां मिली। कैफ ने एक छोटी सी कहानी याद करते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे याद है कि जब मैने कानपुर में अपना वनडे डेब्यू किया था, तब स्कूल मे स्पोर्ट्स डे का जश्न था और किसी ने मुझसे सचिन तेंदुलकर का संदेश लेने के लिए कहा था।

# उदित ने जीता प्रथम विद्या डेविड मेमोरियल शतरंज



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**छठी वरीय वाराणसी** के उदित गुप्ता ने प्रथम विद्या डेविड मेमोरियल शतरंज टूर्नामेंट का ख़िताब टाई ब्रेक स्कोर में शानदार प्रदर्शन के सहारे जीत लिया। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट लखनऊ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के सातवे व अंतिम राउंड में उदित को लखनऊ के पवन बाथम ने हराया। पवन पिछले राउंड में सुधीर वर्मा के खिलाफ एक गेम गंवा बैठे थेए दूसरी और उदित से शुरू में हार का सामना करने वाले दिग्गज आरिफ अली ने अन्य सभी गेम में जीत दर्ज की। इसके चलते अंतिम राउंड के बाद उदित वर्माए आरिफ अली व पवन बाथम के समान 6.6 अंक रहे लेकिन टाई ब्रेक स्कोर के चलते क्रमशः पहले से तीसरे स्थान तक रहे। अन्य परिणामों में सर्वश्रेष्ठ वेटरन ;60 वर्ष से अधिक वर्गद्ध में लखनऊ के कमलेश कुमार केसरवानी 4०5 अंक के साथ सबसे आगे रहे। इस श्रेणी में केके खरे और यूबी सिंह 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। लखनऊ की ऐमान अख्तर 4 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रही जबकि पूजा कश्यप 3 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर रही। बेस्ट चेस पेरेंट्स श्रेणी में तरुण गुप्ता लंदन3 अंक पहले तथा सुनील दत्ता 2 अंक दूसरे स्थान पर रहे। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि आईटी कॉलेज की प्रोफेसर डॉ अमिता डेविड ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## आइटा चैंपियनशिप सिरीज के पहले दिन हुए उलटफेर, सानिध्य, करन और वरुण पहुंचे अगले दौर में

**लखनऊ।** लखनऊ की आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में चल रहे आल इंडिया टेनिस प्रतियोगिता आइटा चैंपियनशिप सिरीज सीएस-7 के पहले ही दिन बालक वर्ग में कई उलटफेर देखने को मिले। इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्रए गोवाए केरलए बिहार और तमिलनाडु के खिलाड़ी अपना दमखम आजमा रहे हैं। पहले दिन हुए मैचों में तीन उलटफेर देखने को मिले। उत्तर प्रदेश के वरुण सिंह ने पांचवी वरियता प्राप्त यूपी के ही अंबर चेहल को सीधे सेटों में 6-0,6-3 से आसानी से हरा दिया। अंबर के पास वरुण के ग्राउंड स्ट्रोक्स का जैसे कोई जवाब ही नहीं था। इसी तरह हुए एक अन्य उलटफेर में गैर वरियता प्राप्त केरल के खिलाड़ी करन बी थापा ने उत्तर प्रदेश के तेजतर्रार खिलाड़ी और सातवीं वरियता प्राप्त माधव प्रकाश को सीधे सेटों में 7-5,6-0 से हरा दिया। माधव ने पहले सेट में मुकाबला किया पर दूसरे सेट मे जैसे उन्होंने हथियार ही डाल दिए। एक अन्य रोचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश के सानिध्यधर द्विवेदी ने महाराष्ट्र के अर्चित उमेश धूत को सीधे सेटों में 7-6,9,,7 ।5 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। उमेश धूत ने शानदार खेल दिया पर सानिध्य के फोरहैंड और स्लाइस ने आखिरकार उसे जीत दिला दी। इसी तरह गोवा के मीका सेठ ने उत्तर प्रदेश के मेहेर खोसला को बहुत आसानी से सीधे सेटों में 6.1,6.3 से हरा दिया। वहीं उत्तर प्रदेश के अनुज बाबू पांडेय ने महाराष्ट्र प्रज्ञान श्रीवास्तव को 6.2,6.0 से हरा दिया। अगले दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त ओम यादव से होगा।

## श्रीलंका पर आयरलैंड की मजबूत शुरुआत, बालबर्नी शतक से चूके

**गॉल।** कप्तान एंडी बालबर्नी (95) और पॉल स्टर्लिंग (74) के बीच तीसरे विकेट के लिए 115 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर आयरलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन सोमवार को अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 319 रन बनाए। सपाट पिच पर आयरलैंड के बल्लेबाजों को श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने ज्यादा परेशानी नहीं हुई। बालबर्नी और स्टर्लिंग दोनों शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक की ओर बढ़ रहे थे। चाय के विश्राम के बाद तीसरे ओवर में स्टर्लिंग मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 74 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाए। इसके थोड़ी देर बाद बालबर्नी रमेश मेंडिस की गेंद पर धनंजय डिसिल्वा को कैच देकर आउट हो गए। उन्होंने 163 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए।

# निर्विरोध सीएफआई के अध्यक्ष चुने गये पंकज सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**नोएडा से** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह को भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) की नैनीताल में आम सभा की वार्षिक बैठक (एजीएम) में निर्विरोध महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। मनिंदर पाल सिंह रविवार को लगातार दूसरी बार महासचिव चुने गए जबकि केरल के सुदेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। सीएफआई से मान्यता प्राप्त 26 राज्यों और बोर्डों ने एजीएम में भाग लिया। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, गुजरात, केरल, तेलंगाना के दो सदस्य कार्यकारी परिषद में चुने गए जबकि चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और अंडमान एवं निकोबार से एक-एक सदस्य को परिषद में जगह मिली। पंकज सिंह ने समर्थन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि न केवल साइकिलिस्टों बल्कि भारत के खिलाड़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं मिले और जमीनी स्तर के कार्यक्रम पर ध्यान दिया जाएगा। पंकज ने कहा, मुझे अपनी ओर से और काम करना है। साइकिलिंग सबसे लोकप्रिय खेल है लेकिन हमें इसे एलीट वर्ग के स्तर पर विकसित करना होगा। हमें जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जहां से हम सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा प्राप्त कर सकते हैं। हमें सतर्कता के साथ उन्हें निखारना होगा ।